







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ


वर्ष: 14 | अंक: 291

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 04 अगस्त, 2023

### हाईकोर्ट के फैसले के बाद ज्ञानवापी परिसर के आस-पास बढ़ी पुलिस की चौकसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट के गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दिए जाने के फैसले के बाद पुलिस ने विवादित परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय के फैसले के बाद यहां ज्ञानवापी क्रासिंग और आसपास की गलियों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसर सतर्क हैं। उच्च न्यायालय के निर्णय के पहले से ही पुलिस फोर्स सड़क पर उतर आई। दशाश्वमेध थाना प्रभारी फोर्स के साथ गश्त कर रहे हैं। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद वाराणसी जिलाधिकारी एस. राजलिंगम का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा। हम एएसआई टीम का पूरा सहयोग करेंगे। जो मदद मांगी जाएगी, वह उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

**क्या है ज्ञानवापी विवाद?:** ज्ञानवापी परिसर के स्वामित्व को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल 5 याचिकाएं दाखिल हैं। राखी सिंह और तीन अन्य महिलाओं ने वाराणसी कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित स्वयंभू विश्वेश्वर नाथ मंदिर के स्वामित्व को लेकर सिविल वाद दायर किया है। वाराणसी जिला और सत्र न्यायालय ने इस मामले में 8 अप्रैल 2021 को ज्ञानवापी का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मस्जिद की इंतजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। तर्क है कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत सिविल वाद नहीं बनता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि चूंकि भगवान विश्वेश्वर स्वयंभू हैं। प्रकृत्ति प्रदत्त हैं, मानव निर्मित नहीं हैं ऐसे में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट की धारा 4 इस पर लागू नहीं होती। स्वयंभू भगवान सतयुग से हैं। यहां 15 अगस्त 1947 से पहले और बाद में लगातार निर्बाध रूप से पूजा होती रही है। यही कारण है कि हिंदू पक्ष बार बार साइंटिफिक सर्वे की मांग करता है। वाराणसी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की ओर से ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे के आदेश के बाद 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वे पर 26 जुलाई शाम पांच बजे तक अंतरिम रोक लगा दी।

## ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# ज्ञानवापी का होगा एएसआई सर्वे

## हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की, कहा, न्याय के लिए सर्वे जरूरी है

- ज्ञानवापी सर्वे पर अब सुप्रीम लड़ाई की तैयारी, मुस्लिम पक्ष देगा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती... हिंदू पक्ष भी दायर करेगा कैविएट
- ज्ञानवापी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद काशी में जश्न का माहौल, साधु-संतों ने बजाए शंख, जमकर बजे ढोल-नगाड़े

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज करते हुए तत्काल सेशन कोर्ट के आदेश का पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का ऑर्डर दिया। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद वाराणसी में एएसआई टीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई। डीएम एस. राजलिंगम ने बताया कि कल यानी शुक्रवार से दोबारा सर्वे शुरू होगा। अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करिए, लेकिन बिना खुदाई किए। उधर, मुस्लिम पक्ष के वकील मुमताज अहमद ने कहा कि वह अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एएसआई से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू न करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से लगातार दो दिन बहस चली थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 27 जुलाई को अपने फैसले को रिजर्व कर लिया था।

### एएसआई टीम के साथ जिला प्रशासन की बैठक

कमिश्नरेट सभागार में एएसआई की टीम के साथ वाराणसी जिला प्रशासन की बैठक हुई। इसमें डीएम एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि सर्वे शुक्रवार से शुरू होगा। हिंदू पक्ष के वकील और पैरोकार ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। हिंदू पक्ष के वकील सुभाषनंदन ने कहा कि कल से सर्वे शुरू करवाने की कोशिश है। प्रशासन से सर्वे के बारे में बात करेंगे।

### हाईकोर्ट के फैसले के बाद बयानबाजी तेज, फारूक बोले, मंदिर हो या मस्जिद, सबका एक ही है

- डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सर्वे से सच्चाई बाहर आएगी। ज्ञानवापी का विवाद श्रीराम जन्मभूमि के विवाद की तरह है। निर्णय होगा...निस्तारण होगा। शिवभक्तों की मनोकामना पूरी होगी।
- समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन ने ज्ञानवापी के सर्वे के आदेश पर कहा कि हम अदालत के आदेशों का पालन करेंगे।
- भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा, ज्ञानवापी पर हाईकोर्ट का निर्णय केवल हिंदू पक्ष की जीत नहीं, बल्कि सत्य, विज्ञान, लॉजिक और पुरातत्व शास्त्र की जीत है।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मंदिर हो या मस्जिद, वह सबका एक ही है। आप उसे मंदिर में देखें या मस्जिद में, कुछ फर्क नहीं है।
- आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, हमें उम्मीद है कि न्याय होगा। क्योंकि यह मस्जिद करीब 600 साल पुरानी है और मुसलमान पिछले 600 सालों से वहां नमाज अदा करते आ रहे हैं।



### जिला कोर्ट के फैसले को तत्काल लागू करने को कहा

- हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट के फैसले पर कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को सर्वे करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने सर्वे को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि एएसआई ने अपना हलफनामा दे दिया है। कोर्ट का आदेश आ गया है, ऐसे में अब कोई सवाल नहीं बनता है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को खारिज किया है।

### इस मामले से जुड़े अदालती घटनाक्रम

- अगस्त 2021: ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में रोजाना पूजा-पाठ की अनुमति के लिए पांच हिंदू श्रद्धालुओं ने वाराणसी की दीवानी अदालत में याचिका दायर की।
- 8 अप्रैल 2022: दीवानी अदालत ने परिसर के सर्वे का आदेश दिया और अजय कुमार मिश्रा को इस काम का प्रभारी नियुक्त किया।
- 13 मई 2022: उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर में सर्वेक्षण के मद्देनजर यथास्थिति रखने का अंतरिम आदेश देने से इनकार किया।
- 17 मई 2022: सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को परिसर के अंदर के क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
- 20 मई 2022: सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सिविल जज से जिला जज को ट्रांसफर कर दिया।
- 14 अक्टूबर 2022: वाराणसी जिला अदालत ने 'शिवलिंग' जैसी आकृति की कार्बन डेटिंग की याचिका खारिज की।
- 10 नवंबर 2022: सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करने पर सहमत हुआ।
- 12 मई 2023: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आधुनिक तकनीक से 'शिवलिंग' जैसी आकृति की आयु निर्धारित करने का आदेश दिया।
- 19 मई 2023: सुप्रीम कोर्ट ने 'शिवलिंग' जैसी आकृति की आयु निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अमल को टाला।
- 21 जुलाई 2023: वाराणसी जिला अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को आवश्यक होने पर खुदाई करने सहित सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि पता लगाया जा सके कि क्या मस्जिद उस स्थान पर बनाई गई थी, जहां पहले एक मंदिर था।
- 24 जुलाई 2023: उच्चतम न्यायालय ने परिसर में एएसआई के सर्वे पर 26 जुलाई शाम पांच बजे तक रोक लगाई, उच्च न्यायालय से मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करने को कहा।
- 27 जुलाई 2023: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई सर्वे पर फैसला सुरक्षित रखा। कहा- 3 अगस्त को सुनवाई होगी।
- 3 अगस्त 2023: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई सर्वे की इजाजत दी।

# हिजबुल का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

## अहसान गाजी की मदद से बद्री कमांडो बनना चाहता था अहमद रजा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अफगानिस्तान जाकर आतंकी ट्रेनिंग हासिल करके देश में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के मंसूबे पालने वाले संदिग्ध आतंकी अहमद रजा को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस की सहारनपुर यूनिट की टीम ने बृहस्पतिवार को अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहीउद्दीन से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्त में ले लिया। उसके मोबाइल की गैलरी में हथियारों की फोटो, चैट के स्क्रीन शॉट व जिहादी वीडियो मिले हैं। इस बारे में पूछताछ में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और अपना गुनाह कबूल कर



लिया। एटीएस उसके साथी जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग निवासी फिरदौस को तलाश रही है। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली थी कि मुरादाबाद के मूढ़ा पांडे के ग्राम मिलक गुलड़िया निवासी अहमद रजा सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन व पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर्स के लगातार संपर्क में है। वह पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान जाकर आतंकी कमांडो ट्रेनिंग लेकर, भारत में आतंकी घटना अंजाम देने का मंसूबा बना रहा है। उसके खिलाफ एटीएस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास किया जा रहा है। उसके मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। उसके पास से दो मोबाइल, तीन सिमकार्ड और 1220 रुपये नगद बरामद हुए है।

## अवैध खनन पर अंकुश लगाने, राजस्व बढ़ाने और बालू मौरंग का विकल्प तलाशने के सीएम योगी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि एनजीटी के आदेशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नदियों का समय पर ड्रेजिंग कराने का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। इससे बाढ़ की समस्या का समाधान होने के साथ ही नदियों को चैनलाइज करने में भी मदद मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने खनन और सिंचाई विभाग को मिलकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा



उन्होंने प्रदेश में खनन के नये ब्लॉकों को चिह्नित करते हुए खनिज उत्पादन बढ़ाने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रदेश में ईंट उत्पादन के लिए उपजाऊ भूमि से मिट्टी निकालने की जगह वैकल्पिक स्रोतों को चिह्नित किया जाए और ईंट भट्ठों को उसके लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने एम सैंड को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया और कहा कि इससे नदी तंत्र की परिस्थितिकी को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

# अब्बास अंसारी एनडीए का हिस्सा नहीं

## डिप्टी सीएम केशव बोले, नीतीश कहीं से लड़ें चुनाव, नहीं जीतेंगे

जन एक्सप्रेस। बलिया

बलिया के एक दिवसीय दौरे पर आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने विपक्ष के गठबंधन इंडिया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर करारा हमला बोला। नीतीश कुमार को लेकर चर्चा चल रही है कि वे यूपी के फूलपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इस पर केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार चाहे फूलपुर से लोकसभा चुनाव लड़ें या बिहार से, वो कहीं से भी नहीं जीतेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये भी कहा कि अब्बास अंसारी एनडीए का हिस्सा नहीं है।



सुभासपा सहित अन्य दलों के आने से एनडीए मजबूत हुआ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि यूपी में इस समय हमारे 66 सांसद हैं। इन सीटों पर 2024 में भारी मतों से विजयी होंगे। अन्य सीटों पर भी हमारी ही जीत होगी। सपा का खाता नहीं खुलेगा। कांग्रेस नेतृत्व विहीन है। वह सिर्फ प्रधानमंत्री के विरोध तक सीमित है।

### ज्ञानवापी मामले में शिवभक्तों की मनोकामना पूरी होगी

बलिया कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद प्रेसवार्ता में उन्होंने ज्ञानवापी पर हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया। कहा कि यह सत्य की जीत है। शिवभक्तों की मनोकामना पूरी होगी। ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे से पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। पूरी उम्मीद है कि राम मंदिर की तरह इस विवाद का भी निर्णय हो जाएगा।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**तलब** पुलिस पर बिजनौर थाने का भवन सड़क पर अवैध अतिक्रमण करके बनवाने का आरोप

# सीएम साहब, जब आपकी पुलिस करे कब्जा, तो कौन चलाएगा बुलडोजर?

- हाईकोर्ट पहुंचा मामला, बेंच ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को तलब किया
- मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 31 मई 2022 में जवाब मांगा था
- पूछा था कि थाना बनाने के लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं
- काफी समय बीत जाने के बाद भी कोर्ट को जवाब नहीं दिया गया

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** अवैध निर्माण और कब्जों पर योगी सरकार का बुलडोजर जमकर कहर बरपा रहा है। उनके इस कदम की सराहना भी हो रही है। लेकिन राजधानी लखनऊ में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। आरोप है कि बिजनौर थाना पुलिस द्वारा अतिक्रमण कर बनाया गया है। पुलिस के आला अधिकारियों के स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो मामला हाईकोर्ट पहुंचा। न्यायालय को भी पुलिस द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने के कारण हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को तलब कर लिया है। जानकारी के मुताबिक न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। किसी भूमाफिया या दबंग पर नहीं इस बार अतिक्रमण का आरोप उत्तर प्रदेश पुलिस पर है। लखनऊ हाईकोर्ट में ऐसे ही एक चौंकाने वाले मामले की सुनवाई होने जा रही है। यहां पुलिस पर ही सड़क पर अतिक्रमण कर थाने बनवाने का आरोप है। इस मामले में हाईकोर्ट की बेंच ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को तलब किया है। अब थाने का अतिक्रमण हटता है या नहीं, या फिर कब हटेगा यह कोर्ट के आदेश पर निर्भर करेगा।

### दाखिल की गई जनहित याचिका

इस मामले में लखनऊ उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इसमें पुलिस पर बिजनौर थाने का भवन सड़क पर अवैध अतिक्रमण करके बनवाने का आरोप लगाया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 31 मई 2022 में जवाब मांगा था। साथ ही, हाईकोर्ट ने यह भी पूछा था कि थाना बनाने के लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं। काफी समय बीत जाने के बाद भी कोर्ट को जवाब नहीं दिया गया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए हाइकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को तलब किया।

### एक कमरे वाली चौकी बदल गई बड़े थाने में!

बताया जा रहा है सीआरपीएफ चौराहे पर साल 2012 से 2014 के बीच चौकी का निर्माण किया गया था। शुरुआत में यह सिर्फ एक कमरे की थी, मगर धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ने के बाद यहीं से थाना चलाया जाने लगा। थाना बनने के चलते सड़क पर जाम रहता है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, यह भी बताया जा रहा है कि चौराहे से 500 मीटर की दूरी पर थाने के लिए जमीन प्रस्तावित है।



## बृजभूषण सिंह पर अवैध खनन का आरोप, एनजीटी ने बनाई जांच समिति

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर अवैध खनन कराने की शिकायत का राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने संज्ञान लेते हुए जांच समिति गठित करने का आदेश दिया है। एनजीटी ने शिकायत में लगाए गए आरोपों और तथ्यों की पड़ताल के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं मौसम परिवर्तन, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और गोंडा के जिलाधिकारी की संयुक्त जांच समिति बनाने के निर्देश दिया हैं। एनजीटी ने संयुक्त समिति को निर्देश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर तत्काल बैठक करे। साथ ही, जिन इलाकों में अवैध खनन की शिकायत की गई है।

# अस्पताल के निर्माण का कार्य अगस्त माह में पूर्ण न होने पर संस्था के अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्यवाही: डीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरूवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने हाईट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल सहित जो सभी सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 20 बेड के अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। प्रत्येक दशा में माह अगस्त में कार्य पूर्ण कराएं। अगर अगस्त माह में पूर्ण नहीं होंगे तो आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ठेकेदार तथा हाईट्स से वसूली भी की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि एक कमेटी बनाकर इनके कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया को निर्देश दिए कि कार्यदाई संस्था आवास विकास को शासन से उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए धनराशि कब प्राप्त हुई है, इसकी जानकारी कर अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन गांव में निर्माण कार्य के लिए भूमि सम्बन्धित समस्या है, तो सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी व कार्यदायी संस्था की पूर्ण जिम्मेदारी है कि उप जिलाधिकारियों से संपर्क कर निस्तारण कराएं। उन्होंने सहायक अभियंता आवास विकास को निर्देश दिए कि तुरगवां, बराछी, हिनौता, सकरौली, दहिनी, बराछ, कटैया डाडी, कोपा, चकौध आदि जगहों पर कार्यों की प्रगति बहुत धीमी है। निर्माण कार्यों को श्रम शक्ति बढ़ाकर तेजी से कराएं। सीएनडीएस से कहा कि आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। साथ ही विद्युत फिटिंग आदि कराकर अक्टूबर माह तक हैंड ओवर कराएं। पैक्सफेड संस्था को निर्देश दिए कि अपने स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं नहीं तो आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को समय से पूरा कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया आदि मौजूद रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### नकल विहीन संपन्न हुई सीसीसी की परीक्षा



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सीसीसी कम्प्यूटर कोर्स की परीक्षाएं जनपद के राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में गुरुवार को सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 100 कम्प्यूटरों की हाईटेक लैब तैयार की गई। जिसमें कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए 2 गज की दूरी की व्यवस्था के साथ कम्प्यूटर लैब एक व दो में 50-50 कम्प्यूटरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई, जो सीसी टीवी कैमरों की निगरानी में प्रारंभ हुई। सीसीसी की ऑनलाइन परीक्षा प्रभारी मनीशंकर तिवारी नीलेट संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार लखनऊ, केन्द्र व्यवस्थापक सुभाष चंद्र साहू प्रबंध निदेशक आरसीएसएम की देखरेख में प्रारंभ हुई। परीक्षा में 50-50 का बैच बनाया गया। साथ ही चार बैचों में परीक्षा हुई। प्रथम बैच प्रातः 8:30 बजे से 10:00 बजे तक, द्वितीय बैच 11:00 से 12:30 बजे तक, तृतीय बैच 1:30 से 3:00 बजे तक एवं चैथा बैच 4:00 बजे से 5:30 बजे तक परीक्षाएं चली। परीक्षा में कुल 315 परीक्षार्थी थे। जिसमें 60 अनुपस्थित रहे एवं 255 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर इनविजीलेटर ज्योति साहू, विनीता सिंह, रिजवाना, अमीर हसन, आशीष कुमार, राजीव सिंह एवं लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।

### सोलर पावर पार्क के लिए काश्तकारों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** टुस्को लिमिटेड (सरकारी उपक्रम) द्वारा स्थापित की जा रही 800 मेगावाट चित्रकूट सोलर पावर पार्क के लिए मऊ तहसील के अंतर्गत 10 गांव की भूमि अनुबंध का कार्य प्रगति पर है। लगभग 42 फीसदी भूमि अनुबंध की जा चुकी है। इसी परिपेक्ष में उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने गाहुर के किसानों को परियोजना में भूमि अनुबंध करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं क्षेत्र के विकास में परियोजना की भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार विवेक कुमार, परियोजना के अपर महाप्रबंधक संजय महर, वरिष्ठ प्रबंधक पीके भट्ट व प्रधान साकेत बिहारी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गांजा कारोबारी को एक साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ पकड़े गए गांजा कारोबारी को त्वरित न्यायालय ने एक वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 22 दिसंबर 2022 को बरगढ़ थाने के तत्कालीन उप निरीक्षक प्रभु नाथ यादव और आरक्षी चंदन विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 35 में हर्दी कला मोड़ के पास ललई गांव के निवासी तुलसीदास दुबे पुत्र शंकरलाल को गिरफ्तार किया था। जिसके पास तलाशी मे 1.100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करते हुए एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। गिरफ्तार होने के बाद लगभग सात माह से अधिक समय से आरोपी जेल में ही बंद है। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी तुलसीदास दुबे को एक वर्ष का कठोर कारावास और 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओ ने बताया पर्यावरण मे पौधो की भूमिका

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2023 के तहत चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में पौधरोपण का कार्यक्रम मे जिलाधिकारी ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की मूर्ति पर मल्यार्पण कर किया और स्कूल परिसर में परिजात का पौध रोपित किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत् गीत, पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की भागीदारी को छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेड़ो की महत्ता के बारे में मनमोहक प्रस्तुति किया। जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि जीवन के लिए स्वच्छ पानी और हवा की अति आवश्यक है इसके बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि एक पौध रोपित करे और संरक्षित भी करे। छात्र-छात्राओं से कहा की जीवन में खुश रहना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। सकारात्मक सोच से आगे बढ़े, प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल होने से निराश न हो बल्कि उससे भी सीखे, जिंदगी एक इंद्रधनुष की तरह है जिसमे जिंदगी के अलग-अलग रंग है, जीवन में सीखने की चाहत हर समय होना चाहिए। यह समय आप लोगो के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ में पर्यावरण संरक्षण का संतुलन बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि पर्यावरण जीवन के बुनियादी आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रबंधक चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल संजय श्रीवास्तव, प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीआरआई के संरक्षक थे मदन दास, रहा गहरा लगाव

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

**अस्थि कलश आज आएगा चित्रकूट, 6 अगस्त को प्रयागराज में प्रवाहित होंगी अस्थियां**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं दीनदयाल शोध संस्थान के संरक्षक मदनदास देवी का बीती 24 जुलाई को बेंगलुरू के अस्पताल में निधन हो गया। 25 जुलाई को उनके परिजनों की उपस्थिति में पुणे में उनकी अंत्येष्टि की गई। चार अगस्त को प्रातः उनका अस्थि कलश चित्रकूट लाया जाएगा। चित्रकूट में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अस्थि कलश दर्शनार्थ रहने के बाद रविवार को अस्थियाँ प्रयागराज में प्रवाहित की जाएगी। शुक्रवार को चित्रकूट में मदन दास की पावन स्मृति में दीनदयाल शोध संस्थान के विवेकानन्द सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं डीआरआई के पालक अधिकारी सुरेश सोनी सहित देश भर से दीनदयाल शोध संस्थान के प्रबंध मंडल के सदस्यों के साथ चित्रकूट के आसपास के जिलों से विविध क्षेत्रों के लोग चित्रकूट आकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गौरतलब है कि मदन दास राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के देहावसान के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अधिकारी के नाते दीनदयाल शोध संस्थान के संरक्षक एवं मार्गदर्शक थे, उनका चित्रकूट से गहरा लगाव भी रहा है।

चित्रकूट प्रवास के दौरान उनका अधिकांश समय आरोग्यधाम में व्यतीत हुआ है। अस्वस्थ होने के बाबजूद भी सबसे मिलना जुलना, सामूहिक परिक्रमा उनकी दिनचर्या का हिस्सा रहा।

# यूक्रेन से डॉक्टरी की पढ़ाई कर सकुशल चित्रकूट लौटे आकाश गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत

**समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने खुशी के मौके पर किया खीर का भंडारा**

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी रामबाबू गुप्ता के सुपुत्र आकाश गुप्ता के यूक्रेन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद सकुशल चित्रकूट पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल समेत सैकडों लोगों ने फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। वहीं इस मौके पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने बस स्टैण्ड स्थित अपने प्रतिष्ठान मे खीर बंटवाकर खुशी का इजहार किया। रूस और यूक्रेन के बीच छिडी भीषण जंग के बीच चित्रकूट जिले का एक होनहार आकाश गुप्ता एमबीबीएस की पढाई कर रहा था। न्यूज चैनलों में भीषण बमबारी की खबर देख समाजसेवी रामबाबू गुप्ता और उनका परिवार सुपुत्र आकाश की सलामती के लिए हमेशा चिंतित रहता था।

वहीं गुरूवार को एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर यूक्रेन से सकुशल लौटे डा0 आकाश गुप्ता को देख उनके परिवार के साथ-साथ गृह जनपद चित्रकूट वासियों की खुशी का ठिकाना नही रहा। समाजसेवी पिता रामबाबू गुप्ता के बस स्टैंड स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्या, संगठन मंत्री महेश जायसवाल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक केशरवानी, समाजसेवी महेंद्र जायसवाल, हबीब खां आदि मौजूद रहे सैकडों लोगों ने विदेश से डाक्टरी की डिग्री लेकर भारत लौटे आकाश गुप्ता का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि चित्रकूट के युवा आकाश का यूक्रेन में पढाई करना बडे गौरव की बात है। उन्होने कहा कि चित्रकूट के लोगों को चिकित्सीय सेवा देने का आकाश का संकल्प अत्यंत सराहनीय है। वहीं पूर्व सांसद श्री मिश्र ने कहा कि माता-पिता के संस्कार ही बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करते है। उन्होने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच भीषण जंग होने के बावजूद आकाश ने बिना डरे अपनी पढाई पूरी की यह बहुत की सराहनीय है। आने वाले समय में चित्रकूट के लोगों को आकाश गुप्ता से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी।इस मौके पर सभी ने डा0आकाश गुप्ता के दीर्घायु होने आगे पथ पर अग्रसर होने की शुभकामनाये दी।इस मौके पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने खीर प्रसाद का वितरण किया।

# कुशीनगर के अपर मुख्य अधिकारी के दुराचार के मामले में जिला जज ने सुनाई सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

चित्रकूट में तैनाती के दौरान लगभग चार साल पहले दुराचार के आरोप में फंसे कुशीनगर के अपर मुख्य अधिकारी को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने दोष सिद्ध होने पर 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 26 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 4 सितम्बर 2019 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीडिता की तहरीर पर कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस को दी गई तहरीर में पीडिता ने बताया था कि वह गरीब होने के कारण जिला पंचायत के तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा के यहां एक साल से घरेलू कार्य करने जाती थी। जहां वह खाना बनाने और झाडू पोछा का कार्य करती थी।

कुछ दिन तक काम करने के बाद अपर मुख्य अधिकारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि उसके तीन बच्चे हैं और पत्नी का निधन हो गया है। ऐसे में बच्चों और गृहस्थी को चलाने के लिए उसे दूसरी शादी करना है। इसके बाद सजातीय होने का हवाला देते हुए शादी का झांसा देकर उससे नजदीकीयां बढाकर शारीरिक उत्पीडन करने लगा। पीडिता के अनुसार अप्रैल 2018 में आरोपी के यौन शोषण के कारण वह गर्भवती हो गयी। इसकी जानकारी होने पर आरोपी ने शादी का आश्वासन देते हुए गर्भपात करा दिया।

कई महीनों तक आरोपी का शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ बलात्कार करता रहा। इसके बाद पीडिता के मई 2019 में फिर से गर्भवती होने पर आरोपी अपर मुख्य अधिकारी नाराज हो गया और शादी की बात कहने पर गाली गलौच करते हुए गर्भपात कराने को कहा। गर्भपात से मना करने पर पीडिता को आरोपी ने अपहरण कराने और जान से मारने की धमकी दी।

न्याय चला निर्धन की ओर अभियान के तहत यह मामला सामने आने पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए जाने पर कर्वी कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया था। साथ ही पीडिता का चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने के बाद आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने इस मामले में सजा सुनाई। जिसमें दोष सिद्ध होने पर अपर मुख्य अधिकारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा को 10 वर्ष कठोर कारावास और 26 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## जिला कारागार में बंदियों को दी गयी विधिक जानकारी



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बंदियों को नशीली दवाओं, धूम्रपान और शराब से होने वाली हानियों से सचेत करते हुए जानकारी दी। इसके अलावा पशु क्रूरता तथा पशु संरक्षण अधिनियम एवं नालशा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला कारागार के अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर राजीव कुमार सिंह, रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, बृजकिशोरी उप कारापाल व जेल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

# कलयुग नहीं कथा युग का है वर्तमान समय: अनुराग शास्त्री

जन एक्सप्रेस | पहाड़ी, चित्रकूट

श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन गुरूवार को भागवताचार्य आचार्य अनुराग शास्त्री ने कहा कि 17 पुराण को लिखने के बाद जब वेद व्यास को शांति नहीं मिली तब भागवत संहिता श्रीकृष्ण की लीलाओं को लिखकर आत्मशांति प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग और योग मार्ग के रास्ते पर चले तो जरूर भगवद प्राप्ति होगी है। इस मार्ग में चलना आसान नहीं है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में भगवान को प्राप्त करने के लिए तीन मार्ग बताए हैं। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में सभी वर्ण, जाति, धर्म, सम्प्रदायों का समान अधिकार निहित है। यह संहिता संप्रदाय रहित है। उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से शिव की शरण में जाने से व्यक्ति के सारे दुर्गुण सदुण में बदल जाते हैं। भगवान शिव का अवतार इस संसार में करुणा करने के लिए हुआ है। हम कहते हैं कि यहां कलयुग है, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यह कथायुग है। अगर प्रभु की कथा नहीं होती तो भला मानव रुपी कुटिल पापी जीवों का उद्धार संभव नहीं था। इसलिए प्रथम भक्ति को सुनने के लिए शुकदेव जी ने कथा का वर्णन किया है। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से स्वतः ही जप, पूजा, पाठ, कीर्तन, स्मरण, आत्म निवेदन बन जाएगा। यदि कथा सुनना नहीं बना तो कुछ भी नहीं बनेगा। भागवताचार्य ने ध्रुवा चरित्र, कपिल, जड भरत, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाकर श्रोताओं में आकर्षण व श्रद्धा समर्पण भाव बताया।

# डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये कहा कि शासन के निर्देशानुसार सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ कर मजबूत करने के दृष्टिगत जनपद में निष्क्रीय सहकारी समितियों को सक्रिय किया जाय। जिलाधिकारी श्रुति ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय सहकारी डाटा बेस से विश्लेषण के अनुसार बहुउद्देसीय पैक्स, प्राथमिक डेरी, मत्स्य सहकारी समितियों को कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन कराया जाय। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की आय बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करे। साथ ही संबंधित हितकारो से समन्वय बनाकर सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया जाय। सहकारी समितियों के निबंधक द्वारा नई प्राथमिक साहकारी समितियों के पंजीकरण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय। पंचायत-ग्राम स्तर पर प्राथमिक सहकारी समितियों को सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा व लाजिस्टिक सहायता प्रदान कराया जाये।

# समेकित शिक्षा अंतर्गत पेरेंट्स काउंसलिंग का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर



ब्लॉक संसाधन केंद्र ऐरायां में खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को परामर्श प्रदान करने हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मॉडल पर्सन के रूप में प्राथमिक विद्यालय मंडवा के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पैरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन वर्ष में तीन बार किया जाएगा। इस कार्यक्रम के पश्चात् माह सितंबर में दूसरी काउंसलिंग तथा माह नवंबर में तृतीय काउंसलिंग आयोजित किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए अभिभावकों की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण है स्टीफन हॉकिंस, अरुणिमा सिन्हा, अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण देते हुए उनसे सीखने और शिक्षा को एक अस्त्र के रूप में प्रयोग करने की भी सलाह दिया। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में स्पेशल एजुकेटर सुरेश कुमार एवं अनिल कुमार द्वारा दिव्यांगता के बारे में जानकारी बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास एवं उपलब्ध सुविधाओं आदि के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया गया। दूसरे सत्र में प्रीती केसरवानी द्वारा प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की समस्याओं के संबंध में अभिभावकों से गहन विचार-विमर्श कर व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। मॉडल पर्सन के रूप में उपस्थित अश्वनी कुमार द्वारा उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया गया और दिव्यांगता को अभिशाप नहीं बल्कि जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा देने वाला बताया गया। कार्यक्रम में एआरपी अजय सिंह एवं डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र तथा अभिभावक कुसमा देवी, संगीता, फूल कली, सुशील कुमार, प्रहलाद सिंह, उदय नारायण, प्रेम प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया।

# हिंदू संगठनों ने हरियाणा घटना के विरोध में आतंकवाद का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



हरियाणा के मेवात में निकाली जा रही यात्रा पर उपद्रवियों द्वारा किए गये हमले से नाराज हिंदूवादी संगठनों ने पटेलनगर चैराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए इस घटना में शामिल उपद्रवियों को कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग किया।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी पटेलनगर चैराहा पहुंचे। जहां आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। तत्पश्चात् वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा प्रांत में जो घटना घटित हुई है वह अत्यंत निंदनीय है। इस घटना में एक श्रद्धालु की जहां मौत हो गई वहीं कई घायल हो गये हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस घटना के जिम्मेदार वह लोग हैं जो दंगाईयों को भड़काते हैं उनके भड़काने के कारण ही मोहर्रम व रामनवमी जुलूस पर हमले होते हैं। मांग किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित करके कड़ी से कड़ी सजा दिया जाय। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हरियाणा के मेवात के नूंह में जिहादियों द्वारा हिंदुओं की शोभा यात्रा पर किए गए हमले व दिल्ली के नांगलोई में जिहादियों द्वारा उन्माद के बाबत राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर डा. विजय शंकर मिश्र, राहुल अग्निहोत्री, उमाशंकर त्रिपाठी, आकाश तिवारी, विजय, राजेंद्र सिंह, दिनेश कुमार मौर्य, संदीप चैहान, प्रभात त्रिपाठी, अंशुमान बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों में शिथिलता क्षम्य नहीं: डीएम

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

आईजीआरएस के लंबित संदर्भो के निस्तारण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से करें। सभी कार्यालयाध्यक्ष प्रतिदिन अपना पोर्टल स्वयं खोलकर देखें कोई भी शिकायत डिफॉल्टर श्रेणी में न आने पाये। शिकायतकर्ता से फोन में संपर्क कर शिकायतों का निस्तारण किया जाये। निस्तारण आख्या में शिकायतकर्ता की बात को भी दर्शाया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतों का फीडबैक लेने के लिए एक फीडबैक सेल बनाया जाय। उन्होंने कहा कि किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के ट्यूटर हैंडल नहीं बने हैं, बनाते हुए सक्रिय रहकर उनकी भी शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार किया जाय।

सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही-शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल, उप जिलाधिकारी खागा, बिंदकी, सदर सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। शुक्रवार। 04 अगस्त 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 03- 07 अगस्त 2023 के मध्य मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.0 (-2.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 71 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 9.8

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश त्रिवेदी द्वारा किदवई नगर के रत्नालय ग्रीन गेस्ट हाउस में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से एपिड योजना के अंतर्गत बीते दिन गुरुवार को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक महेश त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।शिविर में 152 दिव्यांग लाभार्थियों को लगभग पैंतीस लाख सत्तर हजार रुपए कीमत के 275 सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। विधायक महेश त्रिवेदी ने लाभार्थियों को पौधा देकर सम्मानित भी किया।कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांग लाभार्थी सक्षम और समर्थ हैं। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलंबी, सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा के साथ जोड़ने का यह एक प्रयास है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सलिल विश्नोई, अरुण पाठक, नीलिमा कटियार, पूनम द्विवेदी, जिलाध्यक्ष डॉ.वीना आर्या पटेल, सुनील बजाज, स्वप्निल वरुण, बालचंद्र मिश्र, सुरेश अवस्थी, रघुनंदन भदौरिया, एलिम्को के वरिष्ठ प्रबंधक अनुपम प्रकाश, विनय मौर्य सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 275 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग नाम देकर दिव्यांग जनों को सम्मानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सभी दिव्यांग जनों में कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है। केवल उसे निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार कार्य कर रही है। हमारे सभी दिव्यांग भाई, बहन देश के विकास की मुख्यधारा में शामिल हो । कार्यक्रम में 65 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 54 ट्राई साइकिल, 11 फोल्डिंग व्हीलचेयर ,76 बैसाखी, 25 वाकिंग स्टिक, 12 रोलेटर, एक सुगम्य केन और 30 कान की मशीन का वितरण किया गया।

# अवैध रूप से संचालित न्यू सिटी मेडिकल सेंटर की खबर प्रकाशित होने के बाद संचालक ने लगाया ताला

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे




**जन एक्सप्रेस खबर का असर**

**कानपुर नगर।** मानक विहीन हॉस्पिटलों की सूची में न्यू सिटी मेडिकल सेंटर का नाम शीर्ष पर है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों को ताक पर रखकर हॉस्पिटल का संचालक किया जा रहा है। जिस बिल्डिंग में न्यू सिटी मेडिकल सेंटर संचालित है वह बिल्डिंग ही मानक के अनुरूप नहीं है। छोटे से कमरे में न्यू सिटी मेडिकल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। मजे की बात तो यह है कि अभी तक हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन कंप्लीट नहीं हुआ है।
ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र ने बीते काफी समय से मानक विहीन अस्पतालों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। 1और 2 अगस्त को जन एक्सप्रेस समाचार पत्र में न्यू सिटी मेडिकल सेंटर के बारे में खबर प्रकाशित की गई थी जिसके बाद गुरुवार को खबर का असर देखने को मिला जब जन एक्सप्रेस समाचार पत्र का रिपोर्टर हॉस्पिटल का चित्र लेने पहुंचा तो हॉस्पिटल में ताला लटका हुआ मिला। सूत्रों की माने न्यू सिटी मेडिकल सेंटर गैरकानूनी तरीके से संचालित किया जा रहा है। हॉस्पिटल में एक भी ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं है। बताया जा रहा है कि अस्पताल संचालक के पास फार्मासिस्ट की डिग्री है। नर्सिंग स्टाफ की बात करें नर्सिंग स्टाफ अनट्रेंड है। कुल मिलाकर फार्मासिस्ट महोदय मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे ही अस्पताल में उपचार कराने के बाद मरीजों की हालत बिगड़ जाती है और मरीज अपनी जान तक से हाथ धो बैठता है। सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस अस्पताल के बारे में जानकारी ही नहीं है। क्षेत्र में ऐसे कई हॉस्पिटल है जो मानकों को ताक पर रखकर हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का हंटर मानक विहीन न्यू सिटी मेडिकल सेंटर पर कब चलता है।

# कल्याणपुर के जोन 6 में बंदरों का आतंक, खौफ से छत पर नहीं जाते लोग




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्यानपुर जोन 6 में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आवास विकास तीन में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां बंदरों के आतंक से लोग अत्यधिक परेशान हैं। वहीं नगर निगम इस गंभीर मुद्दे पर अभी भी चुप्पी साधे हुए है। नगर निगम में बंदरों के आतंक को लेकर आये दिन शिकायतें आ रही हैं, लेकिन नगर निगम यह कहकर कन्नी काट ले रहा है कि वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की अनुमति नहीं है। आवास विकास चौकी के आसपास मोहल्लों में बंदरों का जबरदस्त आतंक बना हुआ है। वह लोगों के घरों में घुसने के साथ ही राह चलते लोगों के हाथों से सामान छीन रहे हैं और लोगों पर हमला कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का रास्ते पर अकेले निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है जिनके छतों पर पानी की टंकी बनी हुई है। पानी की तलाश में बंदर पानी की टंकी से जुड़े पाइपों को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं। लंबे समय से बंदरों को पकड़ने की मांग हो रही है। लेकिन अब तक इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया है।

# बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंखों के मरीज पहुंचे ढाई सौ तक, स्वास्थ्य केंद्र से ड्रॉप लापता

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरौल में इन दिनों प्रतिदिन एडिनो कंजेक्टिवाइटिस वायरस आंखों की मरीजों की संख्या 3 सैकड़ा के पार हो गई है। डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि किस समय आंखों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हाथ साफ सफाई रखना आंखों को ठंडे पानी और बर्फ से दिन में दो बार सिकाई करना और डरावने बार-बार आंखें रगड़ने से दिक्कतें बढ़ती हैं और यह 7 दिनों में ठीक हो जाती हैं अगर घर में एक व्यक्ति को है तो दूसरे को छूने से ही फैलती है धीरे-धीरे पूरे घर में फैल जाती है घबराने की जरूरत नहीं है डॉ दिलीप कटियार ने बताया कि मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है बच्चों में बीमारी देर से ठीक हो रही है अस्पताल पहुंचकर वहां की दशा देखकर और मरीजों ने बताया दोपहर के बाद दवा वितरण में आंखों के ड्रॉप खत्म हो जाते हैं जिस पर मरीज हो हल्ला मचाते हैं गुरुवार को दोपहर को दवा वितरण खिड़की पर लंबी लाइन लगी थी लेकिन आंखों की ड्राप खत्म हो चुके हैं वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सुबह आए थे अब इस समय खत्म हो गए हैं प्रतिदिन स्टॉक आता है और मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है जिसके चलते ड्रॉप खत्म हो जाते हैं फार्मासिस्ट गुप्ता ने बताया कि स्टॉक है एक बार स्टॉक सुबह दिया जाता है फिर खत्म होने पर दिया जाता है जब तक पहुंचता है तब तक मरीज शोरगुल मचाते हैं।

# जालसाजों ने एडवोकेट के नाम पर जीएसटी में रजिस्ट्रेशन करा किया करोड़ों का खेल

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा
हिमांशु दीक्षित




**कानपुर नगर।** जालसाजों के अब हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह न्याय के मंदिर में कार्यरत अधिवक्ताओं के साथ भी धोखाधड़ी करने से नहीं चूक रहे हैं। कानपुर कचहरी में कार्यरत एक अधिवक्ता के नाम से जालसाजों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी की फार्म का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया और उससे करोड़ों के बारे न्यारे भी कर डाले। जालसाज अपना खेल खेलते रहे लेकिन जब अधिवक्ता अपने आईटीआर को दाखिल करने के लिए सीए के पास गए तो जालसाजों की करतूत खुलकर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर कचहरी में अधिवक्ता का कार्य करने वाले अशोक कुमार राजभर जो कि चकेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम अस्पताल के कैंपस निवासी हैं । अधिवक्ता 31 जुलाई को अपना आइटीआर फाइल कराने के लिए सीए के पास गये तो उनको पता चला कि 20 लाख रुपए की टैक्स लायबिलिटी उनके ऊपर आ रही है और उनकी बिना जानकारी के एक जीएसटी फॉर्म उनके नाम से चलाई जा रही है। उन्होंने जीएसटी ऑफिस में पता किया तो जानकारी मिली कि इस जीएसटी फर्म से लगभग 7 करोड़ 64 लाख 13 हजार 9 सौ 54 रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया है। जानकारी प्राप्त होने पर पीड़ित अधिवक्ता अशोक कुमार राजभर द्वारा थाना चकेरी में तहरीर दी गई। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर गणेश पराशर ने कहा कि पीड़ित की हर सम्भव मदद पुलिस द्वारा की जायेगी। फिलहाल इस प्रकार की जालसाजी ने यह तो स्पष्ट कर दिया है कि फर्जीवाड़े का खेल जालसाज अकेले नहीं खेल रहे हैं जीएसटी में कार्यरत कई जिम्मेदार भी इनके खेलों में शामिल हो सकते हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ओम मण्डली 11 अगस्त को गाएगी वन्देमातरम गीत




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। ओम मण्डली शिव शक्ति अवतार वसुधैव कुटुम्बकम फाउंडेशन की संचालिका ओम पुष्पलता ने गुरुवार को जर्नलिस्ट क्लब में प्रेसवार्ता कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश मे आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की घोषणा की है और इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन को जाग्रत करना है। इसी उद्देश्य के तहत ओम मंडली संस्था ने 11 अगस्त को रायपुर छत्तीसगढ़ के साइंस कॉलेज मैदान में देश वासियों का आवाहन किया है। सभी स्कूल कालेज सरकारी, गैर सरकारी धार्मिक और आध्यत्मिक स्थलों में एकत्र हॉकर साइंस कॉलेज मैदान पहुँचे जहाँ लाखों लोग एक साथ वंदे मातरम गीत गाकर भारत माता का गुण गान किया जाएगा और इसके अलावा जो किसी कारण वश साइंस कॉलेज मैदान नही पहुँच सकते है वो 11 अगस्त को यू-ट्यूब में ओम मण्डली चैनल पर सीधे प्रसारण से जुड़े और वन्दे मातरम गीत गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएँगे। प्रेसवार्ता में ओम पुष्पलता, ओम मणि, ओम अंजली, ओम बृजेश मौजूद थे।

### गहोई वैश्य कल्याण समिति कानपुर द्वारा राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त की 137वीं जयंती पर हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। गहोई वैश्य कल्याण समिति कानपुर द्वारा बीते दिन गुरुवार को राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त का 137वाँ जयंती समारोह मोतीझील के तुलसी उपवन में मनाया गया। इस अवसर पर सभी गहोई वैश्य कल्याण समिति कानपुर के नव निर्वाचित सदस्यों ने मोतीझील में स्थित राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। समिति के संयोजक किशन चंद्र निगोतिया ने उनकी खूबसूरत कविता का पाठ करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं सोहित गुप्ता ने एक कविता के साथ समा बांधा। कार्यक्रम में समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा गुप्त जी को पुष्प अर्पण किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष गुलाब चंद्र नगरिया, महामंत्री माणिक लोहिया , उपाध्यक्ष मुरारी लाल गहोई, मयंक गहोई, मोहन नगरिया, संजय सुहाने आदि मौजूद रहे।




### सीएसए के कुलपति ने निदेशक प्रसार के साथ दलीप नगर के फसल प्रक्षेत्र का किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बीते दिन गुरुवार को निदेशक प्रसार डॉ. आर.के.यादव एवं निदेशक शोध डॉ. पी.के.सिंह के साथ संयुक्त रूप से कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के फसल प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। कुलपति ने प्रक्षेत्र पर धान की फसल के क्राफ्ट कैफेटेरिया की प्रजाति वार पट्टिकायें लगवाये जाने की बात कही। जिससे किसान आसानी से धान की प्रजातियो को पहचान सकें। कुलपति ने धान की फसल में रोगिंग करने व प्रक्षेत्र अधीक्षक प्रमोद कुमार को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। कुलपति ने विषय वार वैज्ञानिकों से बातचीत कर कृषकों के मध्य अधिक से अधिक नवीनतम तकनीकों के पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाए जाने चाहिए जिससे कि पर्यावरण शुद्ध रह सके। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह के साथ डॉ. खलील खान, डॉ. राजेश राय, डॉ. शशिकांत, डॉक्टर निमिषा अवस्थी आदि मौजूद रहे।



### बुजुर्ग रिटायर्ड बैंक कर्मी को जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर पुलिस ने कमिश्नर के आदेश पर एक बिल्डर कंपनी के एमडी पर धोखाधड़ी और जान से मारने का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड बैंक कैशियर आरके नगर 80 फिट निवासी सतीश चंद्र मिश्रा उम्र 71 वर्ष ने ए.सी. कपूर लैंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमटेड के एमडी ए सी कपूर के खिलाफ दर्ज कराया है ।सतीश चंद्र मिश्रा ने पुलिस को बताया कि साल 2003 में उन्हीने ऐ सी कपूर से 90 हजार रुपये में 200 वर्ग गज प्लाट नारामऊ के महर्षि नगर में लिया था ।जिसे बाद में गुपचुप ढंग से ऐ सी कपूर ने किसी और बेच दिया था ।इस पर जब उन्होंने एतराज किया तो उन्हें दूसरी जगह प्लाट देने को कहा ।इसके बाद कई बार पैसा मांग लेकिन पैसे नही मिले। इसके बाद उन्हें इसी साल 24 अप्रैल को नारामऊ के पास ही एक दूसरी साइट पर प्लाट दिखाने को बुलाया ।आरोप है कि जब वह वहां पहुचे तो ऐ सी कपूर ने उनके साथ गालीगलौज करने के साथ धमकी दी बोला कि अगर दुबारा पैसे मांगने या प्लाट की बात की तो गोली मार देंगे।

### पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। गुजैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर गांजा तस्कर के पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।
गुजैनी थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक धवल परितोष मय हमराहियों सहित गुरुवार को वनपुरवा सिंह तिराहे के ओर गस्त करते हुए जा रहे थे इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को दबोचा पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम ओमकार निवासी के ब्लॉक कच्ची बस्ती गोवर्धन थाना नौबस्ता बताया तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के थैले में 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ सख्ती से पूछताछ पर ओमकार ने बताया कि गांजा बेचकर अपने घर का खर्चा चलाता है।

# सभी दिव्यांगों की पेंशन एक सप्ताह में हो जारी, नहीं तो होगा आंदोलन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




हजारों दिव्यांगजनों की पेंशन इसलिये रोक दी है कि उनके राशन कार्ड नहीं बने है। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बैठक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में हुयी। बैठक में चेतावनी दी गयी कि सरकार ने सभी दिव्यांगजनों की पेंशन एक सप्ताह में जारी नहीं किया तो राष्ट्रीय विकलांग पार्टी आन्दोलन को बाध्य होगी।
राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बैठक में कहा कि जिनके पास राशन कार्ड है और उनकी पेंशन सरकार ने रोक दी है ऐसे सभी दिव्यांगजन अपनी पास बुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति लेकर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पर्क करें। जिससे शासन व प्रशासन पर पेंशन के लिये दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों कि पेंशन बन्द करने की साजिश कर रही है। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी इसका सबको पर उतर कर विरोध करेगी। वीरेन्द्र कुमार ने सभी दिव्यांगजनों का राशन कार्ड बनाने के लिए सरकार से मांग करती है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, दिलीप कुमार, गौरव कुमार, जितेन्द्र गुप्ता कमलेश कुमार सिंह, इसरार अहमद, दिलीप कुमार, बंगाली शर्मा, दिनेश यादव आदि शामिल थे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, हत्या करवाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में कानपुर विकास प्राधिकरण के लीगल पैनल में शामिल सीनियर अधिवक्ता यूएस आहूजा की कार में बीते दिन गुरूवार को लखनऊ-कानपुर रोड पर बनी के पास आनन्दी मैजिक के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार कर गाड़ी को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिवक्ता का आरोप है कि उनकी गाड़ी में किसी साजिश के तहत उनकी हत्या करवाने के उद्देश्य से ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी देते हुए अधिवक्ता यूएस आहूजा ने बताया कि उनकी कार में बीते दिन गुरूवार को लखनऊ-कानपुर रोड पर बनी के पास आनन्दी मैजिक के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी है। केडीए के अधिवक्ता का आरोप, ट्रक ड्राइवर द्वारा लगातार दो बार टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से भिड़ कर कार चार राउंड पलटी है और उसके परखच्चे उड़ गए।कार में अधिवक्ता के साथ उनके अधिवक्ता बेटे उत्कर्ष आहूजा भी सफर कर रहे थे। अधिवक्ता का कहना है कि राजस्व परिषद में एक %नामचीन% बिल्डर की अरबों रुपए की जमीन से जुड़े केस की तारीख से लौटते समय हुई दुर्घटना के पीछे बड़ी साजिश की संभावना लग रही है। सूचना पर क्षेत्रीय थाना पुलिस ने दुर्घटना की छानबीन करनी शुरू कर दी है।



# ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हुई अभद्रता पर डॉक्टरों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



जिला अस्पताल में अक्सर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों के साथ मारपीट व अभद्रताएं होती रही है, परंतु कार्यवाई के नाम पर कुछ खास ना होने के कारण अपराधिक प्रवित्त के लोगों का हौंसला बढ़ गया है। तो दूसरी तरफ अस्पताल के डॉक्टर्स व अन्य क्रमचारी में अपनी सुरक्षा और सम्मान को लेकर ड़र बना हुआ है। मामला स्वशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ.अनिल से जुड़ा हुआ है, डॉ.अनिल बृहस्पतिवार को ओपीडी में बैठकर मरीजों को देख रहे थे, उसी दरम्यान शौर्यवर्धन सिंह नाम का व्यक्ति डॉ.अनिल के पास पहुंचा और अपने शस्त्र लांइसेंस के कागजात पर उनसे रिपोर्ट लगाने के लिए कहा। डॉ.अनिल ने कहाकि आपको कुछ देर रुकना होगा, जो मरीज पहले से बैठे है और उन्हें दिक्कत है, पहले उसे देख ले, इस बात से शौर्यवर्धन सिंह गुस्से में आ गए और डॉक्टर को भला-बुरा कहते हुए सीएमएस डॉ.एसके गोयल के पास चले गए। डॉ.गोयल ने एक कर्मी को उनके साथ भेजकर अन्य डॉक्टरों को सूचित करते हुए कह दिया की शौर्यवर्धन सिंह का कार्य देख लीजिए। बहरहाल मामला शांत हो गया था, लेकिन कुछ समय पश्चात शौर्यवर्धन सिंह आधा दर्जन से अधिक लोगों को लेकर डॉ.अनिल की ओपीडी में घुस गए और अभद्रता शुरू कर दिया।

आरोप है कि शौर्यवर्धन ने डॉक्टर पर हमला करने का प्रयास किया, मेडिकल कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन हो गया। मरीज ओपीडी से इधर-उधर भागने लगे, थोड़ी देर में सभी ओपीडी बंद हो गई। सारे डॉक्टर्स सीएमएस कार्यालय में में इकठ्ठे हो गए। मौके पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. सलिल श्रीवास्तव पहुंचें, तहरीर कोतवाली नगर को दी गई। सूत्रों की मानें तो मुकदमा भी गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ है, उधर डॉ.अनिल ने अपनी जांन-माल की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई है, दूसरी तरफ प्राचार्य ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि यदि एक सप्ताह में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही नही किया तो मेडिकल कॉलेज की सेवाएं बंद की जाएगी। सीएमएस डॉ.एसके गोयल ने कहाकि हमारे डाक्टर व कर्मचारियों के साथ इस तरह से मारपीट, अभद्रता व अपमानित किया जाएगा। तो हमें सेवाएं देने में मुश्किल आएगी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. आर के मिश्रा ने कहाकि आए दिन इस तरह से इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक में होता रहता है, हमें अपमानित किया जाता है, अभद्रताएं की जाती है, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए, अन्यथा की स्थिति आगे जटिल हो जाएगी।

# कांवड़ यात्रा के जरिए विद्या भारती के संस्कृति बोध परियोजना का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



पवित्र श्रावण माह में विवेकानंद नगर ज्ञानकुंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के नौनिहालों ने कांवड़ यात्रा निकाल नजदीकी शिव मंदिर में जलाभिषेक किया।

कांवड़ यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू की गई जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भगवान शिव एवम पार्वती के रूप में लोगो के आकर्षण का केंद्र बन गए। यह यात्रा शास्त्रीनगर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार पांडेय ने बताया कि आज के दिन विद्या भारती की ओर से संस्कृति बोध परियोजना का उद्घाटन समारोह है जिसके उपलक्ष्य में समाज भारतीय संस्कृति मान बिंदुओं एवम प्रकृति से आने वाली पीढ़ी जुड़ी रहे। इसके लिए संस्कृति बोध परियोजना के माध्यम से इस तरीके के कार्यक्रमों का आयोजन कर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जीवन मूल्यों की महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हम सभी लोगों को भारत वर्ष को पुनः विश्वगुरु के रूप स्थापित करने का संकल्प लेना है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य शीतला शंकर मिश्र, प्रबंधक डॉ. रामजी गुप्ता, आरती दुबे, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य बलवंत सिंह, संरक्षक डॉ देवी रमण त्रिपाठी, मंत्री बाल कल्याण हरिदर्शन राम, सभासद अजय कुमार सिंह, विनय श्रीवास्तव, राम सुख शुक्ला, पुजारी राम प्रताप शर्मा एवं विद्यालय के आचार्य बंधु समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय कूरेभार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्रावास, छात्राओं की संख्या, क्लासरूम, सीसीटीवी कैमरा, रसोई, स्टोर रूम में उपलब्ध खाद्य सामग्री, साफ-सफाई, शौंचालय आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर सभी स्टाफ की जानकारी प्राप्त की गयी, जिसमें वार्डेन सहित कुल 06 शिक्षिकाएं कार्यरत हैं, एक शिक्षिका आकस्मिक अवकाश पर थी। उपस्थित छात्राओं की संख्या-88 थी। जिलाधिकारी द्वारा रसोई घर के निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। वार्डेन द्वारा अवगत कराया गया कि राशन पूर्ति का टेण्डर न होने के कारण राशन बाहर से खरीदा जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र टेण्डर कराने हेतु निर्देशित किया गया। भोजन मेन्यू के हिसाब से बना हुआ पाया गया। जिसमें आलू और लौकी की सब्जी शामिल थी। उन्होंने रसोईयॉ को निर्देशित करते हुए कहा कि किचन की साफ-सफाई नियमित रूप से की जाय। उन्होंने कहा कि सब्जी काटने के लिये एक बेंच की व्यवस्था कर लें, फर्श पर बैठकर सब्जी न काटे। उन्होंने पका हुआ भोजन छात्राओं को परोसने हेतु एक और डाइनिंग टेबल की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा छात्रावास निरीक्षण के दौरान विश्राम कक्ष की साफ-सफाई किये जाने, टुटू पंखे बदलवाने, विस्तर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिये गये। उन्होंने छात्राओं का होमवर्क चेक किया। अंजू वर्मा की कापी चेक करने के दौरान उसके हैण्डराइटिंग की प्रशंसा की। वार्डेन द्वारा पीआरडी जवानों की राशन लाने में सहयोग न करने के लिये जिलाधिकारी से शिकायत की गयी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पीआरडी जवानों को राशन लाने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नहर कटने से पचास बीघा फसल जलमग्न



जन एक्सप्रेस | चांदा/सुलतानपुर

स्थानीय क्षेत्र से होकर गुजरी रामगंज रजबहा नहर की पटरी शुकुल उमरी गांव के पास दक्षिण तरफ से गुरुवार की सुबह कट गयी जिससे दर्जनों किसानों के करीब पचास बीघा फसल जलमग्न हो गयी। नहर किनारे लगे धान जहां तेजगति से जल प्रवाह होने से बह गये वहीं किसानों के खेतों में बोया गया उड़द गन्ना तिल्ली मूंग आदि फसलों में जलभराव होने से फसलें ख़राब हो गयी।

नहर कटने की सूचना किसानों ने नहर विभाग के जिलेदार सींचपाल वेलदार से लेकर जेई तक को जानकारी के बावजूद यहां कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौके तक नहीं पहुंचा है। जिससे कटान बढ़ती जा रही है। गुरुवार की सुबह शुकुल उमरी के किसान जब अपने खेतों की तरफ गये तो नहर की पटरी कट गयी थी जिससे नहर का पानी किसान रामफेर यादव, स्वामीनाथ दुबे छोटेलाल सिंह, ओमकार यादव, मनोज यादव, उमाशंकर गोस्वामी, हरिलाल गोस्वामी, बसन्त गोस्वामी, बाल्मीकि यादव, माधव समेत दर्जनों के खेत पूरी तरह जलमग्न हो गये।

दोपहर तक कोई भी जिम्मेदार नहर विभाग का कर्मचारी नही पहुंच सका जिससे पटरी को सही कराकर पानी को रोका जा सके। प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने नहर कटान से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का मुआवजा दिलाये जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। वहीं अवर अभियंता आदर्श कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है नहर की पटरी पर काम हो रहा है।

## ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर लेकर चोर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस/चाँदा/सुलतानपुर।** चाँदा क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान पर चोर बीती रात ताला तोड़कर लाखों का जेवर उठा ले गए। पूरा मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र के गारवपुर बाजार का है जहां पर राजेश ज्वेलर्स के नाम से राजेश सोनी की एक ज्वेलरी की दुकान है जिसे चोरों ने अपना निशाना बनाया राजेश सोनी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बीते दो अगस्त को वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए सुबह जब मकान मालिक ने दुकान का ताला टूटा हुआ देखा तो वह राजेश को फोन किए तथा मामले की जानकारी दी। राजेश ने बताया कि जब यह दुकान पर पहुंचे तो अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखा हुआ 7 किलोग्राम चांदी 35 से 40 ग्राम सोने का आभूषण चोर लेकर फरार हो गए हैं । साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी मची हुई है सूचना के बाद मौके पर पहुंची चाँदा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस सम्बन्ध में गारवपुर चैकी इंचार्ज सुरेश पटेल से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गौशाला से कुपोषित बच्चों के लिए दुधारू गाय उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोवंश सुपर्दगी अभियान में ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण मिशन में चिन्हित अति कुपोषित बच्चों व लाभार्थियों को ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से दुधारू गोवंश की सुपुर्दगी करायी जा रही है। जिसके तहत बृहस्पतिवार को रहमतगढ़, इनरिया, किटियावॉ राजपुर कौहार पनियार, कपूरीपुर अलीपुर, विराज व लोधवरिया गौशाला से पन्द्रह गाएं लाभार्थियों को सुपुर्द की गईं। अब तक कुल 406 गोवंश की सुपुर्दगी कराया जा चुका है। इस क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बताया कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति नजदीकी गौशाला में अपनी पसन्द का गोवंश ले सकते हैं। गोवंश संरक्षण हेतु सरकार द्वारा उन्हें प्रतिमाह नौ सौ रूपए प्रतिमाह दिया जायेगा तथा इस अभियान से सभी लोग जुड़कर गोवंश को गौशाला से ले जाकर देखरेख करें जिससे उनके परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा।

### थम नहीं रहा अवैध शराब का धंधा

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को रानी सागर, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 तिलोई मय हमराह स्टाफ मनोज कुमार राजेश सिंह, कौशल सिंह, सभी प्रधान आबकारी सिपाही, आबकारी सिपाही मय संविदा वाहन के ग्राम खानापुर चपरा, धोबहा थाना मोहनगंज, बलाई का पुरवा थाना इन्हौना में दबिश देकर करीब 48 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 300किग्रा लहन मौके पर नष्ट कर 2 मुकदमें पंजीकृत किये गये। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री, हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

### यूरिया वितरण में गड़बड़ी होने पर करें शिकायत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि जनपद में खरीफ के मौसम में किसानों को उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। लगभग 58000 बोरी यूरिया की एक रैक और आ गई है। इस रैक से खाद का वितरण सहकारी क्षेत्र के 110 उर्वरक बिक्री केंद्रों को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूरिया की एक और रैक गुरुवार को जिले में आ गई है। इस रैक के आने से किसानों की यूरिया की मांग काफी कुछ पूरी हो जाएगी। पिछले सप्ताह तक बफर स्टॉक 16700 बैग एवं 29000 बैग इफको के आवंला प्लांट से साधन सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई गई। यूरिया किसानों को जोतबही देखकर बांटी जा रही है। इसका वितरण भी सहकारी क्षेत्र के सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों के माध्यम से कराया जाएगा। उर्वरक विक्रेताओं की ओर से पीओएस मशीन पर आधार कार्ड के माध्यम से यूरिया का वितरण किया जा रहा है। कहीं से भी वितरण में किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने पर किसान जिला कंट्रोल रूम 7839882412 पर शिकायत कर सकते हैं।

### नए थाना प्रभारी ने संभाली कमान

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** थाना परिसर में पूर्व थाना प्रभारी तरुण पटेल के स्थानांतरण के पश्चात भावभीनी विदाई दी गई तथा नए थाना प्रभारी अवनीश कुमार चौहान का स्वागत किया गया। उक्त विदाई में समस्त थाना स्टाफ द्वारा पूर्व थाना प्रभारी के कार्यकाल तथा सामाजिक स्तर पर मिलनसार व अपने कार्य के प्रति हमेशा गंभीर होने की सराहना की गईं। नए थाना प्रभारी के रूप में अवनीश कुमार चौहान ने पदभार संभाला। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्षेत्र में पूर्व की तरह अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था को लेकर कार्य किए गए हैं। इसी प्रकार कार्य आगे भी किए जाएंगे। साथ ही क्षेत्र की जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित करते हुए पुलिस और पब्लिक के बीच का जो संबंध है उसे मजबूत कर क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी अपराधिक गतिविधि हो या फिर अवैध शराब का कारोबार हो इन सभी चीजों को पूरी तरह जड़ से खत्म करने का प्रयास किया जाएगा।

### पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक संगठन हुआ मुखर



**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी की संयुक्त कार्य समिति की आवश्यक बैठक बृहस्पतिवार को गौरीगंज में सम्पन्न हुई। बैठक में 10 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली रैली में दिल्ली जाने, सदस्यता शुल्क, पेंशन बहाली संघर्ष शुल्क,संगठन की मजबूती, जनपदीय निर्वाचन अधिवेशन, महिला मोर्चा गठन, निष्क्रिय ब्लाकों को सक्रिय करने पर महामंत्री श्रीराम सोनी द्वारा चर्चा-परिचर्चा करायी गयी। प्रवीण कुमार सिंह अध्यक्ष भादर द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि जो भी ब्लॉक ईकाईयां निष्क्रिय हो गयी हैं। उन्हें प्रयास करके सक्रिय किया जाय। सुनील सिंह अध्यक्ष तिलोई ने प्रस्ताव रखा कि पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन दिल्ली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। धीरेन्द्र शुक्ला अध्यक्ष शाहगढ़ ने प्रस्ताव रखा कि जनपदीय संयुक्त कार्य समिति की बैठक क्रमवार प्रत्येक ब्लॉक में करायी जाय। उपस्थित समस्त पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया। संरक्षक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति समर्पित होकर ईमानदारी से शिक्षकों की सेवा करने की प्रेरणा दी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारियों का आवाहन किया कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु सभी ब्लाकों से अधिक से अधिक शिक्षकों को प्रतिभाग करायें। सभी पदाधिकारियों से समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु कहा। जिससे हम सब शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बने।अपने- अपने ब्लाकों में महिला मोर्चा का गठन अनिवार्य रूप से करायें। आप सब आश्वस्त रहें, शिक्षकों के लम्बित कार्य हर स्तर पर निस्तारित कराये जायेंगे। बैठक में शिक्षक संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया। अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा शिविर में बन्दियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। समाज में आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ापन है जिसको दूर करने के लिए शिक्षा की अत्यधिक जरुरत है। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरुद्ध बन्दियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है।

# हिटलरशाही और तानाशाही से परेशान पीड़ित दलित छात्र को न्याय दिलाने हेतु किया गया धरना-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




प्राथमिक विद्यालय इब्राहीमपुर (बिबियापुर) की प्रधानाचार्य कंचन पाण्डेय व शिक्षा मित्र रीता बाजपेयी की हिटलरशाही और तानाशाही से परेशान होकर एवं कक्षा-4 का पीड़ित दलित छात्र राजा सोनकर को न्याय दिलाये जाने को लेकर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकगणों नें सामाजिक संगठन विश्वदलित परिषद उ0प्र0 जनपद-रायबरेली के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुरील के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय से दोनों शिक्षिकाओं को तत्काल हटाये जानें एवं पुलिस अधीक्षक महोदय से पीडित दलित छात्र का डॉक्टरी कराकर मुकदमा दर्ज करनें का सम्बोधित मांग-पत्र अतिरिक्त उपजिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा। परिषद के शहर अध्यक्ष रोहित सोनकर नें कहा कि प्राथमिक विद्यालय इब्राहीमपुर की प्रधानाचार्य कंचन पाण्डेय व शिक्षामित्र रीता बाजपेयी की हिटलरशाही एवं तानाशाही से विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत बच्चों को दूध व फल वितरण न करनें की मनमानी व शिकायत को लेकर दलित छात्रों के साथ जातिवाद भेदभाव मानसिकता से उत्पीड़न कर आये दिन बच्चों को मार-पीट कर स्कूल से नाम काट कर भगा देने की धमकी देती हैं और विद्यालय की शैक्षिक माहौल को दूषित कर रही है इन हिटलरशाही एवं तानाशाही शिक्षिकाओं की रवैय्या से अभिभावकगण परेशान हैं इन दोनों जातिवादी शिक्षिकाओं को तत्काल हटाये जाने की मांग करते है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुरील नें कहा कि प्रधानाचार्य कंचन पाण्डेय एवं शिक्षा मित्र रीता बाजपेयी द्वारा आये-दिन स्कूल में पढने वाले दलित छात्रों के साथ जातिवादी भेदभाव मानसिकता से उनका उत्पीडन करती है घटना दिनांक 19.07.2023 को उक्त विद्यालय में एक सांप निकल आया था जिसको लेकर रंजिशन कक्षा-4 में पढ रहे दलित छात्र राजा सोनकर को इन दोनों शिक्षिकाओं नें बुरी तरह मारा-पीटा था जिससे उसके शरीर व कान में अंदरूनी चोटें आयी थी और उसको सुनाई नहीं दे रहा है प्रधानाचार्य कंचन पाण्डेय के पति शैलेश पाण्डेय शिक्षक नेता के प्रभाव से नगर कोतवाली में पुलिस द्वारा पीडित दलित छात्र राजा सोनकर का उत्पीडन का मुकदमा नहीं लिखा गया और न ही उसकी डॉक्टरी करायी गयी जो निन्दनीय है। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष मनोज गौतम, उमेश उर्फ गोलू, प्रदीप यादव, आशीष कुमार, आर0एस0 यादव, राम निवास गौतम, विजय वर्मा, हंश कुमार, देवनरायन, जितेन्द्र, रवि सैनी, रामदेव बाबा, अहरोवादीन, मंगली पासी एवं अर्जुन सोनकर, रेखा सोनकर, शिवा, अशोक कुमार, राम नरेश चैधरी, रोशन लाल, नीरज, कृपाशंकर चैधरी आदि विद्यालय के अभिभावगणों नें जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक रायबरेली से पीडित दलित छात्र राजा सोनकर की डॉक्टरी कराकर इन दोनों हिटलरशाही और तानाशाही शिक्षिकाओं के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर स्कूल से तत्काल हटाये जाने एवं पीडित दलित परिवार को न्याय दिलाये जाने की मांग किया।

# जहां हरियाली है, वहीं खुशहाली हैं: डॉ शशिकान्त शर्मा

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



'अब ये बंजर धरती करे हैं तुमसे पुकार, एक पौधा लगाकर करो श्रृंगार' पौधा रोपण के अपने वादे क्रमशः आगे बढ़ाते हुए जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के संस्थापक डॉ शशिकान्त शर्मा ने वृक्षारोपण का वादा पूरा करते हुए शहर के और भी कई वार्डो में पौधे रोपित किए। इसके लिए शहर के हर वार्ड में संस्थान अपने निजी श्रोत से पौधों का रोपण करा रहा है। साथ ही उनको बचाने के लिए ट्री-गार्ड की सुरक्षा भी दे रहा है। यह अभियान निरन्तर एक-एक आगे बढ़ता जा रहा है।

बृहस्पतिवार को अभियान के तहत शहर के वार्ड नंबर 32, 29, 20, 21, 31 में पौधारोपण किये गये। सभासद राम खेलावन बारी ने कहा कि पेड़ मनुष्य को ऑक्सीजन तथा स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं। पेड़ सूरज की रोशनी लेकर प्रकाश संश्लेषण या फोटो-सिंथेसिस प्रक्रिया द्वारा हवा से कार्बन' डाइऑक्साइड लेकर हमें हमें ऑक्सीन प्रदान करते हैं। ऑक्सीजन हमारे तथा सभी जीव-जंतुओं के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ने हमेशा जनहित कार्य हेतु शिक्षण कार्य करके समाज को बेहतर बनाने में तो अपना योगदान दे ही रहा है अब सामाजिक कार्यो में भी कदम दर कदम आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम कर रहा हैं। इसके लिए संस्था प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा कोटिशः धन्यवाद के पात्र है। संस्था प्रबन्धक शर्मा जी ने कहा कि पेड़ों की जड़े बारिश के पानी को धरती के नीचे (भूमिगत) स्तर पर पहुंचाने का काम भी करतीं हैं और साथ ही जल संरक्षण, मृदा अपरदन को रोकने में और मिट्टी संरक्षण करने में विशेष योगदान देती हैं। अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार 1 एकड़ वन 6 टन वायु से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर उसे अवशोषित करता है तथा वापस वायु में 4 टन ऑक्सीजन डालता है। यह 4 टन ऑक्सीजन 18 लोगों की वार्षिक जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य रखती हैं। पेड़ हमें हर रूप में कुछ-न -कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ गाड़ियों तथा कारखानों से निकली कार्बन डाइऑक्साइड गैस को अपने भोजन बनाने की प्रक्रिया में इस्तेमाल करके बदले में हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण की इस मुहिम में भगवान भोलेनाथ के दो अलग-अलग मन्दिर प्रांगणों में आंवला, बेल, बरगद और शमी के पौधे रोपित किये।

## रोटरी क्लब सेवा कार्यों में योगदान देने वाले सदस्य सम्मानित

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रोटरी क्लब, रायबरेली का आभार अभिव्यक्ति कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शहर के सिविल लाइंस स्थित रायबरेली क्लब सभागार में आभार अभिव्यक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एस. एल. चंदवानी, संजय सबरवाल, विमल तलरेजा और अरविंद श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वृक्षारोपण अभियान और अधिष्ठापन कार्यक्रम के लिए जहां राकेश कक्कड़ का अभिनंदन किया गया, वहीं कैरियर काउंसिल कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजेश शर्मा को सम्मानित किया गया। कानूनी रूप से समाज को जागरूक करने के लिए बेहटा खुर्द में हुए भव्य कार्यक्रम और महिला स्वच्छता पर हुए कार्यक्रम के लिए राजीव भार्गव को सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सशक्तिकरण पर अटौरा में संपन्न हुए कार्यक्रम के लिए विवेक सिंह का सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सचिन मेहरोत्रा, उमेश सिकरिया, विकास दीक्षित, विजय सिंह, राकेश चंदानी, वी. एन. गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, सुशांत टंडन का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं सचिव संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, पी. एस. सलूजा, डॉ. ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, अमित लुनिया, राजेश वर्मा, पवन गुप्ता, राकेश पांडेय, गोविंद खन्ना, संजय जीवनानी, रजनीश कपूर, गौरव सिंह, करुण कंसल, करनदीप मोंगा, विनोद मिश्रा, कपिल कपूर, प्रखर गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, सुरेश चौधरी, राघव मुरारका, डॉ. राकेश राजपूत, अमित अग्रवाल, अभिषेक गोयल, संदीप जैन का भी अभिनन्दन किया गया।

# आईएफएस एसके शर्मा बने यूपी के मुख्य वन संरक्षक

## वन विभाग में अफसरों की खींचतान से मुख्यमंत्री नाराज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



वन विभाग में हुए क्षेत्रीय वन अधिकारियों के ट्रांसफर पर काफी बवाल मचा है। मुख्यमंत्री के दखल के बाद चयन समिति की संस्तुति पर 1988 बैच के आईएफएस अफसर सुधीर कुमार शर्मा को यूपी के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर तैनात किया गया है। सीएम ने सख्त लहजे में ताकीद भी की है कि विभाग और शासन में समन्वय बना कर रखा जाए ताकि पूर्व में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

1986 बैच की आईएफएस ममता दुबे ने अपने रिटायरमेंट के 3 दिन पहले शासन को बिना जानकारी दिए लगभग 70-100 क्षेत्रीय वन अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए थे जिसको लेकर शासन प्रशासन में काफी हड़कम्प मच गया था।

हालांकि जांच में ये बातें निकल कर सामने आ रही हैं कि यह मामला नियम पालन से ज्यादा आपस के वर्चस्व का ज्यादा था जिसे ढ्ढस् बनाम ढ्ढस्न्स् की लड़ाई भी कहा जा सकता है क्योंकि जब यह ट्रांसफर किए गए तो 1986 बैच की ढ्ढस्न्स् अधिकारी ममता संजीव दुबे की तरफ से अपने से जूनियर आईएएस अधिकारी 1989 बैच मनोज सिंह को इसकी जानकारी नहीं दी गई।

### ट्रांसफर को निरस्त कर दिया गया

दूसरी तरफ अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार द्वारा तबादलों की जानकारी ना मिलने पर छुट्टी के दिन भी आदेश जारी कर इन 70-100 वन क्षेत्राधिकारियों के ट्रांसफर को निरस्त कर दिया गया, साथ ही विभागीय जांच भी बिठा दी गई।

### मुख्यमंत्री विभाग की कार्यशैली से नाराज

मुख्यमंत्री ने पूरे मामले में जब दखल दिया और एक अपर मुख्य सचिव स्तर के आईएएस अफसर को इस पूरे मामले की जांच करने को कहा तो जांच में काफी सारी खामियां निकल कर सामने आईं। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में वरिष्ठ अफसरों के आपसी मनमुटाव को इस तरह से पब्लिक करने से भी खासे नाराज हैं। मामले में वन विभाग से जुड़ी कई फाइलों में शासन स्तर पर ढेरों अनियमितता पाए जाने के बाद से मुख्यमंत्री ने पंचम तल के बड़े अफसरों के भी पेंच कसे और भविष्य में फाइलों के निस्तारण को ठीक करने को बोला है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वन विभाग की अन्य शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उसकी जांच कराने के आदेश भी अपने अफसरों को दिए हैं।

### पौधरोपण अभियान के कारण ट्रांसफर पर थी रोक

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में पौधरोपण अभियान की शुरुआत 22 जुलाई से की गई थी। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 30 करोड़ पौधे लगाए जाने हैं। स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त के दिन भी प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगाए जाने हैं। इस कारण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से प्रदेश में होने वाले ट्रांसफर प्रक्रिया पर रोक लगाई गई थी। इसको बढ़ाकर 30 सितंबर 2023 तक करने का आदेश जारी किया गया लेकिन 15 अगस्त के पौधरोपण से पहले ही विभागाध्यक्ष ममता संजीव दुबे ने नियमों को ताक पर रखते हुए 100 क्षेत्रीय वन अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए।

## बोर्ड की बैठक में प्रो.विक्टर को शामिल करने पर रोक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बीबीएयू यानी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक से जुड़ा नया सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। बैठक के ठीक 10 दिन पहले गुपचुप तरीके से बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर दिनेश राज मोदी को हटाकर उनकी जगह विश्वविद्यालय के हिस्ट्री विभाग के प्रो.एस. विक्टर बाबू को शामिल किया गया था।

बाद में बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। अब कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप किया हैं। हाईकोर्ट ने स्टे देते हुए प्रो.दिनेश राज मोदी को बड़ी राहत दी हैं। दरअसल 23 जून को बायोटेक बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर दिनेश राज मोदी को ब्व्हरू यानी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बैठक से हटाते हुए उनकी जगह प्रोफेसर एस. विक्टर बाबू को शामिल किया गया था। दलील यह दी गई कि प्रो. एस.विक्टर बाबू ही सीनियर मोस्ट प्रोफेसर हैं। इस बदलाव के ठीक 10 दिन बाद 83वीं बीओएम यानी प्रबंध समिति की बैठक 4 जुलाई को हुई। इस बैठक में कई अहम प्रस्ताव पेश किए गए साथ ही कुछ लिफाफे भी खोले गए।

## केजीएमयू की तीसरी मंजिल से गिरी 3 साल की बच्ची

### रेलिंग के पास खेलते हुए अचानक हुआ हादसा, गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



ञ्चत्रूरू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज की ओल्ड ह्रक्कष्ठ में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। ह्रक्कष्ठ की तीसरी मंजिल से एक 3 साल की बच्ची खेलते समय नीचे गिर गई। फिलहाल गंभीर हालत में इसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। बच्चे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई हैं।

ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉक्टर संदीप तिवारी ने बताया, करीब 3 साल की बच्ची ह्रक्कष्ठ बिल्डिंग से अचानक से नीचे गिर गई थी। उसे गंभीर हेड इंजरी हुई हैं। बच्चे को फिलहाल इंक्यूबेट किया गया। अभी भी उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक गोण्डा के परसौना गांव निवासी जुबैर की बेटी सबा की आंखों का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। बीती 13 फरवरी को उसकी आंख का ऑपरेशन हुआ था। पिता जुबैर का कहना है कि बेटी को मोतियाबिंद था। ऑपरेशन के बाद रूटीन जांच के लिए परिवारीजन माही को लाए थे। पुराने ओपीडी भवन के तीसरे तल पर नेत्र रोग विभाग की ओपीडी का संचालन होता है। डॉक्टर की सलाह पर सुबह करीब 9 बजे माही की आंख में दवा डाली गई थी। इसी दौरान मां अपने दूसरे बच्चों को संभालने लगीं और माही खेलते हुए रैम्प के पास पहुंच गई। परिवारीजनों का कहना है कि पैर फिसल गया और वह तीसरे तल से सीधे भूतल पर जा गिरी।

### बच्ची के गिरने से अफरा-तफरी

अमृत फार्मेसी के सामने बच्ची फर्श पर गिरते ही खून से लथपथ हो गई। यह देख दवा खरीदने के लिए खड़े खरीद लोग सन्न रह गए। आनन-फानन में गार्डों ने बच्ची को उठाया। तब तक परिवारीजन भी नीचे आ गए। बच्ची को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने खून व रेडियोलॉजी से संबंधित दूसरी जांचें कराईं। जांच में सिर में गंभीर चोटे बताई गई हैं। शरीर के दूसरे अंगों में भी चोटें आई हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने बताया, गुरुवार को ओल्ड ह्रक्कष्ठ में 3 साल की सबा नाम की बच्ची सुबह साढ़े 10 बजे के करीब अचानक नीचे गिर गई। फिलहाल उसका इलाज डॉ. चंद्र कांता की टीम की निगरानी में ट्रामा सेंटर में चल रहा हैं। बच्ची अपने पिता जुबैर के साथ आई थी। इस दौरान उसकी मां भी थी। बच्ची का इलाज नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा था। इस दौरान 2 बच्चे थे, जिनमें से एक के साथ यह हादसा हो गया। बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई हैं।

## घूर गड्ढे की जमीन प्रधान ने करवाई खाली, बन रहा खेल मैदान

### प्रधान, कानूनगो, लेखपाल, पुलिस की मौजूदगी में हुआ समझौता





जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगर चौगवां में बन रहे खेल मैदान में घूर गड्ढे की जमीन पर वल्ड्र्री बाउंड्री वॉल बनाने को लेकर गांव के ही निवासी आशुतोष कुमार मौर्य ने बीकेटी एसडीएम को लिखित शिकायत की थी। जिस पर बख्शी का तालाब उपजिलाधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी के आदेशानुसार ग्राम नगर चौगवां की गाटा संख्या 927 रकबा 0.1190 खाद घूर गड्ढे एवं युवक मंगल दल 928 रकबा 0.095 हैं जिसकी पैमाइस कानूनगो राजेंद्र व लेखपाल सत्यपाल ने प्रधान व पुलिस की मौजूदगी में की। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला ने बताया कि युवक मंगल दल की दक्षिण में खाद गड्ढे की भूमि है युवक मंगल दल की बाउंड्री वॉल खाद गड्ढे की भूमि 0.046 हे0 में सामिल हैं जो कि गाँव के समस्त निवासियों की सहमति से खेल मैदान की बाउन्ड्रीवाल बनायी जा रही हैं। जिसमें गाँव के लोगों को कोई आपत्तिय नहीं हैं। उसी जगह पर उपस्थित ग्रामवासी एवं ग्राम प्रधान ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला, कानूनगो राजेंद्र, लेखपाल सत्यपाल, महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रधान ने घूर डालने के लिए दी जमीन, हुआ समझौता

ग्राम पंचायत नगर चौगवां प्रधान ने अपने लेटर पैड पर लिख कर दिया कि खाद गड्ढे की जमीन में आशुतोष कुमार मौर्या को खाद घूर करित की जमीन में अशुतोष मौर्या को 6×8 बराबर 40 फुट जो सरकारी खाद गड्ढे का रेसियो है उतनी जमीन खेल मैदान के बगल में खाद गड्ढे की जमीन दी जा रही हैं। जब भी पक्के खाद गड्ढे का निर्माण किया जाएगा तब इनको वहां से जमीन खाली करनी पड़ेगी, जब पक्के खाद गड्ढे बन जाएंगे तब आशुतोष मौर्य को ग्राम सभा की तरफ से आवंटन किया जाएगा।

## 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है: अखिलेश यादव

### बोले- केन्द्र की सरकार में उसकी वापसी नहीं होने वाली; पीडीए की चर्चा से घबरा गए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लाख चालाकी कर ले लेकिन सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है। केन्द्र की सरकार में उसकी वापसी नहीं होने वाली है। जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गई है। भाजपा ने जो झूठे सपने दिखाए थे उनकी सच्चाई लोग जान गए हैं। अब जनता के सब्र का बांध टूट रहा है।

अखिलेश यादव आज प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जबसे पीडीए की चर्चा आई है भाजपा में घबड़ाहट बढ़ गई है। समाज का हर वर्ग महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आक्रोशित है। भाजपा देश को बर्बाद करने पर तुली है। उसका इरादा समाज को बांटने का है। अखिलेश यादव ने कहा कि विगत 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा ने धांधली औरसत्ता का दुरुपयोग करके जीता। भाजपा ने साजिश और षड्यंत्र से समाजवादियों को सरकार में नहीं आने दिया। मतदान से लेकर मतगणना तक में धांधली की गई। मात्र साढ़े तीन लाख वोटों के अंतर से सन् 2022 का चुनाव परिणाम प्रभावित करके भाजपा ने सरकार बनायी थी।

### समाजवादी पार्टी के फंटल संगठनों ने घोषित किए जाते पदाधिकारी

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कारण लोकतंत्र खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं को वह इरादतन कमजोर कर रही है। प्रशासन में भी वह भेदभाव का जहर बो रही है। समाजवादी पार्टी की मान्यता है कि भारतीय संविधान से देश की व्यवस्था चलनी चाहिए। संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव की निष्पक्षता तथा स्वतंत्रता के साथ खिलवाड़ करके सत्ता पर काबिज होती है। समाजवादी पार्टी इस बार भाजपा को धांधली करने से रोकेगी। अब किसी भी तरह की कोताही नहीं होगी। बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव की तैयारी कर रही है। इस बार सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार तय है।

## बिजली कटौती से ऊर्जा मंत्री परेशान

### एके शर्मा बोले-24 घंटे तनाव रहता है, मैसेज देखने में डर लगता है कि कहीं बिजली तो नहीं चली गई



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में सिर्फ पब्लिक ही नहीं, खुद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बिजली कटौती और फॉल्ट से परेशान हैं। उनकी टेंशन इस कदर है कि उनको व्हाट्ससऐप तक देखने से डर लगता है। मैसेज आता है तो देखने से पहले टेंशन हो जाती है कि कहीं बिजली सप्लाई तो नहीं कट गई। बुधवार को लखनऊ में विद्युत उपभोक्ता और जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान के कार्यक्रम में उन्होंने खुद यह बात कही। ब्यूरोक्रेट्स से मंत्री बने एके शर्मा ने पहली बार यह माना कि बिजली की रोजाना की समस्याओं से 24 घंटे तनाव रहता है। फॉल्ट और गड़बड़ियों की वजह से बिजली सप्लाई में दिक्कत आ रही है।

एके शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान कहा, रोज-रोज की समस्या हो गई। यहां फॉल्ट बनाया, तो वहां बिगड़ा। वहां बनाया तो कहीं और बिगड़ा। आप लोग भरोसा नहीं करोगे। 24 घंटे हम लोगों को इस बात को लेकर तनाव रहता है। स्थिति यह है कि कोई मैसेज आता है तो खोलने से पहले यह चिंता सताने लगती है कि कहीं बिजली तो नहीं चली गई।

### 5 करोड़ उपभोक्ता होने चाहिए, 3.28 करोड़ हैं

उन्होंने कहा, मौजूदा समय में यूपी की आबादी के हिसाब से जितने उपभोक्ता होने चाहिए। उतने नहीं हैं। प्रदेश में अभी 5 करोड़ उपभोक्ता होने चाहिए। जबकि 3.28 करोड़ उपभोक्ता हैं। हालांकि उन्होंने इस दौरान, बिजली चोरी का जिक्र नहीं किया। उन्होंने सभा में मौजूद जनप्रतिनिधियों से बिजली सप्लाई ठीक करने के लिए सलाह भी मांगी।

### फोन नहीं उठाने वाले अफसरों की होगी मॉनिटरिंग

बुधवार को ही ऊर्जा मंत्री ने मीडिया से बात की। इस दौरान जब उनसे सवाल पूछा गया कि अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। खुद उन्हीं की पार्टी के सांसद कौशल किशोर इसको लेकर शिकायत कर चुके हैं। इस पर उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सबका फोन उठाना चाहिए और इसकी मॉनिटरिंग होगी। चीफ इंजीनियर ने कहा-बिजली चोर नए तरीके निकाल ही लेते हैं

कार्यक्रम के दौरान ट्रांस गोमती के चीफ इंजीनियर अनिल तिवारी का मौका आया, तो उन्होंने बिजली चोरी पर अपनी बात रखी। कहा, **उपभोक्ता हर बार चोरी का नया रास्ता निकाल ही लेते हैं। हम कुछ करते हैं, तो वह उसका नया उपाय निकाल लेते हैं।** उन्होंने कहा, लखनऊ की बात करें तो 1 लाख 10 हजार कस्टमर्स के यहां स्मार्ट मीटर लगा है। लेकिन, उसमें भी बाईपास कर लोग बिजली चोरी कर लेते हैं। इसके अलावा एबीसी लाइन तक में लोग कटिया लगा रहे हैं। जबकि कहा जा रहा था कि इसमें बिजली चोरी नहीं हो सकती है। लेकिन, अब लोग स्थाई कटिया डाल लेते हैं। उन्होंने सभा में इस तरह हो रही बिजली चोरी के फोटो भी दिखाएं।

## गठबंधन को लेकर बीएसपी का स्टैंड एकदम साफ: आकाश आनंद



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भाजपा से बसपा के गठबंधन की खबरों को लेकर लग रही अटकलों को मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कार्डिनेटर आकाश आनंद ने सिरे से खारिज करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को सावधान रहने की नसीहत दी है।

गुरुवार को अपने ट्वीट में आकाश आनंद ने बसपा के आदर्शों का जिक्र करते हुए कहा है कि तीसरे विकल्प के तौर पर आम जनता के बसपा को मिल रहे जबरदस्त समर्थन से हताश विरोधी भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। आकाश आनंद ने लिखा है कि बहुजन समाज पार्टी मान्यवर कांशीराम के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है, जिसकी एक ही सोच है समतामूलक समाज की स्थापना करना। मायावती के दिशा-निर्देश में बसपा को तीसरे विकल्प के तौर पर आम जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इसमें हताशा हमारे विरोधी, साम-दाम-दंड-भेद की नीति का इस्तेमाल कर भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। हम सभी को इससे सावधान रहने की जरूरत है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में एमआई 5.0 की हुई बैठक





जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ

बख्शी का तालाब उपजिलाधिकारी सतीश चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में एम आई 5.0 प्रथम चरण जो की 7 अगस्त से 12 अगस्त को होगा। इसी के संबंध में सभी विभागों के साथ अंतर विभागीय बैठक करते हुए निर्देशित किया गया। वहीं इन्कार वाले एरिया जैसे की गद्दीनपुरवा, धामामऊ, बीकेटी के तीनो उमरिया, पहाड़पुर, नट डेरा, इटौंजा, बेहटा, नट पुरवा, गुडम्बा, में जो भी बच्चे प्रतिरोध वाले छूटे हुए हैं उनको एसडीएम के दिशानिर्देशों में बीआरटी टीम, ग्राम प्रधान, सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को उक्त दिवस में होने वाले टीकाकरण के समय क्षेत्र में पहुंचकर और खुद पहुंचकर ऐसे परिवारों को शिक्षित करते हुए ज्यादा से ज्यादा छूटे हुए बच्चों अथवा इन्कार बच्चों को वैक्सिनेट कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में एसडीएम के द्वारा एक कार्य योजना बनाते हुए गुडंबा,बीकेटी, इटौंजा,के अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस मौके पर बैठक में एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी, बीकेटी अधीक्षक डॉ जेपी सिंह, इटौंजा एके दीक्षित, गुडंबा अधीक्षक डॉ विनय कुमार, बीडीओ बीकेटी पूजा सिंह, सीडीपीओ जय प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला, ईओ बीकेटी संध्या मिश्रा, इटौंजा ईओ शरद जैन, यूनिसेफ से महेश वर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उत्तम कुमार, रवि एवं अन्य विभाग के संबंधित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीसीएस एसोसिएशन ने दिवंगत अपर आयुक्त के परिजन को दिया आर्थिक सहायता का चेक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/ प्रयागराज



मंडलायुक्त कार्यालय प्रयागराज में अपर आयुक्त द्वितीय के पद पर तैनात रहे सुनील कुमार मिश्रा के निधन के बाद पीसीएस एसोसिएशन ने उनके बेटे और बेटी को आर्थिक सहायता के रूप में 12 लाख 35 हजार रुपए का चेक दिया। विदित हो कि स्वर्गीय सुनील कुमार मिश्रा मंडलायुक्त कार्यालय प्रयागराज में अपर आयुक्त के पद पर तैनात थे। श्री मिश्र का लंबी बीमारी के पश्चात 13 जून को उनका निधन हो गया था। बुधवार को पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अपर आयुक्त प्रथम प्रयागराज मंडल, पुष्पराज सिंह ने दिवंगत अपर आयुक्त सुनील कुमार मिश्रा के बेटे उत्कर्ष मिश्रा व बेटी साक्षी मिश्रा को आर्थिक सहायता के रूप में 12 लाख 35 हजार का चेक दिया। एसोसिएशन ने उन दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ई खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं. 01, ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं०- "25-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2023-24" "स्ट्रिपिंग ऑफ ओल्ड पीवीसी फ्लोरिंग एंड लेइंग & वैल्डिंग ऑफ न्यू पीवीसी फ्लोरिंग इन कोचेज फॉर 24 मन्थ्स" अनुमानित लागत : ₹ 48,77,570.59, धरोहर राशि : ₹ 97,600.00, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि : 04.09.2023, 11:00 बजे, निविदा प्रपत्र का मूल्य:- ₹ शून्य, संविदा की अवधि - 24 माह।

उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा मे भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या "https://www.ireps.gov.in" पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य
यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक - 43

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मेवात में शिवभक्तों पर हिंसा, संयोग या 'प्रयोग'

**अभी तक की प्राप्त जानकरी अनुसार 70 से अधिक निजी कारों व बसों को तोड़ा/ जलाया गया हैं। दो होमगार्ड जवान और एक पानीपत के हिन्दू कार्यकर्ता के दुखद बलिदान सहित अनेकों घायल हैं। बड़ी संख्या में पत्थरों का एकत्र होना, अलग-अलग पॉइंट पर हमला करना, यह बिना पूर्व योजना के सम्भव नहीं है सीआईडी के पास पूर्व में कुछ ऐसी सोशल मीडिया पोस्ट पहुंची थी, जिसमें इस प्रकार की कोई घटना हो सकती है इसका अंदेशा था। जबकि इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की सूचना बहुत समय पहले से प्रशासन व स्थानीय पुलिस के पास थी।**

*मेवात की धरती भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। यह उनकी क्रीडा स्थली रही है। यह यात्रा नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर श्रृंगार मंदिर पुन्हाना में संपन्न होती है। इन दोनों स्थानों का महत्व श्रीकृष्ण के नाम के साथ जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहीं श्रीकृष्ण विराजमान हुए थे और उन्होंने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर उन्होंने कौरवों-पांडवों के मध्य संधि करवाने का प्रयास किया था। श्रृंगार मंदिर वह स्थान है जहां पर वहां के लोगों ने श्रीकृष्ण के बाल्यकाल में उनका श्रृंगार किया था। इसलिए इसका नाम श्रृंगार मंदिर पड़ा। पुन्हाना का नाम भी भगवान पुनः आना के आधार पर रखा गया है। यहां फिरोजपुर झिरका में स्थित झीर महादेव मंदिर भी वही स्थान है जहां पांडवों ने अज्ञातवास का समय बिताया था। इसलिए मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आए हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है। आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी उनका प्रतिशत बहुत कम है। आये दिन हिंदू विरोधी घटनाएं होती रहती है। तो क्या मेवात की पहचान हिंदू विरोधी बननी चाहिए या फिर भगवान श्रीकृष्ण? प्रश्न सीधा है पर उत्तर कठिन। मेवात का सौहार्द बना रहे, यहां सभी मिल-जुल कर रहे। हरियाणा एक-हरियाणवी एक का भाव चरितार्थ हो। यहां का हिंदू समाज अपने आप को अकेला व असहाय न समझे। हरियाणा का सारा समाज मेवात के साथ खड़ा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में हरियाणा भर से लोग इसमें हिस्सा लेते हैं। इस बार श्रृंगार की कलश यात्रा में एक हजार महिलाओं ने भाग लिया, इस उत्साह व उमंग से भी इस यात्रा के प्रतिवर्ष बढ़ते महत्व को देखा जा सकता है। सुरक्षा में चूक, जिम्मेदारी किसकी- 31 जुलाई दिन को सुबह 11 बजे शिव मंदिर से जलाभिषेक किया गया। उसके बाद यात्रा ने श्रृंगार के लिए प्रस्थान किया तो दोपहर 1 बजे के करीब खेड़ला चौक के पास उग्र भीड़ ने यात्रा पर हमला कर दिया। तीन बजे तक उग्र भीड़ द्वारा नूंह व आसपास के इलाकों में आगजनी तथा तोड़फोड़ होने लगी। इसके बाद प्रशासन व कुछ सामाजिक संगठनों के आह्वान पर दुकानें बंद करवा दी गईं। शाम चार बजे तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया। उसके पश्चात पास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल आना शुरु हुआ। छह बजे के पास मंदिर परिसर में आश्रय लिए शिवभक्तों को पुलिस ने निकालना प्रारंभ किया। इस सारे घटनाक्रम में प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियां संदेह के घेरे में आती है या यूं कहें कि प्रशासन ने इस यात्रा को लेकर जिस गंभीरता के साथ तैयारी करनी चाहिए थी, वह नहीं की। वरना क्या कारण है कि पांच हजार लोगों की सुरक्षा में केवल सौ पुलिस कर्मी ही लगाए गए। यात्रा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या हमलावर तत्वों को देखते हुए कम सिद्ध हुई। हमले के वीडियो देखने पर ध्यान आता है कि हमले की तैयारियां बहुत दिनों से हो रही थी, फिर क्यों नहीं खुफिया विभाग को इसकी कानों कान खबर हुई।*

## एक्सप्रेस आलेख

अब भी बुजुर्ग हो रहे हिन्दुस्तानियों को 'बूट पॉलिश', 'अब दिल्ली दूर नहीं' और 'जागृति' जैसी महान बाल फिल्में याद होंगी। ये सब कालजयी फिल्में थीं। पर अब कहां बनती है इस तरह की अमर फिल्में। मैंने 'बूट पालिश' पटना में देखी थी। मुझे इतने बरस गुजर जाने के बाद भी 'बूट पालिश' की कथा और किरदार याद हैं। 'बूट पालिश' को राज कपूर ने बनाया था। संयोग देखिए कि उन्होंने ही 'जागृति' और 'अब दिल्ली दूर नहीं' बनाई। 1957 में ' अब दिल्ली दूर नहीं' फिल्म रीलिज हुई थी। उसकी कहानी लिखी थी मशहूर साहित्यकार राजेन्द्र सिंह बेदी ने। उसमें बाल कलाकार की भूमिका में अजमद खान भी थे। वे आगे चलकर गब्बर सिंह के किरदार में बहुत मकबूल हुए।

# क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में



आर.के. सिन्हा

**क्या उन्हें 'पीके', 'टाइगर जिंदा है', 'काली', 'आदिपुरुष' जैसी फिल्में दिखाई जानी चाहिए? सेंसर बोर्ड को अधिक सजग होने की जरूरत है ताकि कोई कचरा फिल्म प्रदर्शित ना हो। फिल्में इस तरह की भी बने जो अंध विश्वास पर हल्ला बोलें और दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करें। हमारी फिल्मों में फूहड़ता भरी होती है।**

आपको न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जाएंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है। समझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? इसी तरह से बच्चों की पृष्ठभूमि पर फिल्में बनाना क्यों फिल्मकारों ने छोड़ दिया है? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं ? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में 'रामनाम सत्य है' ही कहकर मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है। उन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म 'आदिपुरुष' बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं। उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने 'आदि पुरुष' को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म 'पीके' को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेतहाशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था ? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म 'काली' की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है ढ्ढ जिस दिन हिन्दू भी ÷ईश निंदा÷ के मसले पर गंभीर हो जायेगा, तब हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है। जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा ज़हर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जाएंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही। मैं यहां सलमान खान की फिल्म 'टाइगर जिंदा हैं' की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? 'टाइगर जिंदा है' की संक्षेप में कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्सें कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई हैं। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? 'टाइगर जिंदा है' को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था।



**मनोरंजन और सामाजिक सरोकार के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश में बेनेगल ने अपनी बाद की फ़िल्मों 'कलयुग', 'जुनून', 'त्रिकाल' और 'मंडी' से ग्रामीण पृष्ठभूमि को छोड़कर नाटकीय और शहरी विषय-वस्तुओं पर फ़िल्में बनानी शुरू कीं।**

फिल्म हिट हुई थी। उसने तगड़ा बिजनेस भी किया था। पर सवाल वही है कि क्या आप क्रिएटिव फ्रीडम की आड़ में कुछ भी दर्शकों को पेश कर देंगे? क्या सेंसर बोर्ड सोया हुआ था, जिसने 'टाइगर जिंदा है' को प्रदर्शन की अनुमति दे दी? कैसे इस फिल्म में आईएसआई को भारत के मित्र के रूप में दिखा दिया गया। आईएसआई का सारा इतिहास भारत में गड़बड़ और अस्थिरता फैलाने के उदाहरणों से अटा पड़ा है। पाकिस्तान को मालूम है कि वह सीधे युद्ध में भारत के सामने टिक नहीं सकता। कौन नहीं जानता कि मुंबई में 2008 में हुए खूनी आतंकवादी हमले और काबुल में भारतीय दूतावास को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट के पीछे आईएसआई का ही हाथ था। ये दावा बीबीसी ने भी दो हिस्सों में प्रसारित अपने एक कार्यक्रम में किया था। इसे 'सीक्रेट पाकिस्तान' नाम दिया गया था। पर हम उसे अपने यहां एक मानवीय एजेंसी के रूप में खड़ा कर रहे हैं। भारत में जाली करेंसी का धंधा करवाने की भी फिराक में हमेशा आईएसआई रहती है। नोटबंदी के कारण 500 और एक हजार के नोट बंद करने के ऐलान ने आईएसआई की नींद उड़ा दी थी। भारत में करोड़ों लोग मनोरंजन के लिए फिल्में देखते हैं। क्या उन्हें 'पीके', 'टाइगर जिंदा है', 'काली', 'आदिपुरुष' जैसी फिल्में दिखाई जानी चाहिए? सेंसर बोर्ड को अधिक सजग होने की जरूरत है ताकि कोई कचरा फिल्म प्रदर्शित ना हो। फिल्में इस तरह की भी बने जो अंध विश्वास पर हल्ला बोलें और दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करें। हमारी फिल्मों में फूहड़ता भरी होती है।

## एक्सप्रेस कविता

*प्रभु साथ दो मेरा, जहां भी हो अंधेरा राह में सत्य की सदैव साथ हो तेरा, जहां लोभ का डेरा पथ में न्याय के चलूं मैं अकेला प्रभु साथ दो मेरा, वासना के प्रबल आंधी तूफान मचल-मचल सदैव करते मुझे निर्बल प्रभु साथ दो मेरा। रोता है मन मेरा शिशु सा भोला, निर्मल पानें को बार-बार मां की ममता अपार। प्रभु लगा दो पार नाव पड़ी मझधार हर सांस के संग मेरी प्रभु कृपा हो तेरी। प्रभु साथ दो मेरा जहां से चलूं अकेला आशाओं से भरा सवेरा समर्पित दिन सारा मेरा। समर्पित तुम्हें दिन मेरा बीत जाता प्रभु कोरा सुबह शाम उड़ते पंछी सा प्रभु तुम साथ दो मेरा। अब रह गया तेरा ही सहारा, प्रभु साथ दो मेरा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*मन, कर्म और वचन से हमेशा स्वच्छ रहो क्योंकि दिखावे से लोगों को खुश किया जा सकता है, लेकिन ईश्वर तो सिर्फ नियत देखते हैं।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 12:49 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 07:00 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शोभना, 06:11 |
| सूर्योदयः | 05:47 |
| सूर्यास्तः | 19:05 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:26 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (अधिकमास) |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:53 |

# जन एक्सप्रेस

### रहे उसी पर ध्यान !

*जो मिला है काम ।*
*रहे उसी पर ध्यान ॥*
*इधर उधर भटकाने से ।*
*है गिरता सम्मान ॥*
*बन रहा समूह लगता ।*
*भ्रम का मायाजाल ॥*
*चेते ना अभी अगर ।*
*होगा बुरा हाल ॥*
*देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।*
*कैसा पड़ा अकाल ॥*
*हर तरफ से आप पर ।*
*उठते हैं सवाल ॥*
*साथ साथ इस जोश के ।*
*होश को ठुकराया ॥*
*गुणा भाग ना कर जाए ।*
*पूरा ही सफाया ॥*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डिमेंशिया के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है ऑलिव ऑयल



**डिमेंशिया** मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी एक गंभीर समस्या है, जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के कारण होती है। यह 65 साल से ज्यादा के लोगों को अपना शिकार बनाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में लगभग 55 मिलियन लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं। ऐसे में खान-पान भी काफी अहम भूमिका निभाता है। हाल ही में हुई एक रिसर्च में पाया गया कि ऑलिव ऑयल डिमेंशिया के मरीजों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। शोधकर्ताओं ने यह पाया कि ऑलिव ऑयल का सेवन करने वाले लोगों में डिमेंशिया से मरने का खतरा कम था।

**28 प्रतिशत तक कम हुआ मरने का खतराः** एक न्यूज रिलीज के मुताबिक शोधकर्ताओं ने पाया कि नियमित तौर पर आधा चम्मच ऑलिव ऑयल का सेवन करने वाले लोगों में ऑलिव ऑयल नहीं खाने वालों की तुलना में 28 प्रतिशत तक मरने का खतरा कम था। इस रिसर्च में निकले रिजल्ट को न्यूट्रीशन 2023 में पेश किया जाएगा। टेंपल यूनिवर्सिटी में अल्जाइमर सेंटर के डायरेक्टर और प्रोफेसर डोमेनिको प्रेटिको के मुताबिक ब्रेन हेल्थ को बनाए रखने के लिए ऑलिव ऑयल काफी फायदेमंद होता है। इसमें ओलेयूरोपिन और ओलेओकैंथल जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो डिमेंशिया से मरने के खतरे को कम करते हैं।

**डिमेंशिया से बचने के तरीकेः** डिमेंशिया के मरीजों के लिए जिंदगी काफी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऐसे में उनके सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। इससे बचने के लिए ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को नियंत्रित रखना जरूरी होता है। ऐसे में डाइट भी काफी अहम भूमिका निभाती है। इसके लिए आप फल, सब्जियां और नट्स आदि का सेवन कर सकते हैं। डिमेंशिया या अलजाइमर से बचने के लिए लोगों से बातचीत करें और समाज में सक्रिय रहें। ऐसे में धूम्रपान या फिर शराब से दूरी बना लें।

**किसे रहता है ज्यादा खतरा?:** आमतौर पर डिमेंशिया का खतरा उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों को भी इस बीमारी का खतरा रहता है। ज्यादा देर तक सोने वालों के साथ ही न्योरोलॉजिकल समस्या से ग्रस्त लोगों में भी इसके होना का अधिक खतरा रहता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# नूंह वाली जिहादी मानसिकता से आखिर देश कब आजाद होगा?



-डॉ. मयंक चतुर्वेदी




**फ्रांस, आस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसे देश भी इस मजहबी कट्टरवाद के शिकार होने लगे हैं और अपने यहां अनेक तरह के बैन लगा रहे हैं। इस सारी सचाई को जानते हुए भी भारत का हिन्दू समाज देश की दूसरी बड़ी आबादी के साथ तालमेल बिठाने और समरस होने का प्रयास करता रहता है।**

**सर्वपंथ समादर का भाव रखने वाला हिन्दू समाज के सामंजस्यवादी विचारधारा और जीवनशैली का परिचय तो अब अखिल विश्व को मिल चुका है। जहां भी हिन्दू समाज के लोग गए हैं वे उस देश की तरक्की में सहभागी हुए हैं और वहां का समाज उन्हें सम्मान की नजर से देखता है। वहीं कट्टर इस्लामी सोच के लोग जहां भी गए हैं वहां उस देश की तरक्की में बाधक हैं और वहां की कानून व्यवस्था के लिए सरदर्द बने हुए हैं।**

**हरियाणा** के मेवात में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान जो बवाल हुआ, उसमें दो होमगार्ड्स की मौत होने के साथ ही 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए। 120 से अधिक कारों और अन्य वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पूरी योजना बनाकर की गई यह आगजनी और हिंसा नूंह से होती हुई आसपास के कई जिलों में फैल गयी। मेवात से शुरू हुए एक वर्ग विशेष के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हिंसा के इस तांडव में एक बात और रेखांकित करने वाली है। कथित तौर पर अल्पसंख्यक वर्ग के नाबालिग बच्चों, युवाओं और यहां तक कि बुजुर्गों के साथ ही महिलाएं भी पत्थरबाजी में साथ देती हुई देखी गईं। जिस ब्रजमंडल यात्रा को सबसे पहले निशाना बनाया गया, उस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। हिन्दू समाज में किसी भी धार्मिक आयोजन में महिलाएं हमेशा से अग्रणी और प्रमुख भूमिका निभाती रही हैं। ब्रजमंडल यात्रा के लिए भी बड़ी संख्या में हिन्दू समाज जुटा था। पर मुस्लिम तबके की महिलाओं के दिलों में उन हिन्दू महिलाओं के लिए कोई दया भाव नहीं दिखा जो नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर में फंस गईं थीं। पुलिसकर्मियों के द्वारा बमुश्किल और भारी सुरक्षा के बीच, खुद की जान जोखिम में डालकर बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था। तब भी यह उन्मादी और हिंसक भीड़ लगातार पथराव और आगजनी कर रही थी। जिहादी मानसिकता वाले यह उन्मादी और उपद्रवी तत्व जब भी हिंसा पर उतारू होते हैं तो सबसे पहले दूसरे वर्ग की दुकानों, बड़े प्रतिष्ठानों और भवनों पर हमलावर होते हैं। उन्हें लूट लेते हैं या उनमें आग लगा देते हैं। यह मानसिकता हर दंगे में सामने आती है। नूंह में भी योजनाबद्ध तरीके से शुरू के बाद प्रगतिशील समुदाय विशेष की दुकानों पर बड़े पैमाने पर लूट की गई, आग के हवाले किया गया। गुरुग्राम-अलवर नेशनल हाइवे पर हीरो कंपनी के शोरूम से 200 बाइक लूट ली गईं। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया। नूंह में भड़की हिंसा की चिंगारी शाम तक कई मंदिरों को नुकसान पहुंचाती और अपवित्र करती रही। जाहिल जिहादियों की भीड़ ने पुलिस थाने तक को निशाना बनाया। नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया गया। नूह का साइबर थाना इसलिए भी निशाने पर आया कि देश भर में जितनी भी साइबर क्राइम की घटनाएं हो रहीं हैं उसमें झारखंड के जामताड़ा के बाद दूसरा बड़ा केन्द्र मेवात ही है। कुछ ही दिनों पहले साइबर क्राइम की केन्द्रीय टीम ने भारी सुरक्षा के बीच जब मेवात की छपेमारी की तो अनेक गिरोहों का पर्दाफाश हुआ। भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए और 47 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसी कारण जिहादी उपद्रवियों ने थाने पथराव ही नहीं किया, बाहर खड़ी गाड़ियों में भई आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने सैकड़ों की इस भीड़ से कैसे अपनी जान बचाई होगी, यह तो वही जानें, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह कि इन जाहिल जिहादी मानसिकता वालों को क्या किसी का भय नहीं रहता? जब भी ये उन्मादी अपने मजहब के नाम पर एकजुट होकर हिंसक होते हैं तब ये सबसे पहले निरपराध-निर्दोष लोगों की दुकानों-मकानों-प्रतिष्ठानों और वाहनों को लूटने व आग लगाने को ही तत्पर क्यों रहते हैं? ऐसे करके ये हमेशा देश की आर्थिक प्रगति में रोड़ा क्यों बिछाते हैं? खुद आर्थिक रूप से पिछड़े होने के चलते क्या यह अन्य सम्पन्न लोगों. देश की तरक्की में योगदान देने वालों को ही निशाना बनाकर अपनी कुंठा ही तो नहीं निकालते हैं? नूंह-मेवात में जो हुआ क्या वह पहली बार हो रहा है ? यह तर्क दिया जाना कि किसी मोनू मानेसर के सोशल मीडिया पर जारी संदेश के चलते अल्पसंख्यक तबका भड़का हुआ था और उसने प्रतिक्रिया में पत्थरबाजी की, असलियत से आंखे चुराने वाला है। देश में ज्यादातर जगह जहां भी कथित अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय प्रभुत्व में है, बहुसंख्यक है, वहां यदि हिन्दू समुदाय की धार्मिक यात्राएं निकलती हैं तो हमेशा तनाव पैदा होता है। नारेबाजी होती है, पथराव होता है और बहुत बार हिंसक घटनाएं होती हैं। कुछ जिहादियों द्वारा बार-बार धमकी दी जाती है, पुलिस फोर्स हटाकर देख लो! समझना होगा कि आखिर परेशानी किसको है ? क्या बहुसंख्यक हिन्दुओं को. जिन्होंने स्वयं से आगे होकर सर्वपंथ सद्भाव में विश्वास रखा है, जिन्होंने स्वयं से अपने लिए धर्मनिरपेक्ष समाज और शासन व्यवस्था चुनी, क्या यही उनकी सबसे बड़ी भूल है? ऐसा तभी क्यों होता है जब हिन्दू समाज को धार्मिक आयोजन करता है या यात्रा निकल रही होती है? जबकि इस देश का बहुसंख्यक समाज अन्य मतावलंबियों के धार्मिक आयोजनों में कभी व्यवधान पैदा नहीं करता। उनमें सहयोग करता है।

# सुलह व सुपुर्दगी नामा पीड़ित के साथ पुलिस का छलावा

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

✻ एक मामले में पुलिस ने एक महिला को उसकी मां के हवाले करते हुए सुपुर्दगी नामा लिखा जिसमें पुन: वाद विवाद हुआ महिला थाने ने सुपुर्दगी नामा को गलत साबित कर दिया पुलिस पुलिस के सुपुर्दगी नामे पर सवाल जो पुलिस की कार्यशैली को उजागर करता है

लखीमपुर-खीरी।पुलिस जो चाहे करे जो चाहे बनाए अपने को सेफ रखने के लिए पुलिस की कार्यशैली पर समय-समय पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे दो पक्षों में वाद-विवाद होता है। फिर पुलिस ज्यादातर 107,116,151, करती है अपनी सर से बला हटे उसके बाद सुलह का भी अजीबोगरीब खेल खेला जा रहा है।जिसमें सुलह किस तरह से होता है पीड़ित पक्ष विपक्षी दोनों के बीच पुलिस सुलह करती है।इस तरह में एहम रोल अपनाने वाली पुलिस की न तो मोहर होती है न पुलिस के साइन होने वाले सुलह में दलाल रुपये भी खूब खींचते हैं। पुलिस की भी सेटिंग होती है लेकिन यह सुलह फौरी तौर का होता है। ऐसा ही एक मामला बदरुन निशा पत्नी रियाजुद्दीन अंसारी ग्राम कुकरा, चौकी कुकरा थाना मैलानी का सामने आया जहां पर एक एफ आई आर में पुलिस ने सुलह लगाया महिला को परिवार के हवाले करते हुए सुपुर्दगी नामा तैयार किया पीड़ित पक्ष ने सोचा कि यह उसके पास एक मजबूत साक्ष्य है लेकिन पुलिस के कार्य पर पुलिस ही नहीं संतुष्ट मामला यह हुआ कि पीड़ित पक्ष को परेशान करने के लिए विपक्षियों ने पुनः शिकायती पत्र दिया जिसमें पुलिस ने आईजी आर एस लगाते हुए यह कहा है कि आवेदिका का पुत्र एहतिशाम बांकेगंज में साइकिल के पंचर की दुकान पर काम किया करता था वह वहां पर उसका परिचय डाली देवी पत्नी राजेश के साथ हुआ दिनांक 29.11.2022 को आवेदिका का पुत्र डाली देवी के साथ कही चला गया जिसके संबंध में डाली देवी के पति राजेश द्वारा थाना स्थानीय पर मुकदमा अं.सं.530/22 अतंर्गत धारा 365, आईपीसी व 3 (2)(1a) एससी-एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचना कर गुड़दोश के आधार पर 13.12.2022 को अंतिम रिपोर्ट 46/22 माननीय न्यायालय में प्रेशित की गई थी अब दोबारा डाली देवी द्वारा आवेदिका व उसके पुत्र एहतिशाम के विरुद्ध मारपीट कर घर से भगाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसकी जांच में प्रथम दृश्या आरोप असत्य पाये गये और आवेदिका ने अपने बचाव में शिकायती पत्र दिया जिस आईजी आर एस में यह नहीं लिखा गया कि आवेदिका ने डाली देवी को मैं गवाहों व पुलिस द्वारा शुपुदर्गी नामा लिखाकर उसकी मां के हवाले किया था।और पुलिस द्वारा प्रथम दृश्या डाली देवी के लगाये गए आरोप असत्य है। तो स्थानीय चौकी कुकरा से पुलिस आवेदिका के घर क्यों जा रही है।

पुलिस द्वारा बिना महिला पुलिस लिए घर में घुसना तथा पुत्र के मिलने पर घर की लड़कियों को भी जेल की सलाखों के पीछे डाल देने की धमकी देना पुलिस की दोहरी चाल से आवेदिका का पूरा परिवार दहशत में है। जो जांच का विषय है।दूसरी तरफ महिला थाना प्रभारी द्वारा आवेदिका को बुलाना सुलह नामा पर सवालिया निशान उठाना यह भी पुलिस की दोहरी मानसिकता का जीता जागता उदाहरण है। पीड़ित पक्ष व विपक्षी थाने में बैठकर सुलह लिखाते है तों उनका सीना चौड़ा हो जाता है अरे यह तो पुलिस है मेरा सुलह तो थाने में बैठकर दिखाया गया इसको कोई नहीं काट सकता लेकिन उसको यह नहीं पता पुलिस ने उसे मूर्ख बनाया है थाने से निकलने के बाद इस सुलह नामा का कोई भी अस्तित्व नहीं रह जाता है।पैसे का खेल खेलकर अपनी जेबे गरम करना दलालों की मध्यस्थता से यह गोरख धंधा फल-फूल रहा है।बताते चले पीड़ित बदरुन निशा का प्रकरण स्थानीय पुलिस से लेकर महिला थाने तक पहुंचा महिला थाना प्रभारी महोदया कह रही हैं कि सुपुर्दगी को नहीं मानती है।अगर वह सुलह को मानती नहीं है तो पुलिस द्वारा लगातार इसी तरह से सुपुर्दगी नामा व सुलह नामा क्यों तैयार किए जाते हैं जिसमें पुलिस अपनी उपस्थित कहीं भी दर्ज नहीं कराती और पीड़ित को प्रताड़ित करने के लिए छोड़ देती है।

इस तरह के मामले एक नहीं काफी आये दिन सामने आते हैं कि दो पक्षों में विवाद होता है पुलिस सुलह नामा करा देती है। उसके बाद विपक्षी व पीड़ित पक्ष में तकरार चालू हो जाती है जब पुलिस का भय ही नहीं तो पुलिस इस तरह के सुपुर्दगी नामा व सुलह क्यों कराती है। या धन उगाही का एक साधन है या जनता को मूर्ख बनाने का एक जरिया है। पुलिस अपनी भ्रष्ट कार्यशैली पर चल रही है और जनता मूर्ख बन रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कालेज में कंजक्टिवाइटिस (आई फ्लू) परीक्षण व उपचार उपचार हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आज दिनांक 3 अगस्त 2023 दिन बृहस्पतिवार को शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज में सीतापुर आंख अस्पताल, सीतापुर के द्वारा ऑप्टोमेट्रिस्ट अनुज कुमार के द्वारा आंखों की जांच की गई व उपचार हेतु आई ड्रॉप्स व चश्मे का वितरण किया गया ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा छात्र छात्राओं को आई फ्लू से बचने के लिए साफ सफाई, स्वच्छ पानी से आंखों को धुलना, संक्रमित व्यक्ति के कपड़े व सौंदर्य प्रसाधन सामग्री ना इस्तेमाल करें, धूप से बचने के लिए सन ग्लासेज चश्मे का उपयोग करें। इस कार्यक्रम शिविर में फार्मेसिस्ट अभिषेक यादव ने बताया कि आई फ्लू का संक्रमण वायरस, बैक्टीरिया, फंगस, एलर्जन के द्वारा होती है जिसमें आंखों में रेडनेस, खुजली, दर्द होना, आंसू व कीचड़ आना आदि लक्षण दिखाई पड़ते हैं। यह संक्रमण सामान्यत: एक से दो हफ्ते में स्वत: भी ठीक हो जाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक संजय वर्मा व प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा व निम्न अध्यापक गण भूपेंद्र वर्मा, श्याम किशोर, सत्येंद्र कुमार, सुशील कुमार, उवैद रजा खां, योगेश वर्मा, अभिषेक यादव, रामप्रकाश, पूजा वर्मा, चांदनी देवी, राधा देवी, नेहा, प्रिया वर्मा, प्रांशी वर्मा, अंजली शुक्ला, दीपशिखा वर्मा, विपिन कुमार, कमल कुमार, प्रवीण कुमार, कुसुमलता, सरिता वर्मा उपस्थित रहे। इस नेत्र शिविर में लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं का नि:शुल्क परीक्षण करके औषधि वितरित की गई।

### बारिश होते ही ग्राम पंचायत की खुली पोल



जन एक्सप्रेस/सुनहरा/लखीमपुर खीरी। सरकार ग्राम पंचायत नगर पालिका और नगर पंचायत हो हर जगह बरसात से पहले जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए तरह-तरह की योजनाएं लाकर नालिया साफ कराने के लिए अभियान तक चलाती है लेकिन इसके पलट गांव में नालियां चोक होने की वजह से सारा पानी सड़कों पर भर जाता है। जिससे ग्राम वासियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। इसका नजारा नकहा ब्लाक की ग्राम पंचायत बड़ा गांव में देखने को मिलेगा जहां पर पूरे ग्राम पंचायत का पानी निकालने के लिए नाला है। जिस पर अवैध अतिक्रमण है। तालाबों पर अवैध अतिक्रमण है। कुल मिलाकर पानी जाने वाली जगह पर अतिक्रमण होने के कारण सारा पानी घरों वह रोडो पर भरता है। जिससे ग्राम वासियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है लेकिन प्रधान के मनमानी के आगे किसी की हिम्मत नहीं की उक्त जलभराव की समस्या ग्राम प्रधान के आगे पहुंचाए क्योंकि उनकी तानाशाही की वजह से ग्रामवासी दोजक भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। प्रधान का रूल है उसके विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले का सुर दबाने का हुनर प्रधान को अच्छी तरह से मालूम है। प्रधान के विरुद्ध आवाज उठाने वाले के विरुद्ध प्रधान थाने की सेटिंग से आवाज़ दबाने व फर्जी मुकदमें डला कर डराने का भी काम किया जाता है। गांव में तो ऐसे लोगों पर भी 107/116/151 के मुकदमे प्रधान अपना पावर दिखाकर डलवाता है। इसका शिकार एक छात्र भी हुआ हैं जिसका गांव से ना किसी राजनीति से ना कोई वास्ता न कोई सरोकार है वो शहर पढ़ाई कर रहा है। जबसे उस छात्र को यह पता चला कि उसे इस राजनीति का क्यों शिकार बनाया गया उसका छात्र जीवन प्रभावित हुआ है ।जो अनैतिक व बदले की भावना से कार्य करने का एक जीता जागता उदाहरण है।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा ने नदी में लगायी छलांग

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद (सीतापुर)। सदरपुर थानाक्षेत्र में घर से स्कूल के लिए निकली एक छात्रा ने मुसैदाबाद पुल से शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। आसपास के लोग जबतक वहां पहुँचते तबतक वह पानी में डूब चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर ग्रामीण गोताखोरों की मदद से नहर में कूदी बालिका की खोजबीन शुरू की। सदरपुर थानाक्षेत्र के सरैयां बिसवां मार्ग स्थित मुसैदाबाद शारदा सहायक नहर पुल से रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे रामपुरकलां थानाक्षेत्र के भगंतपुर रेवाली निवासिनी सोमावती (18) पुत्री अरविंद कुमार ने स्कूल जाते समय छलांग लगा दी। छात्रा की स्कूल बैग रखी साइकिल पुल के पास बने मंदिर के पास खड़ी मिली। ग्रामीणों व परिजनों द्वारा रामपुरकलां पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रामपुर कलां की सरैयां चौकी पुलिस ने ग्रामीण गोताखोरों की मदद से नहर में कूदी छात्रा की खोजबीन शुरू की।

### लखीमपुर खीरी में इंडिया शिया महासभा की कमेटी घोषित

जन एक्सप्रेस/लखीमपुरखीरी। खीरी टाउन-ऑल इंडिया शिया महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हैदर अब्बास चाँद साहब और प्रदेश अध्यक्ष अरशद आबिदी साहब और प्रदेश संगठन प्रभारी सैय्यद मौहम्मद काजिम के साथ जिला अध्यक्ष मों0 रज़ा और जिला उपाध्यक्ष हैदर हुसैन (मंटू) पत्रकार कर्रार हुसैन (बाबर) अकील हुसैन,शायजी हुसैन जिला महासचिव रफ़ी मिर्ज़ा एडवोकेट जिला संगठन महासचिव रशीद हुसैन जिला कोपाघयक्ष अलीम हुसैन, जिला सचिव आसिफ़ हुसैन, हैदर हुसैन मौहम्मद अरमान अब्बास इमरान अब्बास कार्यकारणी सदस्य राज हुसैन, सलमान हुसैन, नसीम मिर्ज़ा, मज़ाहिर हुसैन, असलम हुसैन, आकिब हुसैन आदि। ऑल इंडिया शिया महासभा के ज़िला अध्यक्ष मों0 रज़ा ने कमेटी घोषित की है।

## लीक हुए सिलेंडर में लगी भीषण आग, रसोइया गम्भीर रूप से झुलसी

### घटना के समय दर्जनों बच्चे थे मौजूद

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** एमडीएम बनाते समय प्राथमिक विद्यालय में सुरेंद्र का पाइप लीक होने से आग लग गई जिसे रसोईया बुरी तरह झुलस गए रसोईया की हालत गंभीर है घटना के समय दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

घटनाक्रम के अनुसार ब्लॉक नकहा के प्राथमिक विद्यालय बैजनाथ पुरवा मैं उस वक्त अफरातफरी फैल गई जब एमडीएम बनाते समय आग लग गई। आनन-फानन में विद्यालय के अध्यापकों व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में रसोईया बुरी तरह झुलस गई जिसे आनन फानन में अस्पताल में कराया गया। गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने कारण यह हादसा हुआ। हादसे के समय रसोई के पास ही बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। ग्रामीणों व अध्यापकों के तत्काल बचाव कार्य किए जाने से बड़ा हादसा टल गया। लोगों का कहना है कि विद्यालय में अग्निशमन उपकरण मात्र दिखावे के तौर पर लगे हैं एक अग्निशमन उपकरण स्कूल में दिखावे के लिए थे।

### साइकिल से कांवड़ यात्रा हरिद्वार के लिए रवाना



जन एक्सप्रेस/सिंगाही खीरी। क़स्बे के भेड़ोंरा वार्ड नं 4 से सावन के पावन पूर्व अवसर पर तृतीय साइकिल कंवर यात्रा का शुभआरंभ किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और अपनी अपनी साइकिल से कावड़ यात्रा हरिद्वार के लिए रवाना हुए ।शिव मंदिर भेड़ोंरा से होकर मोटे बाबा सरजू नदी से जल भर कर हरिद्वार पहुंचकर शिवजी को जल अविषेक कर वापसी में छोटी काशी गोला गोकरण नाथ प्रस्थान करेगी। साथ में उपस्थित वर्तमान चेयरमैन नगरअध्यक्ष मोहम्मद कयूम, पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, प्रदीप पुरवार, सभासद ध्रुव कुमार, प्रभात शुक्ला,सूरज कनौजिया, जोगेंद्र शाक्य, अफाकहुसैन, सलाउद्दीन, आशीष भंडारी, रामनरेश गुप्ता। महेश कश्यप, उदयभान गुप्ता ने उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ सहायक के असामयिक निधन पर हुई शोक सभा



जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। गुरुवार को तहसील धौरहरा के वरिष्ठ सहायक सतीश वर्मा की आसामयिक मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पूरे राजस्व परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। कलेक्ट्रेट में शोकसभा हुई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने 02 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सतीश वर्मा, वरिष्ठ सहायक, तहसील धौरहरा की आकस्मिक मृत्यु पर हम सब कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारीगण काफी दुखी है तथा उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है ईश्वर उनकी आत्मा को एवं शोक संतृप्त परिवार को इस आपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में उपजिलाधिकारी विधेश, राजीव निगम, प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह, सुधीर सोनी, मो. सलीम, विवेक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मी शामिल हुए।

### गन्ना विकास परिषद व पलिया चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से सट्टा प्रदर्शन का कार्य जारी

जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। चंदन चौकी जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर सत्र 2023-24 के लिए गन्ना विकास परिषद व पलिया चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से सट्टा प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है जिसमें समस्त किसान बंधुओं से आग्रह करना है कि वे अपना कृषि योग्य भूमि, शीघ्र/सामान्य/ अस्वीकृत गन्ना प्रजाति पेड़ी, पौधा, शरदकालीन गन्ना बुवाई मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, बेसिक कोटा एवं सट्टा का अवलोकन करने के पश्चात यदि कोई शिकायत है तो तत्समय उपस्थित चीनी मिल कर्मचारी/गन्ना पर्यवेक्षक को लिखित शिकायत देकर मौके पर ही अपना संशोधन करा लें, ताकि पेराई सत्र में किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। इसी क्रम में आदिवासी थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम छेदिया पूरब में चल रहे सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण करने पहुंचे जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडे व चीनी मिल के बरिष्ट उपप्रधान प्रबंधक (गन्ना) राजीव तोमर ने किसानों को बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों को गन्ने के संबंध में ग्रामवार, कृषकवार, प्रजाति वार रकवे का विवरण खतौनी में दर्शाया गया है। जिसे सभी किसान भाई खतौनी देखकर अपने रकवे का प्लाट वार मिलान कर ले। उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि सभी किसान भाई सट्टा प्रदर्शन के दौरान सट्टा प्रदर्शन करने वाली टीम को पूर्ण सहयोग दें।

## सब्जी मंडी में दिनदहाड़े फायरिंग, कोई नहीं घायल




जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गुरुवार को मिल रोड स्थित सब्जी मंडी स्थित एक आढ़तकीदुकान पर कुछ लोगों ने फायरिंग की हैं कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईटा पत्थर चलाए तब दूसरे पक्ष ने अपने बचाव में फायरिंग की है।फिरोज अहमद पुत्र स्वर्गीय वली अहमद निवासी मोहल्ला मुन्नू गंज ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह अपनी आढत पर बैठे हुए थे तभी विपक्षी भास्कर सिंह रवि गुप्ता उर्फ मोंटी अपने 10-12 अन्य साथियों के साथ नाजायज असला और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और दुकान में घुस गए तहरीर में कहा गया है कि विपक्षियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी कहा गया है कि दुकानदार जान बचा कर छत पर भाग गए प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी कहना है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पत्थर चलाए तो दूसरे पक्ष ने अपने बचाव में फायरिंग की है एक पक्ष की तहरीर पुलिस को मिल गई है दूसरे पक्ष की तहरीर पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है पुलिस का कहना है तहरीर मिली है मामले की छानबीन की जाएगी सब्जी मंडी वालों का कहना है कि दोनों पक्षों में दुकान को लेकर एक हिस्से को खरीदने बेचने का मामला कई दिन से चल रहा था यह प्रकरण पुलिस की जानकारी में भी था परंतु दोनों पक्षों में लेनदेन होकर सुलह समझौता हो गया है परंतु गुरुवार को दोबारा वाद विवाद किस कारण हुआ यह पुलिस की जांच का विषय है।

## 2 करोड़ 42 लाख के बजट से चल रहा बझेड़ा बंधे का कार्य, युद्ध स्तर पर जारी



जन एक्सप्रेस। मनोज मिश्रा

**बिजुआ-खीरी।** क्षेत्र में बाढ़ कटान को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और क्षेत्र में जो गांव बाढ़ व कटान के दायरे में हैं वहां पर भी प्रशासन की पैनी नजर है वहीं विकासखंड बिजुआ के गांव बझेड़ा में कई दिनों से बंधे का कटान चल रहा है जहां पर प्रशासन डेरा जमाए हुए हैं तथा गांव को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है परंतु शारदा नदी द्वारा कटान तेजी से होने के कारण दिन प्रतिदिन गांव की ओर रुख कर रही है आपको यह भी बता दें कि इस बाढ़ व कटान बचाव के लिए शासन प्रशासन द्वारा 2 करोड़ 42 लाख रुपए का बजट दिया गया है जिसको लेकर दिन रात कट रहे बंधे को रोकने का प्रयास किया जा रहा है बांस बल्ली, मिट्टी से भरी बोरियों और पेड़ों को लगा कर नदी का रुख मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है परंतु ग्रामीणों में अभी भी भय सता रहा है कि इतना बजट आने के बावजूद यदि बंधा कट गया तो हम लोगों के घर नदी में समा जाएंगे और हम लोग घर से बेघर होकर खानाबदोसी का जीवन यापन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

## सावन आवा भादौं आवा, गुड़िया का बापु लेवावइ आवा, घुंइया पूरी खातय आवा...



जन एक्सप्रेस। मोबीन अहमद

**सिंगाही-खीरी।** इस समय सावन का पावन मास चल रहा है। रिमझिम बारिश के बीच आम जन मानस भोले की भक्ति में मगन है। आधुनिकता के इस सावन में जहां डीजे की धुन पर कावड़ियों की टोलियां शिव के अभिषेक करती मिलती हैं लेकिन शहर तो छोड़िए गांवों में सावन की पुरानी रंगत फीकी पड़ती जा रही है। जिसके चलते चलते सावन के महीने की लोक परंपरा अब धीरे - धीरे विलुप्त हो चुकी है। गौरतलब है कि आज से करीब दो दशक पीछे जब सावन का महीना लगता था तो गांवों की रौनक देखते ही बनती थी। जहां शिवालयों में जयघोष होते थे वहीं लड़कियों और महिलाओं के लिए झूले पड़ जाते थे। जिस पर बैठ कर सावन आवा भादौं आवा। गुड़िया का बापु लेवावइ आवा।। घुंइया पूरी खातय आवा जैसे लोक गीत गाए महिलाओं की ओर से गाए जाते थे तो लगता था सावन चल रहा है। घरों में लगे मेंहदी के पेड़ों से पत्तियों को तोड़कर मेंहदी रचाई जाती थी। आज आधुनिका के दौर में गांवों से झूले और लोकगीत विलुप्त हो चुके हैं घरों से मेंहदी के पेड़ नदारद हो चुके हैं। इस आधुनिकता के दौर में सड़कों पर तो शिव भक्तों की धूम दिखती है लेकिन गांवों में सावन फीका ही लगता है।

## स्वस्थ्य नेत्र व उनकी स्पष्ट देखने की क्षमता किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)



स्वस्थ्य नेत्र व उनकी स्पष्ट देखने की क्षमता किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने नेत्रों की उचित देखभाल कर उन्हें किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचाया जा सकता है। नेत्र हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नेत्रों के बिना मानव जीवन अधूरा है। इसलिये हमें इनकी सुरक्षा के लिये समय-समय पर चिकित्सकों से उचित सलाह लेकर इन्हें स्वस्थ्य रखना चाहिये। वर्तमान समय में आंखों में तेजी से हो रहे संक्रमण से बचावा के लिये चश्मा अवश्य पहनने के साथ उचित सावधानी अपनाकर इससे बचा जा सकता है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन की सीता चिल्ड्रेन एकेडमी व आशुतोष बृजमोहन लाल मेमोरियल स्कूल में आयोजित निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये सीतापुर आई क्लीनिक के डायरेक्टर नेत्र चिकित्सक डॉ. गौरव पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में सभी को टीवी एवम् मोबाइल के अधिक प्रयोग से दूर रहें। वर्तमान समय में चल रही आंखों की बीमारी आई फ्लू से बचने के लिये सभी को चश्में का प्रयोग करने के साथ उचित चिकित्सीय परामर्श लेकर अन्य सावधानियों अपनाकर इससे बचा जा सकता है। शिविर में 570 मरीजों को नेत्र परीक्षण करने के साथ करीब 150 मरीजों को निश्शुल्क दवा का वितरण कालेज की ओर से किया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन ग्रूप के चेयरमैन आरके वाजपेयी व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने किया। इससे पूर्व सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के डिप्टी चेयरमैन आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर वाजपेयी और वाइस प्रिंसिपल आदर्श जायसवाल, अवनीश अवस्थी द्वारा अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। नेत्र जांच शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों, टीचर्स एवं अन्य कर्मचारियों का परीक्षण कर निश्शुल्क आई ड्राप वितरीत किया गया। इस अवसर पर आयुष जैन, कुलदीप त्रिवेदी, ऋषभ गुप्त, नितिन वर्मा, अंकुर शुक्ल, मनीषिका शुक्ला, रूबी राठौर, अर्चना यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक विद्यार्थी मौजूद थे।

## चले राम लखि अवध अनाथा, नगर लोग सब लागे साथा



### कहि-कहि कोटिक कथा प्रसंगा, राम बिलोकहिं गंग तरंगा

इस अवसर पर प्रभु श्रीराम की आरती करने वालो में प्रमुख रूप से ज्ञान स्वरूप शुक्ला ,आचार्य संजय मिश्र, राम पाण्डेय, सूर्य मणि मिश्र, विधायक योगेश वर्मा, राजू अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल ,रवी गर्ग, कन्हैया धवन, अजय भल्ला, भगवती अग्रवाल विनोद चोपड़ा, धर्म चंद जैन, संजय अग्रवाल आशीष अग्रवाल, गोपी गुप्ता, संदीप मिश्रा , युवराज शेखर, देवव्रत पांडेय,निजम शुक्ला, डा. डी. एन मालपानी, शिवकांत मिश्रा,कपिल श्रीवास्तव, और महिला टीम से श्वेता अग्रवाल, रति शेखर, रूपाली शेखर, अनीता शेखर संगीता शेखर रितु अग्रवाल, अंजीता गर्ग, ऋचा अग्रवाल, रीना शर्मा, आरती अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रश्मि महिंद्रा ,कविता शेखर, गरिमा पोद्दार,चंचल अग्रवाल ,गुंजन अग्रवाल ,मधु अग्रवाल, लता अग्रवाल, निधि अग्रवाल, नीरज मिश्रा, दिव्या शर्मा उमा पोद्दार, आदि शामिल रहे।

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

चले राम लखि अवध अनाथा, नगर लोग सब लागे साथा,लागत अवधि भयावनि भारी मानहु काल राति अंधियारी,कथा व्यास रमेश भाई शुक्ला ने श्री राम कथा के दौरान राम वन गमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि प्रभु श्री राम का जहां राज्याभिषेक होने वाला था वहां उन्हें वनवास हो गया।उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने इसे स्वयं सहर्ष स्वीकार किया कि उनके पूर्व जन्म के कोई पुण्य उदय हुए हैं, जिससे उन्हें साधु संतो के दर्शन मिलेंगे। राज्य का सुख छोड़कर व परित्राणाय साधुनाम विनाशाय च दुष्कृताम् के लिए वन जाने को तैयार हो गए जिसके लिए उन्होंने अवतार लिया था।श्री राम कथा के सातवें दिन सजे हुए भव्य पंडाल में आरती के बाद कथा व्यास ने अपनी कथा शुरू की इस दौरान पूरे पंडाल में जोरदार जयकारे गूंजते दिखाई दिए रमेश भाई शुक्ल कथा व्यास ने बताया कि भगवान जब भी अवतार लेते हैं। अपने भक्तों का कल्याण करते हैं इसके लिए भगवान स्वयं कष्ट भी खेलते हैं प्रभु श्रीराम का जीवन दर्शन हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि जीवन में सुख समृद्धि विलासिता महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि लोक कल्याण लोकमंगल की भावना महत्वपूर्ण है और उसके सामने कोई भी कष्ट बड़ा नहीं है। हजारों की संख्या में भक्तों से खचाखच भरे पंडाल में कथा व्यास रमेश भाई शुक्ला ने बताया कि सीता सचिव सहित दोउ भाई, श्रृंगबेरपुर पहुंचे जाई।सीता जी और मंत्री सुमन्त समेत दोनों भाई श्रृंगबेरपुर पहुंचते हैं, जहां गंगा जी को देखकर श्रीराम रथ से उतर कर, बड़े हर्ष के साथ दंडवत प्रणाम करते हैं। अनेकानेक कथा प्रसंग कहते हुए प्रभु श्रीराम गंगा जी की तरंगों को देख रहे हैं। मंत्री आर्य सुमंत, छोटे भाई लक्ष्मण और सीता जी को देव नदी गंगा जी की महिमा सुनाते हैं।

# कालपी में हस्तनिर्मित कागज उद्योग की गांधीवादी मुन्ना लाल खद्दारी ने सौ वर्ष पहले की थी स्थापना

**जन एक्सप्रेस | अंकित गुप्ता**




**कालपी।** नगर में हस्तनिर्मित कागज उद्योग की स्थापना आज से लगभग 100 वर्ष पहले नगर के गांधीवादी मुन्नालाल खदरी के द्वारा की गई थी। वैसे तो कालपी का कागज इतिहास के पन्नों में सुमार है। भारत देश के आजाद होने से पहले नगर के मुन्नालाल खद्दारी एक गांधीवादी के रूप में पहचाने जाते थे। इनके द्वारा कालपी में निर्मित खादी एवं हाथ कागज उद्योग की स्थापना की गई थी। कालपी के उद्यमियों ने बताया मुन्नालाल अपने समय में कपड़े के टुकड़ों को लाकर पैरों से कुचलकर लुगदी तैयार करते थे। इसके बाद उसी लुगदी से अपने हाथों से कागज तैयार करते थे। उसी समय इनके द्वारा नगर में कई इकाइयां स्थापित की गई। उसी समय हाथ कागज उद्योग सोसाइटी का गठन किया और हस्तनिर्मित कागज की कार्यशाला चालू की गई। उन्हीं की प्रेरणा से नगर के मोहल्ला रामगंज में ग्राम उद्योग केंद्र की स्थापना हुई। जिसमें हस्तनिर्मित कागज तैयार करने के लिए एक सैकड़ा से अधिक लोग कार्य करते थे। उसी समय इनके सहयोगी पूर्व विधायक पंडित शिव संपत्ति शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राघव शर्मा एवं चंद्रभान विद्यार्थी भगवान दास गुप्ता के अथक प्रयासों से 1965 में उत्तर प्रदेश हाथ कागज उत्पादन एवं प्रशिक्षण केंद्र के कालपी नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में स्थापना की गई। उसी दौरान नगर के इसी मोहल्ले का नाम कागज उद्योग को लेकर कागजीपुरा रखा गया था। इसके बाद सन 1980 में किसको इंडस्ट्रियल एरिया के नाम से स्थापना हुई। जहां पर लगभग 20 कागज उद्यमियों के द्वारा हस्त कागज निर्मित फैक्ट्री लगाई गई, जो आज बढ़कर नगर में 55 से अधिक कागज फैक्ट्री चालू है।

### कागज उद्यमियों की प्रतिक्रिया



सनशाइन हैंडमेड पेपर के संस्थापक रविंद्र नाथ गुप्ता ने बताया कि जीआई टैग मिलने पर हम लोगों के द्वारा उत्पाद किया गया। कागज कि विदेशों में मांग होने लगेगी और इसके लिए हम उद्यमियों को आर्डर मिलेंगे। जिससे कारोबार में भारी वृद्धि होगी। अब इसमें उत्साहजनक परिणाम सामने आएंगे।



उद्यमी नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे द्वारा तैयार किया गया। हस्तनिर्मित कागज पूरी तरीके से प्रदूषण मुक्त है। जीआई टैग मिलने पर इस कागज की मांग भारत के अलावा अन्य देशों के बाजारों में अधिक होगी। जिससे हम लोगों के उद्योगों को राहत मिलेगी। इसके लिए मैं केंद्र सरकार को धन्यवाद देता हूं। जिन्होंने कालपी के कागज की तरफ ध्यान कर कर जीआई टैग दिलवाया।



न्यू बालाजी हैंड मेड पेपर उद्यमी मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि जीआई टैग मिलने पर हस्त निर्मित कागज को प्रोत्साहन मिलेगा और इस कागज की पूरे विश्व में पहचान होगी। नए सिरे से उद्योगों का विकास होगा और तमाम बेरोजगार लोगों को इसमें रोजगार मिलेगा।

# रेलवे लाइन पर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

घर से कालपी जाने की बात कह कर निकले युवक का शव रेलवे लाइन पर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर निवासी देवेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र दीपक सिंह बुधवार के दिन अपने मामा की बाइक लेकर कालपी जाने की बात कहकर घर निकल हुआ था। जब वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो पिता ने रिश्तेदारी में उसकी पूछताछ करना शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान ही पिता को जानकारी मिली कि भोगनीपुर थाना क्षेत्र के डिलौलिया गांव के सामने यमुना पुल के समीप दीपक का शव छत विक्षित हालत में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। जबकि रेलवे ट्रैक के पास ही उसकी बाइक खड़ी हुई पाई गई। पिता ने बताया कि वह उरई के बघौरा में रहकर कोचिंग कर रहा था। बुधवार को ही वह गांव आया था, और वह बहुत ही खुश था। पिता ने उसकी मौत संदिग्ध हालात में बताया है। पुत्र की मौत से मां हरि देवी का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को ही वह गांव आया था, और वह बहुत ही खुश था। पिता ने उसकी मौत संदिग्ध हालात में बताया है। पुत्र की मौत से मां हरि देवी का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पिता के घर विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड़ स्थित कांशीराम कॉलोनी में अपने पिता के घर रह रही विवाहिता पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शहर कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी निवासी खिल्लन सिंह ने अपनी बेटी संतोषी 23 वर्ष की शादी मथुरा निवासी ओमप्रकाश से करीब 5 साल पहले की थी। बताया गया है कि पति ड्राइवर है, जिस वजह से वह ज्यादातर घर के बाहर ही रहता है। इसी बात को लेकर संतोषी का अपने पति से मनमुटाव हो गया और पिछले 2 सालों से वह पति को छोड़कर अपने पिता व बाकी मायके वालों के साथ में काशीराम कॉलोनी में ही रह रही थी। बुधवार देर शाम परिवार के लोग कहीं गए हुए थे और उसके दो बच्चे बाहर खेल रहे थे। तभी उसने दुपट्टे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो उन्होंने पुत्री को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के पिता ने बताया कि पति से मनमुटाव के चलते उसकी बेटी ने खुदकुशी की है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि पति से मनमुटाव के चलते उसकी बेटी ने खुदकुशी की है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सदर विधायक ने चयनित दलों को प्रोत्साहन सामग्री (खेल किट) का किया वितरण

**जन एक्सप्रेस | उरई**



युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में जनपद के युवक/महिला मंगल दलों को वर्ष 2022-23 के चयनित दलों को प्रोत्साहन सामग्री (खेलकिट) का वितरण रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में किया गया। जिसमें जनपद के 09 विकास खण्डों से चयनित दलों ने प्रतिभाग कर किट प्राप्त की।

सदर विधायक ने कहा कि मानव का विकास एक खेल को अंगीकार करके सार्थक जीवन जीना चाहिए। सभी प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से ग्राम मई विकास खण्ड रामपुरा के हर्ष बहादुर सिंह को राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता गौतम बुद्धनगर में 70 किलोग्राम कुश्ती में गोल्ड मैडल प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र त्रिपाठी जिला विकास अधिकारी ने दलों को आर्शीवाद प्रदान करते हुये जनपद का नाम रोशन करने की अपील की। अन्त में जिला युवा कल्याण अधिकारी रवीन्द्र कुमार पटैरिया ने आये हुये सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारी गणों एवं युवक मंगल दल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में सहयोग की अपील की।

समारोह का संचालन अवनीन्द्र कुमार ओझा एवं मैराज अहमद खान ने किया। इस दौरान विधायक मूलचन्द्र निरंजन, केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार प्रतिनिधि रविकान्त द्विवेदी, अर्चना प्रजापति, प्रकाश सिंह कुशवाहा, पंकज शिवहरे एवं विशाल कुशवाहा समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

# इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस | उरई**

शहर कोतवाली के कुइया रोड़ निवासी इंटर की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। जिला हमीरपुर के जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटालिया निवासी नरेश राजपूत पिछले काफी समय से शहर की कुईया रोड पर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। बताया गया कि जिनकी बेटी शिवानी 15 वर्ष इंटर की छात्रा थी। जिसने बुधवार देर रात को अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो पुत्री का शव दुपट्टे से लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिवार वालों ने बताया कि शिवानी इंटर की छात्रा थी। जो मानसिक रूप से पीड़ित थी, और उसका इलाज भी चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुत्री की मौत के बाद से मां हर्देस कुमारी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# अन्ना मवेशियों के झुंड से टकराई बाइक, दम्पत्ति घायल

**जन एक्सप्रेस | कुठौंद**

थाना क्षेत्र में उमरी रोड पर तेज रफ्तार बाइक निजामपुर मोड़ के पास अन्ना मवेशियों के झुंड से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार दम्पत्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रमेश 43 वर्ष अपनी पत्नी मालती देवी 40 वर्ष को बाइक पर बैठाकर कुठौंद से रामपुरा जा रहा था। तभी ऊमरी रोड़ पर ग्राम निजामपुर मोड़ के पास अचानक खेत से अन्ना मवेशियों का एक झुंड निकलकर रोड पर आ गया। जिससे बाइक चालक ने अचानक नियन्त्रण खो दिया और झुंड से टकराते हुए बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खन्दक में गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दम्पत्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख कर मौके पर पहुंचे चरवाहों ने घायल दोनो लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया, और उनके परिजनों को सूचना दे दी।

# अपहरण व दुष्कर्म मामले में दो लोगों को सुनाई गई सजा

**जन एक्सप्रेस | उरई**

**– एक को 20 बर्ष की सजा व 50 हजार का अर्थदंड, तो वहीं दूसरे को 10 बर्ष की सजा के साथ 10 का जुर्माना**



अपहरण व दुष्कर्म मामले में साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर न्यायाधीश ने दो आरोपियों में एक आरोपी को 20 बर्ष की सजा व 50 हजार रुपए से दंडित किया। तो वहीं दूसरे आरोपी को 10 बर्ष के कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया।

कालपी कोतवाली के ग्राम मंगरौल निवासी सीताराम पुत्र कामता और लल्ला भईया पुत्र रतिराम ने बीते चार साल पहले की सुबह के समय 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया था। बाद में सीताराम ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दे दिया था। पीडिता के पिता ने 11 अक्टूबर 2018 को ही दोनों के विरुद्ध कालपी कोतवाली में अपहरण और दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया था। पुलिस ने 11 माह बाद कोर्ट में आरोप पत्र पेश कर दिए थे। जिसके बाद अपर जिला जज पॉक्सो एट कोर्ट में चार साल तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश मुहम्मद आजाद ने सीताराम को दुष्कर्म का दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। तो वहीं लल्ला भईया को अपहरण का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड जमा करने की सजा सुनाई। वादी पक्ष की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह गुर्जर ने की।

# दो मारपीट के मामले हुए दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर निवासी रहीश खान पुत्र अब्दुल रज्जाक ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि दानिश खान पुत्र अकील उर्फ काले खां और उसकी मां ने मिलकर उसकी पुत्री के साथ मारपीट की। इतना ही नही जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला आटा थाना में ग्राम वीरपुरा थाना चंदहरा जनपद टीकमगढ़ मध्य प्रदेश निवासी सुनीता पत्नी अशोक कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सूर्यपाल पुत्र आसाराम निवासी सुनहेटा थाना आटा समेत तीन लोगों ने मिलकर उसको व उसके पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की।

# बंटवारे के विवाद में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस | सिरसा कलार**

थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ैया में बंटवारे को लेकर हो रहे झगड़े से आजिज आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के मड़ैया निवासी शशि 35 वर्ष पत्नी पिंटू राजपूत के घर बंटवारे को लेकर कई बार लड़ाई झगड़ा हुआ। जिसके चलते गुरुवार को विवाहिता ने घर के अन्दर कमरे में फांसी लगा ली। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई और मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी उसके मायके सिहौली थाना अयाना जिला ओरैया वालों को दी। घटना की खबर मिलते ही मृतिका के चाचा विष्णु दयाल पुत्र जंग बहादुर मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतिका शशि के दो पुत्र एक पुत्री है। जबकि पति पिंटू चार भाई है, घर में तीन ट्रैक्टर व दो रहने के मकान है। जिनके बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी। जिनके बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# गोवध से जुड़े दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

थाना फतेहपुर पुलिस ने गोवध कर उसके मांस की बिक्री करने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से मांस काटने के उपकरण सहित एक तमंचा व कारतूस और 3050 रुपये व ए ई रिक्शा बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी रहमत अली पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सफी निवासी काजीपुर 2 व फारुख पुत्र स्वर्गीय अहमद अली निवासी शेखपुर थाना फतेहपुर के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास तीन छुरी, तीन चापड़, एक ठीहा,एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 3050 रुपये व ई रिक्शा गाड़ी बरामद की है। फतेहपुर पुलिस ने इन्हें बेलहरा रोड से मिठवारा जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वह योजना बनाकर संगठित गिरोह के तहत गोवंश पशुओं की हत्या कर उनके मांस की बिक्री करते थे। साथ ही उन्होंने बीती 16 तारीख को बेलहरा रोड पर नहर पटरी के जंगल में चरखा गांव के एक किसान की गाय को चोरी कर काट डालने की घटना को स्वीकार किया है।

# विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में क्षेत्राधिकारी को मिला सिल्वर पदक

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**




जिले में रामसनेहीघाट पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र एक बेहतरीन एथलीट्स है। जिन्होंने पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 की हंड्रेड मीटर रेस प्रतिस्पर्धा में भारत की तरफ से पुलिस की मेजबानी कर रहे थे। जिसमें उन्होंने रजत ( सिल्वर) पदक पाकर उत्तर प्रदेश पुलिस को गौरवान्वित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आशुतोष मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह, सीओ नगर बीनू सिंह, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, सीओ रामनगर हर्षित चौहान सहित समस्त प्रभारी निरीक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। जटाशंकर मिश्र पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस को गौरवान्वित कर चुके है।

# युवक के डूबने की गुत्थी अनसुलझी

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** घाघरा नदी में डूबे हुए व्यक्ति का शव बरामद हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका। ज्ञात हो कि कोतवाली नगर के सोमैया नगर चौकी के बहादुरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र रक्षाराम 25 वर्ष बुधवार की शाम थाना रामनगर अंतर्गत घाघरा पुल के नीचे बह रही सरयू नदी के किनारे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर गहरे पानी में चला गया था। परिणाम स्वरूप डूब जाने के कारण उसकी मौत हो गई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई उसका शव गुरुवार को बरामद हो गया।जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पाकर मौके पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे। लेकिन आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रत्यक्षदर्शी बताते है कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ नदी के किनारे स्थित शराब की दुकान पर पहुंचा था। जहां तीनों ने मिलकर शराब पी थी। इसके बाद वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

# सचल विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी**

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हो रहे विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ द्वारा एक सचल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में किया गया। सचल विज्ञान प्रदर्शनी बस में मशीन इन एवरी डे लाइफ विषय पर 20 स्वचालित प्रदर्शक लगे हैं। जिनका आनंद छात्र-छात्राओं ने उठाया। इस प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान पर आधारित फिल्म एवं विज्ञान पर व्याख्यान प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर के प्राचार्य डॉ विजय कृष्ण यादव ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली सरल मशीनों के बारे में विस्तार पूर्वक छात्र छात्राओं को बताया गया। उन्होंने कहा कि वास्तव में प्रतिदिन होने वाले जटिल कार्यों को सरल मशीनों के प्रयोग से अत्यंत कम समय में और आसानी से सम्पूर्ण किया जा सकता है।

आज मानव द्वारा कृषि औद्योगिक और विकास के क्षेत्र में विविध प्रकार की मशीनों का प्रयोग कैसे जटिल कार्यों को आसानी से संपादित कर विकास कार्यों में योगदान दिया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी अवलोकन किया। आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ से आई टीम के प्रमुख संगम सिंह ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान से संबंधित अनेक प्रयोग व्याख्यान दिखाकर विज्ञान के कई सिद्धांतों को बड़े ही सरल तरीके से समझाया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने के साथ ही उनके अंदर वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना है। इस मौके पर शिक्षक रामधार रावत सुनील कश्यप चंद्रशेखर प्रेम तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीन चरणों में चलेगा सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस अभियान का पहला चरण 7 अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तथा तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित होगा। जिले में अभियान की सफलता के लिए गुरुवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश यादव ने कार्यशाला में हेडकाउंट सर्वे एवं माइक्रो प्लान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करने के साथ ही अभियान की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र चलाया जा रहा है लेकिन किन्ही कारणों से 35 हजार से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण छूट गया है। जिसे लेकर सघन मिशन इंद्रधनुष 50 अभियान 3 चरणों में अगस्त सितंबर और अक्टूबर माह में चलाया जाएगा इस अभियान में एकीकृत रूप से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती को टीकाकरण से आच्छादित कर विशेष जोड़ दिया जाएगा। सीएमओ ने समस्त अधीक्षक पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान में उच्च जोखिम मलिन बस्तियों दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष जोड़ दिया जाए।जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से छूटे हुए 5 वर्ष तक के 35 हजार से अधिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस अभियान का पहला चरण 7 अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तथा तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित होगा। जिले में अभियान की सफलता के लिए गुरुवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अरे साला की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश यादव ने कल शाला में हेडकाउंट सर्वे एवं माइक्रो प्लान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करने के साथ ही अभियान की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र चलाया जा रहा है लेकिन किन्ही कारणों से 35 हजार से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण छूट गया है। जिसे लेकर सघन मिशन इंद्रधनुष 50 अभियान 3 चरणों में अगस्त सितंबर और अक्टूबर माह में चलाया जाएगा इस अभियान में एकीकृत रूप से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती को टीकाकरण से आच्छादित कर विशेष जोड़ दिया जाएगा। सीएमओ ने समस्त अधीक्षक पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान में उच्च जोखिम मलिन बस्तियों दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष जोर दिया जाए।

# अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना

* श्रद्धालु चाय और काफी समेत अन्य स्नैक्स का लुत्फ उठा सकेंगे

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने की कवायद जोर-शोर से चल रही है। यहां आने-वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या के प्रति आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। दीपोत्सव तक सरयू में क्रूज का संचालन प्रस्तावित तो है ही अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना आ गई है। इस योजना के तहत नगर के मुख्य पथों पर कुछ छतों पर कैफेटेरिया खोलने की योजना है, जहां श्रद्धालु चाय और काफी समेत अन्य स्नैक्स का लुत्फ उठा सकेंगे। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या को पर्यटन नगरी वाला लुक देने की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर निर्माण के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उनके रहने, खाने और उठने व बैठने की व्यवस्था जोर-शोर से की जा रही है। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या को उसके पौराणिक गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत यहां विभिन्न विकास कार्यों को कराया जा रहा है। जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को उसकी पौराणिक महत्ता के अनुसार सजाये जाने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आधुनिकता को भी ध्यान में रखते हुये जन्म भूमि पथ, भक्ति पथ के समीप स्थित घरों में रूफ टॉप कैफेटेरिया विकसित करने के लिए गृहस्वामियों को प्रेरित किया जाएगा, जिसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार एजेंसी के साथ अनुबंध कर आसपास के घरों का सर्वे कराकर इच्छुक गृहस्वामियों को रूफ टॉप कैफेटेरिया बनाने के लिए जागरूक करेगा। इसके लिए परमिशन आदि संबंधी जो प्रक्रियायें होंगी उनको एडीए के पैनल के माध्यम से सरल किया जाएगा। इन रूफ टॉप कैफेटेरिया/ओपन टू स्काई रेस्टोरेंट के माध्यम से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु श्रीराम मंदिर के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर सकेंगे।

**गृहस्वामियों की आमदनी भी बढ़ेगी**

अयोध्या के गृहस्वामियों की आमदनी बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन तमाम योजनाओं को जमीन पर उतारने जा रहा है। इसमें एक होम स्टे/पेइंग गेस्ट योजना भी शामिल है, जिसमें नगर के कई लोगों को जोड़ा जा चुका है। एक हजार गृहस्वामियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। रूफ टॉप कैफेटेरिया भी इसी योजना के तहत होगी।

# कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई बलरामपुर



ब्लॉक विकासखंड के मुख्यालय कौवापुर के परिसर में किड्जी सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मिलेट्स महोत्सव व खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने फीता काटकर व दीपांजलि करके कार्यक्रम की शुरुआत किया।

विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने खरीफ किसान गोष्ठी कार्यक्रम में कहा की निश्चित तौर पर भारत किसानों और खेत, खलिहानो का देश है। देश के अपने इन अन्नदाताओ पर गर्व है। तो इन कृषक साथियों पर भी महती जिम्मेदारी है कि वे नवीन तकनीकियो और ज्ञान को प्राप्त कर कृषि कर्म करें। किसानों को सरकार की तरफ से तमाम प्रकार की दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। उचित दर पर मिलता है। कृषि के क्षेत्र में मृदा का प्रशिक्षण से लेकर बीज शोधन आदि का भी महत्व है। कृषि उप संभागीय अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ महकमा पात्र किसानों को दिलाने में जुटा है। खेतों को जितनी अधिक जुताई की जाती है। खरपतवार उतनी कम उगते हैं जो खेती के लिए लाभप्रद है। ऐसे में खेती से पहले मिट्टी की जांच अवश्य करानी चाहिए। खारवा बीजों का चुनाव करें।

समय से पानी दवा आदि का छिड़काव कर अच्छी पैदावार पाई जा सकती है। खेतों मे फसलों के बचाव के लिए अच्छी दवा का छिड़काव करना चाहिए। खेतों में रासायनिक खादों का अत्यधिक प्रयोग करना चाहिए। विकास खंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने केंद्र व प्रदेश द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर गोदाम प्रभारी अमरदीप सरोज, आलोक सोनकर, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार, एडीओ एजी, राजेश कुमार, संतोष तिवारी, राखी यादव आर्य प्रीति कमलनयन उपाध्याय ग्राम प्रधान मंगलदेव सिंह विनय मिश्रा बाबूलाल केसरी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## फ्लू के बढ़े मरीज, आंख की बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिले में आई फ्लू तेजी से फैल रहा है। कंजेक्टिवाइटिस के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग चिंतित हैं। ????आई फ्लू से चपेट में आने वाले मरीजों की आंखों में 48 से 72 घंटे तक यह संक्रमण रहता है।स्वास्थ्य विभाग लोगों को इसके बारे में जागरूक कर रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता का कहना है, आई फ्लू वाले मरीजों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया, बीते कई दिनों से आई फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि कंजेक्टिवाइटिस से पीड़ित व्यक्ति से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। साथ ही कुछ सावधानियां भी बरतें। संक्रमित व्यक्ति से उसका बिस्तर, तकिया, गमछा आदि अलग कर दें। कोई भी वस्तु छूने के बाद हाथों को साबुन से धुले।

घर से जाते और आते समय हाथ अवश्य धुलना चाहिए। संक्रमित के लिए अलग कमरे की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन ने बताया, इन दिनों यह बीमारी व्यापक रूप से फैल रही है। यदि कोई व्यक्ति इससे संक्रमित हो जाए तो घर के शौचालय और स्नानघर की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। अगर संक्रमण है तो आंखों पर काले चश्मे का प्रयोग करें और लोगों से दूरी बना लें। संक्रमित व्यक्ति से दूसरों को भी संक्रमण का खतरा होता है। इसलिए संक्रमित व्यक्ति की आंखों के लिए अलग आई ड्राप रखना है। उन्होंने बताया कि चिकित्सीय परामर्श से ही आई ड्रॉप लेना चाहिए। आंखों को बार-बार छूना नहीं चाहिए।

# पेड़ से लटका मिला ग्राम चौकीदार का शव

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर, अयोध्या



अमानीगंज में संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर आम के पेड़ में ग्राम चौकीदार का शव लटका मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची खण्डासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ग्रामीणों में घरेलू विवाद में आत्महत्या करने की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक खण्डासा थाना क्षेत्र के डूडी अमानीगंज गांव निवासी ग्राम चौकीदार लव कुमार पुत्र राम तीर्थ यादव उम्र करीब 35 वर्ष का शव बृहस्पतिवार की सुबह गांव के बाहर कुडवारिया बाग में संदिग्ध अवस्था मे पेड़ की डाल से रस्सी के फंदे से लटका मिला। खेत व बाग की तरफ गए लोगों ने शव को फंदे से लटकता देख परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक लव कुमार थाना खण्डासा में चौकीदार के रूप में भी कार्य था तथा कभी-कभी थाने की गाड़ी भी चलाता था।परिजनों का कहना है कि भोर में लव कुमार घर से रस्सी लेकर निकले थे। हम लोग समझे कि खेत की ओर जा रहे हैं। लेकिन यह नहीं मालूम था कि फंदे से लटक कर जान दे देंगे। मृतक के दो बेटियां व एक बेटा है। जो घटना के बाद से अत्यंत व्यथित हैं। वहीं मृतक की पत्नी पति वियोग में रो-रो कर बेहोश हो जा रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने बताया कि मृतक ग्राम चौकीदार लव कुमार के शव का पंचायतनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल घटना के संबंध में परिजनों से जानकारियां ली जा रही है। तहरीर मिलने पर विधि कार्यवाही भी की जाएगी।

## मसौधा विकासखंड पर आयोजित हुई जल जीवन मिशन की जागरूकता कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

विकासखंड मसौधा के सभागार में गुरुवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जागरूकता कार्यशाला आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह एवं खंड विकास अधिकारी रासेश गुप्ता द्वारा कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही जल जीवन मिशन योजना हर घर जल के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया। प्रमुख अभिषेक सिंह ने इसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताया। और कहा कि निकट भविष्य में जल संकट से निपटने के लिए एवं आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यह योजना काफी कारगर सिद्ध होगी। इससे पहले विकास खंड सभागार में आयोजित कार्यशाला मे संज्ञान संस्था प्रोजेक्ट के स्टेट कोऑर्डिनेटर दिवाकर शुक्ला ने प्रचार माध्यमों से ग्रामीण अंचलों में सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के बारे में प्रचार प्रसार करने की अपील की है। बताया कि स्वच्छ जल से कई बीमारियों से बचाव हो सकता है। हर घर जल योजना की महत्व को साझा किया। बताया कि स्वच्छ जल एवं जल संवर्धन निकट भविष्य में खड़ी हो रही चुनौतियों का सामना करने का मूल मंत्र है। जल का संरक्षण और संवर्धन सभी की सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। बताया कि गांव में मौजूदा पेयजल के स्त्रोतों की जल जांच करने का अभियान चलाया जा रहा है। तथा नुक्कड़ नाटक वॉल पेंटिंग तथा अन्य माध्यमों से लोगों को इस योजना की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी जाएगी। खंड विकास अधिकारी रसेश गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा पेयजल के स्त्रोतों में गुणवत्ता की स्थिति बड़ी चिंताजनक है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक है महिला सम्मान बचत पत्र: पी के सिंह

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जनपद में महिला सम्मान बचत पत्र योजना ने पकड़ रही रफतार महिलाएं अपने भविष्य को आर्थिक पंख लगाने के लिए डाकघर की सर्वाधिक ब्याज वाली योजना में अप्रेल से अब तक सैकड़ों महिलाओं ने अयोध्या के डाकघरों में निवेश किया। अयोध्या प्रधान डाकघर में भारत सरकार के द्वारा शुरू की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना को और गति देने के लिए महिला ग्राहक के लिए जागरूक अभियान चलाया गया दो दर्जन से अधिक महिलाओं को चाभी का छल्ला भी भेंट किया गया साथ ही आने वाली महिलाओं को योजना के बारे में बताया गया। दूसरी ओर महिला ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए डाक विभाग ने सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जहाँ महिला सम्मान बचत पत्र के साथ अपनी फोटो ले रही हैं। दर्जनों महिलाओं को चाभी का छल्ला भेंट करते हुए अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं की निवेश में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए छोटी बचत योजना के तहत एक नई स्कीम महिला सम्मान बचत पत्र की शुरुआत 1 अप्रैल 2023 से किया गया। जिसमें सिर्फ महिलाएं ही निवेश कर सकती है यह महिला सम्मान बचत पत्र योजना कम समय में ज्यादा रिटर्न का लाभ देगी। महिला सम्मान बचत पत्र के अंतर्गत न्यूनतम 1000 अधिकतम 2 लाख निवेश किया जा सकता है महिला सम्मान बचत पत्र में केवल 2 साल में 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। एक बार निवेश करने के बाद तीन माह बाद ही दूसरा निवेश किया जा सकेगा। एक वर्ष बाद जमा राशि में से 40% राशि निकाली भी जा सकेगी इस दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आम बजट में घोषित **'महिला सम्मान बचत पत्र योजना'** अब सभी डाकघरों में उपलब्ध है।

## पुलिस द्वारा परोमा गांव में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली अंतर्गत चौकी चौरे बाजार क्षेत्र के परोमा गांव में गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश कुमार तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय के दिशा निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला चौपाल का आयोजन किया गया। जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति दीदी के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति मोबाइल ,महिला हेल्प डेस्क, महिला रिपोर्ट पुलिस चौकी परामर्श केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव के लिए भी जरूरी टिप्स दिया गया और जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 108, 112 ,181 के बारे में जानकारी दी गई। तथा छात्राओं में पंपलेट वितरण किया गया। बताया गया कि सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा और अधिकार के लिए तमाम नियम और कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी रखना चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए।

# बीएड परीक्षा के तीसरे दिन 9 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जिला मुख्यालय स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर गुरुवार को बीएड परीक्षा के तीसरे दिन 641 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जानकारी के अनुसार 3 अगस्त को महाविद्यालय प्राचार्य केंद्राध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध 08 महाविद्यालयों के बीएड की मुख्य परीक्षा एम एल के पी जी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर चल रही है। केन्द्र पर एम एल के कॉलेज के अतिरिक्त विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा, शक्ति स्मारक संस्थान, हाजी इस्माइल सादुल्लाहनगर, राम तीरथ चौधरी उतरौला, फैसल महाविद्यालय तुलसीपुर, सत्यनारायण उच्च शिक्षण संस्थान श्रावस्ती व चौधरी लालता प्रसाद श्रीदत्तगंज के परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

परीक्षा के सकुशल संचालन व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए विशेष आंतरिक सचल दस्ते बनाये गए हैं जो महाविद्यालय के मुख्य द्वार सहित परीक्षाकक्ष में भी परीक्षार्थियों पर अपनी नज़र रख रहे हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ. सद्गुरु प्रकाश व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि परीक्षा अपराह्न 02:30 से 05:30 के मध्य कराई जा रही है। तीसरे दिन बीएड द्वितीय वर्ष के पंजीकृत 650 में से 651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गए।

## जनसेवा केन्द्र का बैंक के सभापति ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिला सहकारी बैंक के सभापति डॉ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बैंक के संचालक सुनील कुमार सिंह के साथ बहुउददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. (बी पैक्स) कल्पीपारा बहराइच में जिला सहकारी बैंक के जनसेवा केन्द्र का उदघाटन किया तथा किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण भी किया। इस अवसर पर सभापति ने बैंक के अधिकारियों के साथ पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के अन्त में बी पैक्स कल्पीपारा के सचिव राज कुमार सिंह द्वारा अतिथियों के प्रति धन्यवाद एवं अभार ज्ञापित किया गया। सीएचसी के उद्घाटन अवसर पर अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर अरविन्द सिंह, जिला सहकारी बैंक सलारपुर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक बद्रीश कुमार सिंह, बी पैक्स कल्पीपारा के अध्यक्ष हरीराम एवं समिति सेवा के सम्मानित किसान तथा संभ्रान्त एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु पीएम यशस्वी टाप क्लास एजुकेशन इन स्कूल फार ओबीसी एण्ड अदर योजनान्तर्गत नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित किये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। चयन प्रकिया मेरिट के आधार पर होगी। योजना के संचालन हेतु बेवसाइड वाईईटीडाटएनटीएडाटएसीडाटइन निर्धारित है। कक्षा 9 एवं 11 में अध्यनरत योग्य छात्र-छात्राओं जिनके माता-पिता एवं अभिभावक की आय 2.50 लाख तक है को छात्रवृत्ति हेतु 10 अगस्त 2023 तक सम्बन्धित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे परीक्षा से सम्बन्धित अपडेट के लिए एनटीए के वेबसाइड के सम्पर्क में रहे एवं किसी भी जानकारी के लिए एनटीए हेल्पडेक्स नम्बर 011 4075 9000 या 011 6922 7700 पर काल कर सकते है।

# महंगा पड़ा दोस्त की पत्नी से मोबाइल फोन पर बात करना

जन एक्सप्रेस। बहराइच

* बंद कमरे में युवक को डीजे की धुन पर लात घूंसों से पीटा
* प्राइवेट पार्ट पर भी किया प्रहार, करंट के झटके भी दिए

दोस्त की पत्नी से फोन पर बात करना एक युवक को महंगा साबित हुआ। प्रतिक्रिया में दोस्त ने बहाने से उसे अपने घर बुलाया और डीजे बजाकर उसकी जमकर पिटाई की। पीड़ित युवक के अनुसार हमले के दौरान उसके प्राइवेट पार्ट पर भी कई प्रहार किए।

बहराइच जिले के फखरपुर थाना अंतर्गत प्यारेपुर गांव निवासी शाकिर अली पुत्र फकीर अली ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के निवासी सलमान ने उसे जरूरी काम होने की बात कहकर दो दिन पूर्व अपने घर बुलाया। इसके बाद कमरे में ले जाकर जबरन बंद कर दिया। इसके बाद बाहर डीजे बजा दिया। शाकिर ने पुलिस को बताया डीजे की तेज धुन में सलमान उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य ने लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। शाकिर का कहना है कि वह बचाव के लिए चीखता रहा, लेकिन डीजे की तेज धुन के चलते उसकी आवाज किसी को सुनाई नहीं पड़ी। शाकिर ने बताया कि पिटाई के साथ ही उसे करंट के तार लगाकर झटके भी दिए गए और प्राइवेट पार्ट पर भी गंभीर चोट पहुंचाई। शाकिर ने सलमान के साथ ही उसकी पत्नी जुबरातिया और सलमान के परिवार की फातिमा पर भी पिटाई का आरोप लगाया है। शाकिर का कहना है कि करंट के झटके और पिटाई के चलते वह बेहोश हो गया। शाकिर ने बताया कि आंख खुली तो उसने अपने आप को स्थानीय अस्पताल में पाया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि दो पक्षों में पारिवारिक रंजिश का मामला सामने आ रहा है, आपसी मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जनपद मुख्यालय के गोंडा सीमा पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार, कराया जाएगा सुंदरीकरण

* डीएम ने प्रवेश द्वार स्थल का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद के गोंडा रोड की सीमा पर जिले में प्रवेश के लिए भव्य द्वार बनाया जाएगा। इस स्थल का जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया है । इस गेट के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा एनओसी भी मिल चुकी है। जनपद मुख्यालय की प्रतिष्ठित संस्था बलरामपुर चीनी मिल अपने सीएसआर फंड से इस गेट का निर्माण कराएगी और सुंदरीकरण भी कराया जाएगा । डीएम ने निरीक्षण करने के बाद कार्य को जल्दी शुरू करने सहित जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। यह प्रवेश द्वार बौद्ध सर्किट के एंट्रेंस द्वार के रूप में जाना जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दोनों ओर सुंदर लाइटनिंग किए जाने एवं विशेषताओं/स्थलों आदि को अंकित किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से एनएच से भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाने की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। चीनी मिल बलरामपुर द्वारा शीघ्र ही सीएसआर फंड से भव्य प्रवेश द्वार निर्माण की सहमति प्रदान की गई है उनके द्वारा निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कराया जाएगा। भव्य प्रवेश द्वार बनने से जनपद में आने वाले लोगों को सुखद अनुभव होगा, प्रवेश द्वार पर लोगों के सत्कार के लिए स्लोगन लिखे जाएंगे वही सीमा के बाहर जाने वाले लोगों के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा। जनपद में प्रवेश करने वाले एवं बाहर जाने वाले लोग जनपद की विशेषताओं एवं महत्व से परिचित होंगे।

# शादी अनुदान योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस। बहराइच

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्न पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों के शादी हेतु शादी अनुदान योजना अन्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइड बैकवर्ल्डवेलफेयरयूपी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते है। उन्होनें बताया कि शादी हेतु अनुदान योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत आवेदक द्वारा शादी तिथि के 90 दिन पूर्व अथवा 90 दिन के अन्दर आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदक की बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति, शादी का कार्ड, पुत्री का फोटो, आधार कार्ड, वर-वधु के आयु प्रमाण पत्र हेतु आधार कार्ड, मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल इत्यादि अभिलेख आवश्यक है। आवेदक का तहसील स्तर से जारी जाति एवं आय प्रमाण पत्र, आय की सीमा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रूपये 46080 एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 56460 वार्षिक से अधिक न हो। पेंशन, आईडी क्रमांक आवश्यक है। आवेदन आनलाइन के करने के पश्चात् आवेदन की हार्डकापी, आवेदक के हस्ताक्षर अंगूठा, निशानी सहित सम्बन्धित विकास खण्ड/तहसील कार्यालय में समस्त संलग्नों को जमा किया जायेगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एन सी सी, एन एस एस व रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया मुक्त भारत का संकल्प दिलाया गया।

जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह की अगुवाई में एन सी सी कैडेट्स, एन एस एस व रोवर्स-रेंजर्स के स्वयंसेवक के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मलेरिया निरीक्षक हिमांशु वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश में 10 अगस्त से 28 अगस्त तक घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया जिला कोऑर्डिनेटर अतुल तिवारी ने फाइलेरिया बीमारी के बारे मे विधिवत जानकारी देते हुए उसके लक्षण व उपचार के बारे में बताया। सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी को फाइलेरिया मुक्त भारत का संकल्प दिलाया। मुख्य कार्यक्रमाधिकारी एन एस एस डॉ आलोक शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संचालक व महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए फाइलेरिया बीमारियों से बचने हेतु सजग रहने व अन्य को जागरूक करने की सलाह दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ जितेन्द्र भट्ट, डॉ रमेश शुक्ल, प्रभारी रोवर्स डॉ पी एन पाठक, डॉ के पी मिश्र, डॉ साक्षी शर्मा व डॉ दिनेश कुमार सहित महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स, एन एस एस व रोवर्स-रेंजर्स के स्वयंसेवक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मां बेटी के मधुर संबंध को सजीव चित्रण करने का प्रयास

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। हिमालया ने अपना नया अभियान ओजी पिंपल सॉल्यूशन शुरू किया है, जिसमें माँ और उनकी टीनेज बेटियों के बीच का मधुर संबंध दिखाया गया है। इस अभियान में हिमालया अपनी बेटी के जीवन में मुख्य इन्फ्लुएंसर के रूप में माँओं की भूमिका का चित्रण कर रही है जो खासकर स्किन केयर और पिंपल के इलाज के वक्त और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। नवीन रमन ने कहा समय के साथ चलना और निरंतर विकास करते रहना बहुत जरूरी होता है। हमने बेटियों पर माँ के वर्चस्व से प्रेरणा ली। इस अभियान के अल्फा जनरेशन की लड़कियों और उनकी माँओं के बीच का मजबूत संबंध दिखाया गया है।

### शिव मंदिर का दान पात्र तोड़कर चोरों ने उड़ाई नगदी

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। थाना क्षेत्र के शंभूपुर गांव में स्थित भगवान शिव के मंदिर से बीती रात चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें एकत्रित चढ़ावा रुपए उड़ा दिए घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। बताते चलें कि उक्त मंदिर पर गुरुवार के दोपहर 10 :00 बजे के समय ग्रामीण जब दर्शन पूजन के लिए गए तो देखा कि दानपात्र टूटा पड़ा है और उसमें दान के पैसे गायब है जिसकी सूचना लगते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। आस्था के साथ खिलवाड़ पर ग्रामीण आक्रोश व्यक्त करने लगे ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर से सा सती सेट तालाब है जिसके चारों तरफ सीधी और लोगों के बैठने का स्थान बना है जिस पर आए दिन नशेड़ी इकट्ठा होते हैं और गांजा शराब पीते हैं समझा जाता है कि नशेड़ियों की यह करतूत है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रहस्यमय परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर/वाराणसी। रामगढ़वा गांव में बीती बुधवार की रात किरण 32 वर्ष पत्नी क्रांति राजभर ने फांसी लगाकर जान दे दी। पड़ोसियों ने बताया कि क्रांति राजभर प्लंबर का काम करता था इसी से घर का खर्च चलता था पति पत्नी में हमेशा झगड़ा होता था इसी वजह से पत्नी नाराज रहती थी बीते बुधवार को क्रांति राजभर जब अपनी ड्यूटी पर चला गया तो किरण ने पंखे के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी मृतक किरण को 1 पुत्र करण 10 वर्ष और एक पुत्री सुचिता 7 वर्ष है।घटना की सूचना शहंशाहपुर गांव निवासी मृतिका के भाई से मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

### वसन्त महिला महाविद्यालय को मिला ए प्लस ग्रेड

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वसन्त महिला महाविद्यालय, राजघाट वाराणसी को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक)बैंगलोर द्वारा तीन सदस्यीय टीम प्रोफ़ेसर लथा पिल्लई फॉर्मल एडवाइज़र नैक, प्रो. जया भसीन डीन,सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ जम्मू एवं डॉ.रेखा कालिया भारद्वाज ,पूर्व प्राचार्या हंसराज महिला महाविद्यालय पंजाब द्वारा मूल्यांकन किया गया था आज दिनांक 3/8/2023 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका सिंह जी ने प्रेस कांफ्रेंस में यह बताया की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक)बैंगलोर में ए+ ग्रेड प्राप्त हुआ। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, कृष्णमूर्ति के मूल्य आधारित शिक्षा, सहायक प्रबंधन, जीवंत और सहायक ऐल्युमिनी एसोसियेशन, शिक्षण-अधिगम के लिए अनुकूल वातावरण, अपशिष्ट प्रबन्धन और पुनर्चक्रण के लिए पर्याप्त उपायों की विशेष सराहना की गई। महाविद्यालय के हरित वातावरण और वातावरण जागरूकता लिए के किए गये प्रयासो को भी सराहा गया ।निश्चित ही यह उत्तर प्रदेश का सर्वोच्च महिला महाविद्यालय हैं।

# बिजली चोरी पकड़ने गई विजिलेंस की टीम पर हमला, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

- टीम पर हमले में एक कांस्टेबल चोटिल
- अवर अभियंता की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। फार्मर के यहां बिजली चोरी को लेकर छापेमारी करने पहुंची विजिलेंस की टीम के साथ फार्मर ने गाली गलौज की। टीम ने मोबाइल फ़ोन से वीडियो बनाना शुरू किया।आरोप है कि फार्मर ने मोबाइल फोन छीनकर टीम पर हमला कर दिया। मारपीट में एक सिपाही भी चोटिल हो गया। पुलिस ने प्रवर्तन दल के अवर अभियंता की तहरीर पर पिता व दो पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष का आरोप है कि विजिलेंस की टीम ने जबरन घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की।

प्रवर्तन दल के साथ मारपीट की घटना घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई टांडा में हुई। प्रवर्तन दल के अवर अभियंता सुखपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि बिजली चोरी की रोकथाम के लिए उप्र. पावर कार्पोरेशन के उच्च प्रवर्तन दल के निर्देश पर अभियान चल रहा है। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे उपनिरीक्षक मनदीप त्यागी प्रभारी प्रवर्तन दल, हेड कांस्टेबल राहुल उपाध्याय, अंकुर चौधरी, प्रेम सिंह व कांस्टेबल दीपक के साथ घुंघचाई के गांव नगरिया टांडा में बिजली उपभोक्ता सुखदेव सिंह के फार्म हाउस पर पहुंचे। फार्मर के घर के पड़ोस से निकली एचटी लाइन से एक केबल जुड़ा हुआ था। फार्मर कहां पहुंची टीम ने छत के ऊपर से निकलकर मीटर तक पहुंचने वाली केबल को चेक करने के लिए कहा। टीम का आरोप है कि फार्मर ने चेकिंग का विरोध कर केबल दिखाने से मना कर दिया। टीम के दोबारा कहने पर फार्मर ने विरोध कर गाली-गलौज कर टीम के साथ अभद्रता करने शुरू कर दी। टीम में शामिल लोग उनको समझाने में लगे रहे इसी दौरान उन्होंने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर हमला कर किया। चेकिंग के उद्देश्य से मोबाइल पर वीडियो बना रहे दोनों मोबाइल छीनकर फेंक दिए। मारपीट में एक कांस्टेबल भी चोटिल हो गया। अवर अभियंता ने उपभोक्ता के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने, मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर सुखदेव सिंह व उनके पुत्र मलकीत सिंह और गुरमीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### जेई व कांस्टेबल पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

गांव लुकटिहाई टांडा की निवासी रमनदीप कौर पत्नी मलकीत सिंह ने घुंघचाई थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विजिलेंस की टीम बिजली चोरी का आरोप लगाकर जबरन घर में घुसने लगी। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ गाली- गलौज कर मारपीट की। महिला का आरोप है कि गुरुवार को चार पहिया वाहन से विजीलेंस के अवर अभियंता के साथ पुलिसकर्मी आए और जबरन घर में घुसने का प्रयास करने लगे। मलकीत सिंह ने विरोध किया तो उनके साथ अभद्रता कर मारपीट की गई। इसके बाद वह लोग धमकी देते हुए चले गए। महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

> "बिजली चोरी को लेकर चेकिंग करने पहुंची विजिलेंस की टीम के साथ गाली-गलौज, मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में अवर अभियंता की तरफ पर तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दूसरे पक्ष की ओर से कोई भी तहरीर नहीं दी गई है।
> -मदन मोहन चतुर्वेदी
> एसएचओ, थाना घुंघचाई

## घुंघचाई इंस्पेक्टर के खिलाफ भाकियू ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

- एसपी ने तीन दिन में जांच कराकर कार्रवाई का दिया आश्वासन
- तीन दिन में कार्रवाई ना होने पर मंडलीय पंचायत में उठेगा मुद्दा : मनजीत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। भाकियू (अराजनैतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष समय व दो कार्यकर्ताओं के मोबाइल और रुपए छीन कर हवालात में बंद कर गाली गलौज करके अपमानित करने के मामले में गुरुवार को जिला अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में इंस्पेक्टर और दो सिपाहियों पर कार्रवाई कराने की मांग की ।एसपी ने जांच करा कर तीन दिन मे कार्रवाई का आश्वासन दिया है।कार्यकर्ताओं ने तीन दिनों में कार्रवाई ना होने पर 9 अगस्त को बरेली में होने वाली मंडलीय पंचायत में मुद्दा उठाने की बात कही है। सिमरिया निवासी रामकुमार का कुछ लोगों से खेत को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा है। 16 मार्च को अपर आयुक्त बरेली द्वारा गाटा संख्या 217, 218 पर स्थगन के आदेश दिए थे।आरोप है कि आदेश के बाद भी 18 जुलाई को घुंघचाई पुलिस ने दूसरे लोगों को खेत पर खड़े होकर कब्जा करा दिया था। इसकी जानकारी होने पर रामकुमार पक्ष की महिलाएं और कुछ लोग मौके पर पहुंच गए विरोध करने लगे।जिस पर पुलिस महिलाओं को पकड़ कर थाने ले आई और अभद्रता कर महिलाओं को 15 घंटे तक थाने में बैठाए रखा।महिलाओं ने पुलिस पर मारपीट का भी आरोप लगाया था।इसकी जानकारी पर भाकियू (आराजनैतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा और गोकरन लाल थाने पहुंच गए। रामगोपाल का आरोप है कि उन्हें देखते ही इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी गाली गलौज करने लगे और गमछा डाल कर बहुत बड़ा नेता बन गया है,यह बात कह कर अपमानित किया। आरोप है कि रामगोपाल से 17600 रुपए मोबाइल,कमर की बेल्ट, ले ली।दोनों कार्यकर्ताओं को हवालात में बंद कर दिया।गाली गलौज कर अभद्रता करते हुए कार्यकर्ताओं को काफी अपमानित किया। देर रात छोड़ दिया गया। कार्यकर्ताओं ने 21 जुलाई को एकत्र होकर थाने का घेराव कर इंस्पेक्टर के विरोध में जमकर नारेबाजी की थी। मौके पर पहुंचे सीओ द्वारा दो दिनों में कार्रवाई कराने के आश्वासन पर कार्यकर्ता शांत हुए थे। आरोप है कि इंस्पेक्टर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इस पर एक अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा ने गांव पहुंचकर इंस्पेक्टर और संबंधित सिपाहियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। और कार्रवाई ना होने पर 25 सितंबर को लखनऊ मैं धरना की चेतावनी दी थी। गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा से मिलकर इंस्पेक्टर व दो सिपाहियों पर कार्रवाई कराने के लिए पत्र दिया ।एसपी अतुल शर्मा ने तीन दिनों में जांच करा कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इसके बाद भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो 9 अगस्त को बरेली में होने वाली मंडलीय पंचायत में यह मुद्दा उठाया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा राममूर्ति लाल गोकरनलाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## साइकिल यात्री भाजपा प्रचारकों का राज्यमंत्री ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत। प्रदेश भ्रमण पर निकले भाजपा के प्रचारको का आज गुरूवार को पीलीभीत पहुचे साईकिल यात्रियों का राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जनसहयोग कार्यालय पर स्वागत किया और भाजपा सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुचानें के लिए प्रदेश भ्रमण पर निकले उक्त प्रचारकों का उत्साहवर्धन किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचाने के उद्वेश्य से साईकिल यात्रियों के रूप में संतकबीर नगर जनपद के ग्राम बुढ़ीबेलहर निवासी भाजपा प्रचारक रणविजय सिंह और अरविन्द सिंह प्रदेश के 55 जिलो की यात्रा करने के बाद यहा जनपद पीलीभीत पहुचे प्रचारकों का राज्यमंत्री श्री गंगवार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और प्रचारकों के सरकार और संगठन के प्रति किये जा रहे जनहित के इस कार्य की सराहना की। प्रचारकों ने बताया की अब तक 18000 किलोमीटर 55 जिलों की साईकिल यात्रा पूरी कर चुके है। उन्होनें यह यात्रा 01 जनवरी 2022 से शुरू की थी। उन्होनें बताया की आज वह बरेली से यहा पहुचे है और यहा से शाहजहापुर के लिए प्रस्थान करेगें। यात्रा का उद्वेश्य बताते हुए उन्होनें कहा की भाजपा सरकार की योजनाऐं और उपलब्धिया जन-जन तक पहुचाने एवं उनका प्रचार प्रसार करने का कार्य अपनी यात्रा के दौरान कर रहे है।



### राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री से की आत्मीय भेंट

पीलीभीत। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितशाह से दिल्ली में आत्मीय भेट की और जनपद के विकास सम्बन्धी कई पहलुओं पर चर्चा कर सहयोग की अपेक्षा की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने केन्द्रीय मंत्री श्री शाह से सहकारिता के माध्यम से जनपद के विकास के लिए कई विन्दुओं पर चर्चा की और सहकारिता क्षेत्र मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा की ताकि सहकारी संस्थाओं के माध्यम से लोगो को अधिक से अधिक जोड़ा जाये और लोगो को लाभंवित कराया जा सके। उन्होनें जनपद के विकास के साथ ही कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा की भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के जरिये अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को लाभंवित किये जाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है जिससें गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें।



## व्यापारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग अभियंता के खिलाफ किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। नेशनल हाइवे पीलीभीत से खुदागंज तक बनाया जा रहा है जिससे व्यापारियों की रातों की नीदें उड़ी हुई हैं। व्यापारी कहीं विधायक तो कहीं उपजिलाधिकारी के पास जा रहे हैं जिससे मानक के अनुसार ही नाला निर्माण कराया जाये और उनके दुकानें टूटने से बच सकें। जिसको लेकर व्यापारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन कर मानक के अनुसार ही नाला निर्माण कराये जाने की मांग की। पालिका प्रशासन द्वारा मार्ग से 10 मीटर की दूरी पर नाला निर्माण कराया गया। नेशनल मार्ग के द्वारा 8 मीटर की दूरी पर नाला निर्माण कराया जा रहा है। नगर में 22 मीटर पर नाला बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे व्यापारियों की रातों की नीदें उड़ी हुई हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि 22 मीटर पर नाला बनाया गया तो उनकी दुकानें टूट जायेंगी और व्यापारी भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे। व्यापारी लगातार भाजपा विधायक विवेक वर्मा से सम्पर्क साधे हुए हैं। विधायक ने भी उनकी बात शासन तक पहुंचाये जाने का अश्वासन दिया है। भड़के व्यापारियों ने राष्ट्रीय मार्ग अभियंता के खिलाफ नारेवाजी कर प्रदर्शन किया। तथा मुख्यमंत्री से मानक के अनुसार ही नाला बनवाये जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में फैंस क्लव के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, पवन अग्रवाल, फोरम के नगर अध्यक्ष मोमिन खान, मीनू खान, तस्लीम खान, हरीश गंगवार, पंकज गंगवार, राजेश जोशी, रमुश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, कमलेश शर्मा, रामबाबू शर्मा, सुधीर शर्मा, दीपक मौर्य सहित कई व्यापारी शामिल रहे।

## बेकाबू पिकअप की ईंट भट्ठा के दो मजदूरों को टक्कर, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- पिकअप भी पलटी, हताहत हमीरपुर के निवासी

यमुनानगर। नैनी कोतवाली की सीमा से लगे बादलगंज घूरपुर में नारियल लाद कर जा रहे पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार ईट भट्ठा मजदूर और लारी लेकर जा रहे युवक घायल हो गए। थोड़ी देर बाद साइकिल सवार की मौत हो गई। लारी लेकर जा रहे युवक को गंभीर अवस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मृतक और घायल दोनों हमीरपुर जिले के रहने वाले हैं। दोनों ही यहां ईंट भट्ठे पर काम करते थे। दुर्घटना गुरुवार की दोपहर को हुई। बादलगंज में बड़ी संख्या में ईंट भट्ठे हैं। बाहर के जिलों से मजदूर काम करने आते हैं। बृहस्पतिवार को दोपहर में घूरपुर थाना क्षेत्र के बादलगंज गांव के सामने रीवा हाईवे पर बने यमुना द्वार के पास नारियल लदा पिकअप प्रयागराज शहर से रीवा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसने एक लारी और साइकिल लेकर सड़क पार कर रहे युवकों को टक्कर मार दी। इसके बाद पिकअप भी पलट गया। सारा नारियल सड़क पर फैल गया। पुलिस मौके पर पहुंची पिकअप को कब्जे और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया। उसके बाद दोनों घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई गई। तब तक साइकिल सवार युवक रवि सोनकर (30) निवासी हमीरपुर की मौत हो चुकी थी। जबकि लारी लेकर जा रहा अंकित प्रजापति (20) पुत्र श्यामलाल प्रजापति निवासी हमीरपुर गंभीर रूप से घायल है। थाना प्रभारी घूरपुर संजीव चौबे ने बताया कि घूरपुर के बादलगंज स्थित अफजल मियां के ईट भट्ठे पर दोनों ईंट पथाई करते हैं। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

## अतीक के परिवार की एक और महिला पर जल्द होगा इनाम घोषित

- पूर्व विधायक अशरफ की पत्नी पुलिस के रडार पर
- अतीक के भाई की बीवी है रूबी उर्फ जैनब

जन एक्सप्रेस । शिवाशंकर पाण्डेय

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के परिवार की एक और महिला इनामिया होने जा रही है। जांच कर रही टीम को कुछ खास क्लू मिले हैं। अशरफ की पत्नी रूबी उर्फ जैनब पुलिस की 'रडार' पर है। अतीक अहमद का छोटा भाई था अशरफ। अतीक अहमद और अशरफ दोनों पुलिस कस्टडी में मारे जा चुके हैं। अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियों को खंगालने में जुटी टीम को चौंकाने वाले मामले मिले हैं। करीब चार दशक तक दबंगई और आतंक का पर्याय रहे अतीक का माफिया राज यूपी ही नहीं, उत्तर भारत के कई राज्य और जिलों में बेखौफ चला। माफिया अतीक अहमद का रसूख इस कदर बढ़ा कि शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से पांच बार निर्दलीय विधायक और फूलपुर संसदीय क्षेत्र से एक बार सांसद बना। करीब चार दशक तक लगभग सभी सियासी दल अतीक अहमद के मददगीर रहे। इस बीच जो भी अतीक के रास्ते आया, वह मौत का शिकार हुआ। सियासत का लबादा ओढ़ने के बाद अतीक अहमद का आपराधिक साम्राज्य खूब फला फूला। 'अतीक एंड कंपनी' ने गुंडई और आतंक के बल पर सैकड़ों गरीबों की जमीन, मकान और प्लॉट हथियाये। आपराधिक हनक और धमक इस कदर बढ़ी कि अतीक का सिक्का खूब चला। योगी आदित्यनाथ के माफियाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान में अतीक अहमद भी चपेट में आ गया। बसपा विधायक राजू पाल की दिनदहाड़े हुई खौफनाक हत्या के मामले के एकमात्र गवाह उमेश पाल की खौफनाक हत्या के बाद अतीक का %अभेद्य किला% न सिर्फ ढह गया बल्कि भाई अशरफ समेत खुद उसी खौफनाक तर्ज पर मारा गया। इसके बाद अतीक की चल अचल संपत्ति योगी सरकार ने जब्त कर ली।

#### अतीक की बेनामी संपत्ति बेचने में जैनब का नाम आया सामने

अतीक के भाई अशरफ की पत्नी रूबी उर्फ जैनब पर माफिया 'अतीक एंड कंपनी' की बेनामी संपत्ति बेचने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी ने गैंग के बचे गुर्गों के साथ मिलकर बेनामी प्लॉट बेचने का कार्य किया है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अशरफ की पत्नी जैनब इस समय फरार चल रही हैं। शाइस्ता परवीन पहले ही पचास हजार रुपए की इनामिया घोषित है। पुलिस जल्द ही अशरफ की पत्नी जैनब पर भी इनाम घोषित करने जा रही है।

# एसआईटी की जांच के बाद भी धान खरीद में संलिप्त घोटालेबाजों पर नहीं हुई कार्रवाई

- बीते वर्ष मंडल में सामने आया था करीब 300 करोड़ का घोटाला
- आढ़ती से लेकर बैंक तक शामिल, अधिकारी साधे चुप्पी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत (पूरनपुर)। धान खरीद को गाजे बाजे से प्रस्तुत करने वाली सरकार खुद ही फर्जीवाड़े पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। यह हालात तब हैं जबकि फर्जी खरीद से लेकर किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी से शासन-प्रशासन के अधिकारी भलीभांति परिचित हैं। बीते वर्ष हुई धान खरीद में मंडल के बरेली, पीलीभीत व शाहजहांपुर जनपद में 300 करोड़ से अधिक का घोटाला पकड़ा गया था। किसानों के साथ धोखाधड़ी कर अंगूठा लगवाने से लेकर फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाने, बारदाने का बजट जेबों में भरने व दस-दस किलोमीटर दूर के केंद्रों को चयनित करने आदि की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजकर एसआईटी जांच की संस्तुति की गई थी। एक वर्ष बीतने के बाद भी जांच शुरू नहीं हो सकी है। पूरी जांच को ठंडे बस्ते में डालकर एक बार फिर धान खरीद की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

बीते वर्ष अपर मुख्य सचिव वीना मीणा के आदेश पर मंडल भर में एसडीएम को भेजकर धान क्रय केंद्रों की जांच कराई गई। जांच के दौरान पीलीभीत और शाहजहांपुर में सबसे अधिक घोटाला पकड़ा गया था। करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले को उजागर करते हुए शासन को एसआईटी जांच की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट भेजी गई। बाद में शासन से ही दबाब पड़ने पर लक्ष्य पूरा करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खरीद पूरी कराई गई। साथ ही एसआईटी जांच की फाइल को दबा दिया गया। बताते हैं कि मामला तूल पकड़ने पर कुछ माननीय व राइस मिलर्स मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंच गए थे, जिसके बाद शासन अपने ही आदेशों से पलटी मार गया।

#### बैंक रहते शामिल, डुप्लीकेट खातों में पहुंचती राशि

दरअसल धान क्रय केंद्र पर पहुंचने से पहले ही किसान का आधार कार्ड आदि जरूरी दस्तावेज लेकर बैंकों से मिलीभगत कर डुप्लीकेट अकाउंट खुलवा दिए जाते हैं। जब किसान अपना धान लेकर क्रय केंद्रों पर पहुंचता है, तो उसे 200-250 रुपये देकर अंगूठा लगवा लिया जाता है। धान में नमी बताते हुए औने-पौने दामों पर खरीद तय की जाती है, जोकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम होता है। अगर किसान को एडवांस भुगतान किया जाता है, तो तय किए गए मूल्य से भी कम भुगतान किया जाता है। इसके बाद धान को राइस मिलों में भेजकर प्रोसेस्ड किया जाता है। प्रोसेस्ड धान को सरकारी खरीद में शामिल कर एमएसपी पर भुगतान स्वीकृत किया जाता है, जोकि बैंकों की मदद से खुलवाए गए किसानों के डुप्लीकेट बैंक अकाउंट में आता है।

#### नियम तीन किमी का, अनुबंध होता 10 किमी तक

धान की कुटाई के लिए राइस मिलों व धान क्रय केंद्रों के बीच अनुबंध किया जाता है। नियमानुसार दोनों के बीच दूरी तीन किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों और बिचौलियों की सांठगांठ के बाद यह दूरी 10 किलोमीटर तक पहुंच जाती है। इसमें नजदीकी धान क्रय केंद्रों को दरकिनार कर दिया जाता है। बीते वर्ष यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार व अन्य जिम्मेदारों से जवाब तलब किया गया था। धान खरीदी में शामिल मंडल के सभी विभागीय व प्रशासनिक अफसरों की कड़ी फटकार लगी थी।

#### सख्त आदेश, आंखें-कान बंद कर कराएं खरीद

सत्ताधारी दल के माननीयों और राइस मिलर्स का दबाब विभागीय मंत्रियों व सरकार तक रहता है। तेजी दिखाने वाले अफसर या तो साइडलाइन कर दिए जाते हैं, या कड़ी नसीहत देते हुए आंख-कान बंद कर लक्ष्य पूरा करने के आदेश दिए जाते हैं। परिवहन के ठेकों में बड़े-बड़े माननीय मोटा कमीशन लेकर अपना पत्ता फिट करने की जुगत में रहते हैं। कुल मिलाकर खरीद का 75 फीसद धन माननीयों, अधिकारियों और बिचौलियों के बीच बंदरबांट में खप जाता है।

## न्याय पंचायत औता की खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों की दिखी प्रतिभा



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

विकास खंड उरुवा के परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन दिखा। प्राथमिक व जूनियर वर्ग के विद्यालयों के बालक एवं बालिकाओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। औता न्याय पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय चोरबना के खेल मैदान पर आयोजन हुआ। शुभारंभ जूनियर शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष रविशंकर द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत औता के प्राथमिक व जूनियर वर्ग के विद्यालयों के सभी बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने-अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पचास मीटर, एक सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर की दौड़, कबड्डी, खो-खो, सुलेख, आलेख प्रतियोगिता हुई। जूनियर वर्ग की कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाई प्रथम रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय अछोला द्वितीय स्थान पर रहा। प्राथमिक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सोनाई प्रथम व प्राथमिक विद्यालय चोरबना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो खेल प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सोनाई प्रथम व प्राथमिक विद्यालय चोरबना द्वितीय तथा जूनियर वर्ग के खो-खो प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाई प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय अछोला द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सुलेख प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय हनुमान सहाय का पूरा की रितिका ने प्रथम व प्राथमिक विद्यालय सोनाई की अंशिका पाल द्वितीय स्थान पर रहीं।

## सप्ताहभर के अंदर शुरू हो जाएगा गन्ना कॉलेज में अभ्युदय कोचिंग सेंटर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री अभुदय कोचिंग प्रारंभ होने से पहले मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एक्सपर्टों ने अपने-अपने अभुनव छात्रों के साथ साझा किए। उनको मेहनत का अच्छा रिजल्ट पाने को टिप्स भी दिए। इस दौरान तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं भारतीय वन सेवा में चयनित विपिन वर्मा व कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता को महाविद्यालय के विकास में अभूतपूर्व सहयोग देने पर शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। महाविद्यालय की आख्या प्रस्तुत की। एसडीएम ने छात्रों का उत्साहबर्धन किया। उन्होंने कहा कि अभ्युदय कोचिंग सेंटर शुरू होने से छात्रों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं भारतीय सेवा में चयनित विकास वर्मा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने अपने अनुभव भी छात्रों से साझा किए।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोबीन उर्फ मुन्ना को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं। इस कारण बस अगर वह भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगा। और उसके किसी भी गलत कार्य एवं कृत्यों के लिए मैं और मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदार नहीं होगी।
**निजाकत वी पत्नी मोहम्मद हनीफ**
**निवासी**- नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत।

# बिल्हौर एसडीएम ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर पांच नर्सिंग होम को थमाया नोटिस

## श्रीराम, कनक, जी के, एस के, गुप्ता डे हॉस्पिटल पर होगी सख्त कार्रवाई



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर एसडीएम साहिबा रश्मि लंबा ने सीएचसी स्टाफ के साथ बिल्हौर ब्लॉक क्षेत्र में बीते दिन गुरुवार को ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद अवैध रूप से क्लीनिक को हॉस्पिटल चला रहे। छापेमारी की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसके बाद कई झोलाछाप डॉक्टर और नर्सिंग होम संचालक ताला बंद करके भाग खड़े हुए। कई नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे जिस पर बिल्हौर सीएचसी स्टाफ को फटकार लगाते हुए कहा कि यह आपकी ड्यूटी है कि समय-समय पर जांच करते रहें। इतने दिनों से आप यहां पर कम कर रहे हैं कभी इन अस्पतालों में आए भी है या नहीं आये। एसडीएम साहिबा ने सीएचसी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि आप लोग अपने क्षेत्र में हॉस्पिटलों की जांच करते हो तो फिर यह हॉस्पिटल गैरकानूनी तरीके से क्यों चल रहे हैं। इस पर स्टाफ मुंह लटकाए खड़ा रहा। उतरीपुरा में श्री राम हॉस्पिटल, कनक हॉस्पिटल, जेके हॉस्पिटल और बिल्हौर स्थित एस के हॉस्पिटल और गुप्ता डे हॉस्पिटल में पहुंचकर गहन छानबीन कर नोटिस जारी की है। वही कुछ क्लीनिक के डॉक्टर और हॉस्पिटल संचालक शटर गिराकर मरीजों का इलाज करते हुए मिले। वही कुछ डॉक्टर और हॉस्पिटलों के संचालक छापेमारी की सूचना मिलते ही नौ दो ग्यारह हो गए।

ऐसे हॉस्पिटल संचालकों के खिलाफ एसडीएम साहिबा ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन हॉस्पिटलों को सीज करने के आदेश दिए हैं। उधर छापेमारी की सूचना पाकर चौबेपुर के कुछ अस्पतालों के संचालक अस्पतालों में ताला लटका कर रफूचक्कर हो गए।

# लापता छात्रा का तालाब में उतराता मिला शव

## परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाकर काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

* सीओ ने फारेंसिक टीम के साथ पहुंच कर की सुरागकशी
* बीती शाम दर्ज हुई थी गुमशुदगी, दो युवकों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ

माखी थाना क्षेत्र में बुधवार से लापता छात्रा का शव गुरूवार दोपहर गांव के एक किलोमीटर स्थित तालाब में उतराता मिलने से सनसनी फैल गयी। उसकी जीब बाहर निकली देख लोगों ने हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने की आशंका जताई है। मामले की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे सीओ ने साक्ष्य संकलन कराया। टीम ने छात्रा की एक चप्पल और दुपट्टे को जांच के लिए कब्जे में लिया है। परिजनों ने बीती शाम जिन दो युवकों पर आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

माखी थाना क्षेत्र रऊकरना के मजरा अफजलनगर रहने वाली सरोजनी (18) पुत्री मनोज कुमार हाईस्कूल की छात्रा थी। बुधवार को घर से खेत जाने की बात कहकर निकलने के बाद वापस घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो शाम थाने पहुंचे परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों के साथ ही पुलिस भी लापता छात्रा की तलाश कर रही थी। गुरुवार दोपहर गांव से करीब एक किलोमीटर दूर तालाब में ग्रामीणों ने उसका शव उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। एसओ माखी वीर बहादुर सिंह पूरे मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मामले की जानकारी पर सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और सुरागकशी शुरू की। शव बाहर निकाले जाने पर छात्रा की जीभ बाहर निकल रही थी। फॉरेंसिक टीम ने छात्रा के चप्पल और दुपट्टे को जांच के लिए कब्जे में लिया है। परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया जिस पर उन्हें हिरासम में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन देने पर करीब डेढ़ घंटे बाद हंगामा शात हुआ। मृतका पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। बेटी की मौत पर मां विमला का रो रोकर बुरा हाल है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि लापता छात्रा का शव तालाब में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चल रहे डंफर में पीछे से घुसी बस, दो गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस उन्नाव/बिछिया। पंजाब प्रांत के डुग्गरी राजपूत थाना मुकेरिया ऊशियारपुर निवासी बस चालक धर्मेश सिंह 45 पुत्र चूर सिंह क्लीनर रायबरेली जनपद तरई पिसोरिया थाना नसीराबाद निवासी सीमा देवी 40 पत्नी धर्मेश सिंह रायबरेली से 40 सवारी लेकर निजी ट्रैवल एजेंसी की बस से पंजाब प्रांत के लुधियाना जा रहे थे। कानपुर लखनऊ हाईवे के दही थाना क्षेत्र के लोन नदी के निकट आगे चल रहे डंफर ने ब्रेक ली जिससे पीछे चल रही बस उसी में घुस गई जिसके डंफर मौके से भाग गया और बस चालक केबिन में ही फंस गया सवारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सबरी से पहले केबिन का गेट खोला जिसके बाद उसको बाहर निकाला। दो अन्य सवारियों को ज्यादा चोट आईं बाकी अन्य को मामूली चोट ही आई पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

# पूर्व सैनिक समेत तीन पर जालसाजी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

* दस साल पहले सेवाकाल के दौरान सदर के किशोरी खेड़ा में खरीदी थी जमीन

जमीन की खरीद में जालसाजी इस कदर चरम पर है कि एक फौजी सेवाकाल के दौरान खरीदी गई जमीन पर कब्जा न ले सका। दस साल बीत जाने के बाद पूर्व सैनिक द्वारा एसपी से की गई शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने जमीन बेचने वाले पिता पुत्र समेत एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर मुस्तफाबाद निवासी संजीव कुमार पुत्र रामदास की ओर से बीती 23 फरवरी को एसपी को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक वह मौजूदा समय में पूर्व सैनिक है। अपने सेवाकाल में जब उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर में थी तब उसने 13 फरवरी 2013 सदर कोतवाली क्षेत्र के किशोरीखेड़ा में एक प्लाट वहीं के रहने इंद्रबहादुर पुत्र जय नारायण से खरीदा था। प्लाट में बाउंड्री बनवाकर वह ड्यूटी पर चला गया था। 13 फरवरी 2013 को छुट्टी पर आने पर जब वह अपना प्लाट देखने पहुंचा तो वहां बनवाई गयी बाउंड्री वाल ध्वस्त मिली। जानकारी करने पर पता चला कि किशोरीखेड़ा के रहने विजयपाल पुत्र भानचंद्र यादव ने जेसीबी से दीवार ध्वस्त करा दी। जब उसने जमीन विक्रेता इंद्रबहादुर से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि जिस भूमि संख्या 674 का बैनामा हुआ थावह वहां नहीं है। मामले की शिकायत अधिकारियों से करने की बात पर इंद्रबहादुर ने 21 जून 2016 को नोटरी के जरिए 3.46 रुपये लौटाने के 20 अगस्त 2016 तक का समय मांगा। जब वह अगली बार छुट्टी पर आया और इंद्रपाल से रकम मांगी तो वह टाल मटोल करने लगा। उसी साल 12 नवंबर को उसने एसपी को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया। मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ तो दोनों पक्ष सदर कोतवाली में बुलाए गए। जहां फिर से रकम वापसी के लिए इंद्रबहादुर ने एक माह का समय मांगा। समयावधि बीतने पर जब वह इंद्रबहादुर के घर पहुंचा तो उसके बेटे रिंकू सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी और कहा कि हमने जमीन बेंच दी है अब जाकर लेखपास से पैमाइश करवाओ। इसके बाद लेखपाल ने तीन जगहों पर पैमाइश की लेकिन कब्जा नहीं मिल सका। छुट्टी समाप्त होने प रवह फिर ड्यूटी चला गया। इसके बाद धारा 370 हटने के कारण काफी समय तक उसे छुट्टी नहीं मिली। फिर कोरोना काल के चलते विधिक कार्रवाई नहीं हो सकी। 12 नवंबर 2020 को उसने फिर एसपी को शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब सेवा निवृत्त होने के बाद उसने 17 फरवरी को डीएम और 23 फरवरी 2023 को एसपी को शिकायती पत्र दिया। एसपी के आदेश पर अब जाकर सदर कोतवाली पुलिस ने 1 अगस्त को जमीन बेंचने वाले इंद्रबहादुर पुत्र जयनारायण, उसके बेटे रिंकू और वियजपाल निवासीगण किशोरीखेड़ा कोतवाली सदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 467, 468, 471, 504, 506 व 427 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पति पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर। थाना क्षेत्र मे एक युवक ने पत्नी से मामूली विवाद होने के बाद फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लीं। गुरुवार को चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम नाडूपुर गांव मे दोपहर के समय एक युवक सुभाष तिवारी उर्फ़ मोहन पुत्र शिवसागर तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी नाडूपुर घर के कमरे मे लगे पंखे से फांसी लगा कर जान दे दी ज़ब परिजनों ने देखा तो घर मे चीखपुकार मच गईं जिसके चीख पुकार सुनकर गांव वालो की भीड़ जमा हो गईं यह सब देख अज्ञात ग्रामीण ने 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव फंदे से उतार कर उसका पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं वही सूत्रों से पता चला हैं कि मृतक युवक व उसकी पत्नी मे किसी बात को लेकर कहासूनी हो गईं थी जिससे तंग आकर युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जीटी रोड बकोठी के सामने टेंपो पलटा एक की मौत



जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल के बकोठी गांव के सामने जीटी रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर टेंपो पलटा जिसमें चार लोग घायल हो गए और एक बच्चे की मौत हो गई मृतक बच्ची अपने परिवारी जनों के साथ कन्नौज जिले के धमाई क्या मुंह में पूजा पाठ करके वापस लौट रहे थे जैसे बकोठी गांव के सामने आए अज्ञात वाहन की चपेट में आकर टेंपो पलट गया जिसमें जरिया 5 वर्षीय पुत्री इमरान की मौके पर ही मौत हो गई अकील पुत्र बशीर, अंजू पत्नी निजाम, अनवरी पत्नी समीम, पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए हैं इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया वहीं मृतक बच्ची जारिया 5 वर्षीय का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। अरौल थानाध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया ने बताया छानबीन की जा रही है कि किस बांहन से टक्कर लगी है प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

### साफ सफाई कर रही अधेड़ महिला की सर्पदंश से मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में घर की सफाई कर रही अधेड़ महिला को सांप ने डंस लिया। परिजन झाड़फूंक कराते रहे जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी राजश्री (58) पत्नी स्व. गुरूप्रसाद को बीती सुबह घर की साफ सफाई दौरान सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन दिन भर झांड फूंक कराते रहे। कोई लाभ न मिलने पर देर शाम उसे लेकर सीएचसी मियांगंज पहुंचे जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बेटे रमेश की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। छह माह पूर्व पिता की बीमारी से मौत के बाद अब मां की भी मौत से बेटे रमेश, अवधेश, महेश, उमेश और बेटी सरोजा बेहाल हैं।

### जुए का विरोध करना पड़ा भारी, दबंगों ने की मारपीट

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। ऋषि नगर गाजी खेड़ा निवासी रावत पुत्र बिंदा प्रसाद ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 30 जुलाई को राज पुत्र ओम प्रकाश अपने साथियों के साथ उसके घर के बाहर जुआ खेल रहा था। जिसका उसने विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने की सूचना पर जुआ खेल रहे युवक मौके से भाग निकले। जिसके बाद राज अपने साथियों के साथ तमंचा लेकर उसके घर पहुंचा और उससे मारपीट की। इस दौरान घर पर ईंट पत्थर चला दिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राज व तीन अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर हमला, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### खतरे के निशान से नीचे गिरा गंगा का जलस्तर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। तेरह दिन पहले गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिसके बाद खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा था। इधर एक सप्ताह से लगतार जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही थी। इधर फिर से पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा जाने लगा। जिस कारण शुक्लागंज की ओर फिर जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इधर फिर जलस्तर बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा के निचले इलाकों में दोबारा पानी भर गया है।

### गणित विज्ञान और अंग्रेजी विषयों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नर्वल में राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत गुरुवार को हुई। जिसमें तीनों विषयों के 100-100 शिक्षकों कुल 300 शिक्षकों का प्रशिक्षण दो फेरों में पूरा किया जाएगा । प्रशिक्षण के पहले दिन मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक राजू राणा ने डिजिटल शिक्षण प्रशिक्षण एवं उनकी कई शिक्षण विधियों पर चर्चा करने के साथ शिक्षकों को लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डायट राजेश कुमार वर्मा ने गुणवत्ता परक शिक्षण प्रशिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परंपरागत शिक्षण विधियों से आगे बढकर हमें नवीनतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग अपने कक्षा शिक्षण में करना चाहिए।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## पुलिस पर रुपये लेकर चालक को भगाने का आरोप, चकलवंशी चौराहे पर लगाया जाम

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस ।

माखी थाना क्षेत्र के मियांगंज मार्ग पर ट्रक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस पर रुपये लेकर चालक को भगा देने का आरोप लगाते हुए चकलवंशी चौराहे पर शव रख कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माखी थाना क्षेत्र के जोधाखेड़ा गांव निवासी संतोष सिंह साइकिल पर सवार होकर छोटे भाई राजेश को खाना देने के लिए निकला था। मेथीटीकुर रेलवे लाइन के पास चकलवंशी की ओर जार रहे ट्रक ने उसकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक के पहिए तले आने से वृद्ध संतोष की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रक भगा कर निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने चकलवंशी चौराहे के पास से ट्रक को पकड़ लिया और थाने पहुंचाया। परिजनों ने पुलिस पर रुपये लेकर चालक को मौके से भगा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने चकलवंशी चौराहे पर शव रख कर सड़क जाम कर दी और नारेबाजी करने लगे। जिससे चारों दिशाओं का आवागमन बाधित हो गया। मामला बढ़ता देख माखी के साथ ही आसीवन थाने का फोर्स भी मौके पर पहुंच गया। परिजनों को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर का व अविवाहित था। सबसे बड़े भाई धीरेंद्र सिंह की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। संतोष की मौत के बाद अब सुखेंद्र और राजेश ही बचे हैं। दोनों की चकलवंशी चौराहे पर दुकान है। एसओ माखी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# युवती से पहले घर में घुस कर फिर साथ ले जाकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

## आरोपी हिरासत में लिया गया, पीड़िता का मेडिकल के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पड़ोसी युवक पर बेटी के साथ पहले घर में घुस कर फिर साथ ले जाकर दोबारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। कस्बा व कोतवाली सफीपुर के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 31 जुलाई को सैयदवाड़ा निवासी महताब ने घर के घुस कर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उस दिन उसका पूरा परिवार मोहर्रम में शामिल होने के लिए फतेहपुर चौरासी गया था। घर में 19 वर्षीया बेटी ही अकेली थी। इसके बाद वह बेटी को डरा धमका कर जनपद मुख्यालय ले गया। वहां भी उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी होने पर आरोपी के पिता ने बेटी को वापस बुलवाया। आरोपी उसे घर के पास छोड़कर फरार हो गया। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### छापेमारी करने पहुंची विजिलेंस की टीम बैरंग वापस

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज क्षेत्र में ओवरलोड और बिजली चोरी होने के कारण आये दिन ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। जिसे देखते हुये बुधवार देर रात बिजलेंस की टीम ने नगर में छापेमारी की। जहां बिजलेंस टीम के अवर अभियंता आसिफ पुलिस फोर्स के साथ शुक्लागंज पहुंचे। जिसके बाद फोरलेन पर कई दुकानों में पहुंचे। जहां एक दुकान में तार लटकने पर रूक गये और काफी देर तक जांच पड़ताल की लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। जिस पर वह वापस लौट गये। वहीं अन्य मोहल्लों में भी टीम ने छापेमारी की।

# पौत्री से छेड़छाड़ की शिकायत करने आ रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

## कानपुर लखनऊ हाइवे पर गुरूवार सुबह दही थाना अंतर्गत पालीटेक्निक के पास हुई घटना

जन एक्सप्रेस। उन्नाव





मृतक का फाइल फोटो व पोस्टमार्टम हाउस पर बिलखती पत्नी।

कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत पालीटेक्निक के पास सड़क पार कर रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसकी मौत हो गयी। घटना के वक्त मृतक पौत्री से हुई छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने आ रहा था।

दही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी देवीप्रसाद (65) खेती किसानी करता था। उसके तीन बेटों में कृष्णपाल भदोही में जबकि सरवन पूणे में रहकर काम करता है। गांव के छोटा बेटा प्रदीप और दोनों बेटे के परिवार रहते हैं। एक बेटे की 14 वर्षीया बेटी अपनी मां के साथ घर के बारामदे में सोई थी। गुरूवार भोरपहर पड़ोसी युवक ने चारपाई पर पहुंच कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। घटना की जानकारी पर परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वह वहां भी नहीं मिला। गुरवार सुबह देवी प्रसाद छोटे बेटे प्रदीप के साथ युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बाइक दही थाने आ रहे थे। पालीटेक्निक के पास बेटा आगे स्थित कट से गाड़ी घुमाने चला गया जबकि देवी प्रसाद पैदल ही हाइवे पार करने लगे। इसी दौरान लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आनन फानन में बेटा घायल पिता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां उपचार शुरू होने के कुछ ही देर बात उसने दम तोड़ दिया। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देवीप्रसाद की मौत पर पत्नी इंद्रादेवी व बेटी सन्नो समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में पिता की मौत की तहरीर बेटे ने दी जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छेड़छाड़ की कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है यदि आती है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# लापता किशोरी नाटकीय ढंग से अपने ही घर से बरामद

## किशोरी के पिता ने मुख्य आरोपी सहित नौ लोगों पर दर्ज कराया था अपहरण का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर कस्बे के एक मोहल्ले से मंगलवार रात कक्षा आठ की एक छात्रा घर से नकदी व जेवर सहित गायब हो गई थी। बुधवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कस्बे के किदवई नगर निवासी युवक अलीशान उर्फ साहिल व उसके 9 सगे संबंधियों पर किशोरी के अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था और लापता किशोरी व आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को थाने लाकर पूछताछ शुरू की थी। वहीं लड़की की जल्द बरामदगी को लेकर तमाम राजनीतिक संगठनों के दबाव के साथ ही विधायक ने थाने पहुंचकर प्रशासनिक कार्यवाही और थाने में पूछताछ के लिए बैठाए गए निर्दोष लोगों पर कड़ा रुख अख्तियार किया था। वहीं पुलिस ने पड़ोस के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में किशोरी की देर रात लगभग दो बजे घर से बाहर जाने और लगभग चार बजे घर वापसी की वीडियो फुटेज के आधार पर किशोरी के घर में छापेमारी कर उसे उसके पिता के घर से ही सकुशल बरामद कर लिया और किशोरी के पिता व चाचा को पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह करने को लेकर हिरासत में ले लिया। वही पुलिस द्वारा किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी की युवक पर दर्ज मुकदमे में पास्को एक्ट व दुष्कर्म की धारा में वृद्धि कर आरोपी युवक को जेल भेजा गया और किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी अलीशान उर्फ साहिल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद में माती जेल भेज दिया गया है वहीं पर नाबालिग छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर ले गई लेकिन वहां पर पुलिस ने बताया कि महिला डॉक्टर परीक्षण करने के लिए मौजूद नहीं मिली जिसके चलते अगले दिन परीक्षण कराया जाएगा।

# पशुभूमि पर कब्जे की शिकायत, जांच टीम ने दी क्लीन चिट

## शिकायत करने वालों ने जांच पर जताया असंतोष

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

अचलगंज के जगजीवनपुर में पशुचार भूमि पर कब्जे की शिकायत पर गयी राजस्व टीम पूरे दिन हलकान रही लेकिन कोई हल नही निकाल पाई। निर्माणाधीन प्लाट को सही ठहराने पर ग्राम प्रधान व ग्रामीण असंतुष्ट होकर चले गए।

सिंकन्दरपुर कर्ण ब्लाक के जगजीवनपुर में आजाद मार्ग से सटी हुई भूमि संख्या 42 पर कुछ लोग भवन निर्माण कर रहे थे। ग्राम प्रधान मनीष मिश्र व पूर्व प्रधान रामू शर्मा ने इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर एसडीएम ने कानूनगो व लेखपालों की पांच सदस्यी टीम को मौके पर पैमाइश कर पशुचार भूमि चिन्हित कर उसे मुक्त कराने के आदेश दिए थे। गुरुवार को राजस्व निरीक्षक देव कुमार, लेखपाल अरविंद श्रीवास्तव, रामपाल, कृष्ण गोपाल, शुक्ल व प्रेम प्रकाश मौके पर पहुंच कर नाप जोख की। लेकिन राजस्व कर्मियों की रुचि पशुचार भूमि की पैमाइस में कम अपितु प्लाट बचाने पर ज्यादा रही। जिसके चलते उन्नीस मीटर चौड़ाई वाले पशुचार भूमि को कम करके मात्र सात मीटर चौड़ा बताते हुए रिपोर्ट तैयार करने लगे। जिस पर ग्राम प्रधान मनीष मिश्र समेत जगजीवनपुर के ग्रामीण राजी नही हुए और रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए बिना हस्ताक्षर किए वापस हो गए। एक अन्य शिकायतकर्ता पूर्व प्रधान रामू शर्मा ने बताया कि उन्हें बिना कोई सूचना दिए ही पैमाइस कर दी गई है। जोकि नियम विरूद्ध है। नियमतः शिकायतकर्ता का पैमाइश के दौरान मौके पर होना आवश्यक है।

# लोकसभा में दिल्ली बिल पास

## शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार, आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र का गुरुवार यानी 3 अगस्त को 11वां दिन था। लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। शाह ने कहा कि मैंने तारीफ नहीं की। आपको लगता है तो मान लीजिए। अमित शाह ने 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक, 2023' को चर्चा और पास कराने के लिए निचले सदन रखा। उन्होंने कहा कि दिल्ली न तो पूर्ण राज्य है, न ही पूर्ण संघ शासित प्रदेश है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते संविधान के अनुच्छेद 239 (ए) (ए) में इसके लिए एक विशेष प्रावधान है।



### गुरुवार सुबह सदन नहीं पहुंचे थे ओम बिड़ला

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला गुरुवार सुबह सदन नहीं पहुंचे थे। बताया गया कि वे नाराज हैं। स्पीकर 2 अगस्त को भी सदन में नहीं आए थे। जैसे ही 11 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर के आसन पर उनकी जगह राजेंद्र अग्रवाल ने सदन की अध्यक्षता की। कुछ समय बाद विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अग्रवाल से बिड़ला के बारे में बात की। कहा कि वे हमारे संरक्षक, हम उनके मुरीद हैं, हमारी अपील है कि वे वापस आ जाएं। इसके बाद दोपहर 2 बजे की कार्यवाही में ओम बिड़ला आसंदी पर बैठे।

### विपक्ष को दिया जवाब

अमित शाह ने कहा कि कुछ सदस्यों ने कहा कि इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करके लाया गया है, लेकिन वह उन सदस्यों से कहना चाहते हैं कि कोर्ट के फैसले के मनपसंद हिस्से की बजाए पूरा संदर्भ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पैरा 86, पैरा 95 और पैरा 164 (एफ) में स्पष्ट किया गया है कि अनुच्छेद 239 (ए) (ए) में संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के विषय पर कानून बनाने का अधिकार है। अमित शाह ने कहा कि पट्टाभि सीतारमैया समिति ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की सिफारिश की थी। जब यह विषय तत्कालीन संविधान सभा के समक्ष आया, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (राजगोपालाचारी), डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने का विरोध किया था।

### बंगले और भ्रष्टाचार का सच छिपाना 'आप' मकसद : शाह

उन्होंने कहा कि 1993 के बाद दिल्ली में कभी कांग्रेस और कभी भाजपा की सरकार आई। दोनों में से किसी दल ने दूसरे के साथ झगड़ा नहीं किया, लेकिन 2015 में ऐसी सरकार आई, जिसका मकसद सेवा करना नहीं, झगड़ा करना है। उन्होंने कहा कि इनका मकसद कानून व्यवस्था और स्थानांतरण पर नियंत्रण नहीं, बल्कि विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर बंगले और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है।

### दिल्ली की सोचिए, गठबंधन की नहीं : शाह

अमित शाह ने कहा कि मेरी विनती है कि चुनाव जीतने के लिए, किसी का समर्थन हासिल करने के लिए, किसी विधेयक का समर्थन या विरोध करने की राजनीति नहीं करनी चाहिए। नया गठबंधन बनाने के कई तरीके होते हैं, विधेयक और कानून देश के भले के लिए लाए जाते हैं, इसका विरोध या समर्थन भी देश और दिल्ली के भले के लिए करना चाहिए। आप दिल्ली की सोचिए, गठबंधन की नहीं। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी नरेंद्र मोदी पूर्ण बहुमत के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।

### अधीर रंजन चौधरी ने साधा निशाना


चर्चा पर लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे। अगर आपको लगता है कि यहां घोटाला होता है तो उसके लिए आपको यह बिल लाना जरूरी था? आपके पास ईडी, सीबीआई,आईटी है, आप उसका इस्तेमाल क्यों नहीं करते?

## शिक्षक भर्ती मामले में माणिक भट्टाचार्य को राहत सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई पूछताछ पर लगाई रोक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



शिक्षक भर्ती मामले में फंसे बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य से पूछताछ करने को सीबीआई को निर्देश दिया गया था। टीएमसी नेता माणिक भट्टाचार्य फिलहाल शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। उन पर कई आरोप लगे हैं। उन्हें हाईकोर्ट ने बार-बार जमानत देने से इनकार कर दिया है। यहां तक कि माणिक भट्टाचार्य की पत्नी और बेटे पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। केंद्रीय जांचकर्ता उन्हें कई बार बुलाकर पूछताछ कर चुके हैं। इस बीच कोलकाता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती मामले में ईडी और सीबीआई को नए सिरे से जांच करने का निर्देश दिया था।




# मणिपुर में झड़प, 20 मैतेई महिलाएं घायल

## कुकी इलाके में घुसना चाहती थीं, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे, जवाब में पथराव हुआ



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को आज (3 अगस्त) तीन महीने पूरे हो गए। कुकी समुदाय ने गुरुवार सुबह 11 बजे हिंसा में मारे गए लोगों के शवों को चुराचांदपुर के टोइबुंग शांति मैदान में दफनाने की बात कही थी। मैतेई समुदाय को कुकी लोगों के शव शांति मैदान में दफनाने से ऐतराज था। इसके विरोध में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने गुरुवार सुबह बिष्णुपुर के थोरबुंग गांव की ओर कूच कर दिया। थोरबुंग में कुकी और मैतेई इलाके के बीच का बफर जोन है। मैतेई महिलाओं ने बफर जोन को पारकर कुकी इलाके में घुसने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने के लिए कहा। मैतेई महिलाएं नहीं मानीं, भीड़ को तितर-बितर करने के लिए असम राइफल्स ने जवाबी कार्रवाई में हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले दागे। मैतेई महिलाओं ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। इस दौरान कई महिलाएं घायल हो गईं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवेदन पर कुकी समुदाय के लोगों के शवों के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 5 दिन के लिए टाल दिया गया। मोइरांग हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने बताया- शुरुआती 1 घंटे में यहां करीब 20 महिलाएं पहुंची हैं। ज्यादातर आंसू गैस के धुएं से बेहोश हो गई थीं। दो महिलाओं को हालत बिगड़ने पर इंफाल हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहीं, एक महिला के सिर में चोट लगी है।

### अमित शाह बोले, मैं मणिपुर पर जवाब दूंगा

गुरुवार को लोकसभा में दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े विधेयक पर चर्चा करते हुए अमित शाह ने मणिपुर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर के मुद्दे पर जितनी चर्चा करनी हो मैं तैयार हूं। मणिपुर के मुद्दे पर मैं जवाब दूंगा।

### इंफाल में भीड़ ने लूटे हथियार

सूत्रों के मुताबिक इंफाल शहर में भीड़ ने मणिपुर रायफल्स के कैंप से हथियार चुराए हैं। वहीं, बिष्णुपुर के नारानसेना की दूसरी आईआरबी बटालियन से भी करीब 300 हथियार चुराने की खबर है। मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोगों के शव इंफाल और चुराचांदपुर के अस्पतालों की मॉर्च्युरी में रखे हैं।

### शवों के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम टालने के बदले आईटीएलएफ ने पांच शर्तें रखी हैं

1. बरियल साइट एस बोलजांग को कानूनी मान्यता दी जाए।
2. पहाड़ों पर तैनात स्टेट फोर्सेज को हटाया जाए।
3. इंफाल में रखे कुकी समुदाय के शवों को चुराचांदपुर लाया जाए।
4. मणिपुर से टोटल सेपरेशन- हमारी इस राजनीतिक मांग को तेजी से पूरा किया जाए।
5. इंफाल की जेलों में बंद कुकी कैदियों को सुरक्षा के लिहाज से दूसरे राज्यों की जेलों में शिफ्ट किया जाए।

## राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार, कैबिनेट नियुक्ति समिति ने दी हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। कैबिनेट नियुक्ति समिति ने उनके सेवा विस्तार को हरी झंडी दे दी है। पंजाब में जन्मे गौबा ने पटना विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में स्नातक की डिग्री ली। उन्होंने 2016 में केंद्र सरकार में सेवा देने से पहले 15 महीनों तक झारखंड में मुख्य सचिव का पद संभाला था। राजीव गौबा को सरकार ने 30 अगस्त 2023 से आगे एक साल का विस्तार दिया है। यह इस पद पर उन्हें दिया गया तीसरा सेवा विस्तार है। गौबा को 2019 में दो साल के लिए देश के शीर्ष नौकरशाही पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें 2021 में एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के मुताबिक, मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने 1982 बैच के झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौबा को 30 अगस्त 2023 के बाद एक साल का सेवा विस्तार की मंजूरी दी।

## भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के लिए बना रही ईवीएम हैक की योजना : ममता बनर्जी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक करने की कोशिश कर रही है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने केवल आरोप ही नहीं लगाए, बल्कि यहां तक कहा कि यह साबित करने के लिए उनके पास सबूत भी हैं। ममता ने कहा, इंडिया की बैठक में सभी दल इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम चुनाव जीतने के लिए पहले ही योजना बनानी शुरू कर दी है। भाजपा के लोगों की ईवीएम को हैक करने की कोशिश के बारे में हमने सुना है, और हमें इसके सबूत भी मिले हैं। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में हम और अधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि 2024 का लोकसभा चुनाव विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया जीतेगा और सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा। ममता ने कहा कि भाजपा के लोग आम चुनाव जीतने के लिए पहले से ही योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे लोग ईवीएम को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सुना है और सबूत हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग और अधिक सबूत प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले ममता बनर्जी भाजपा पर लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल में अशांति फैलाने की योजना बनाने का भी आरोप लगा चुकी हैं।

## भारत को मिली खतरनाक इस्राइली स्पाइक एनएलओएस मिसाइल, जल्द होगा परीक्षण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** पहाड़ों के पीछे छिपे दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारतीय वायुसेना खुद को मजबूत कर रही है। इसी क्रम में अपनी क्षमता तो बढ़ावा देने के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को इस्राइली स्पाइक नॉन लाइन ऑफ साइट (एनएलओएस) एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलें मिली हैं। ये 30 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य पर हमला कर सकती है। इसके जरिए जरूरत पड़ने पर ऊंचाई वाले इलाकों में दुश्मन के टैंकों को ध्वस्त किया जा सकेगा। रक्षा सूत्रों ने इस बारे में जानकारी है। उन्होंने बताया है कि इस्राइल की खतरनाक स्पाइक एनएलओएस एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलें भारत को दी जा चुकी हैं। वायुसेना जल्दी ही इसका परीक्षण भी करेगी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में जिस पैमाने पर टैंक रोधी मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ है, उसे देखते हुए भारतीय वायु सेना अपने रूसी हेलिकॉप्टर बेड़े को इस्राइली एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एनएलओसएस) से लैस कर रहा है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक रूसी हेलिकॉप्टर बेड़े एमआई-17वी5 में इस्राइली एनएलओएस लगाने से यह संघर्ष की स्थिति में काफी दूर से अपने लक्ष्य को निशाना बना पाएगी और आपात स्थिति में यह काफी असरदार साबित होगी।

# लैपटॉप, टैबलेट और पीसी के इंपोर्ट पर सरकार की रोक



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कम्प्यूटर के इंपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। किसी प्रोडक्ट के इंपोर्ट पर बैन लगाने का मतलब है कि विदेशों से उन प्रोडक्ट्स को लाने के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति जरूरी होगी। इससे सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस फैसले से लोकल मैन्युफैक्चरर्स और ऐसी विदेशी कंपनियों को फायदा होगा, जो देश में लगातार प्रोडक्शन कर रहे हैं, लोकल सप्लाई को बढ़ावा दे रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। भारत में पहले से ही मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज हैं।

### बैगेज में इन आइटम्स को ले जाने पर प्रतिबंध नहीं

मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने नोटिफिकेशन में कहा, एचएसएन 8741 के तहत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कम्प्यूटर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कम्प्यूटर और सर्वर का इंपोर्ट प्रतिबंधित होगा।' हालांकि यह प्रतिबंध उन पैसेंजर्स पर लागू नहीं होगा जो अपने बैगेज में इन आइटम्स को साथ ले जा रहे हैं। इसके अलावा एक लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कम्प्यूटर या अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कम्प्यूटर इंपोर्ट करने पर भी ये प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसमें ई-कॉमर्स पोर्टल से पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदी गई वस्तुएं भी शामिल हैं। इंपोर्ट पर जो फीस लगती है वो देनी होगी। फॉरेन ट्रेड पॉलिसी में बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

### काम के लिए इंपोर्ट पर मिलेगी छूट

रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेस्टिंग, इवैल्यूएशन, रिपेयरिंग एंड री-एक्सपोर्ट और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के मकसद से हर कन्साइनमेंट में 20 ऐसे आइटम्स इंपोर्ट करने पर छूट रहेगी। इन इंपोर्ट्स को केवल इस आधार पर अनुमति दी जाएगी कि उनका इस्तेमाल इन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन प्रोडक्ट्स को बेचा नहीं जा सकेगा। मंत्रालय ने कहा कि एक बार मकसद पूरा हो जाने पर प्रोडक्ट्स को यूज से पहले नष्ट या फिर री-एक्सपोर्ट करना होगा। नोटिफिकेशन में ये भी कहा गया है, 'रेस्ट्रिक्टेड प्रोडक्ट के रिपेयर और रिटर्न के लिए किसी भी तरह के लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)